
त्योहारों पर कीमतों को नियंत्रित करने की कवायद, बफर स्टॉक से एक लाख टन प्याज बेचेगी केंद्र सरकार

# दैनिक सांध्य प्रकाश

भोपाल की धड़कन


शेयर बाजार में मजबूती, सेंसेक्स 385 अंक उछला, निफ्टी 19350 के करीब

वर्ष 53/ अंक 96/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10 | संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल | आर.एन.आई 22296/71 डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, सोमवार 6 नवम्बर 2023 भोपाल से प्रकाशित | dainiksandhyaprakash.in







सांध्यप्रकाश विशेष

## ज्योतिषीय गणना:- म.प्र. में भाजपा का पुन: राज्यारोहण


पंडित पी.एन. भट्ट

समय चक्र निरन्तर चलता ही रहता है। आज तक संसार में जितने भी महाबली, विद्वान, तांत्रिक और मंत्र शास्त्री हुए, उन सभी ने काल को बांधने की चेष्टा की। परन्तु अपने इस उद्देश्य में कोई भी व्यक्ति पूर्णतः सफल नहीं हो पाया। समय का चक्र निरन्तर गतिशील है और यदि सूक्ष्मता से देखें, तो प्रत्येक क्षण की अपने आप में एक अलग सत्ता है।





अदृश्य शक्ति कुछ और नहीं बल्कि प्रकृति या सृष्टि की शक्ति है। जीवन का प्रकाश स्तंभ ज्योतिषहै। जन्म कुण्डली में रहस्यों की एक पटकथा लिखी जाती है। जन्म कुण्डली का दसम भवन राज्य, सम्मान, कीर्ति, नेतृत्व, आत्मविश्वास, प्रतिष्ठा, उच्चपद प्राप्ति की पाण्डुलिपि लिखता है। उच्च ग्रहीय योगों के साथ राहु की कृपा दृष्टि ईश्वरीय कृपा का वरदान है। विद्वतजनों को ज्ञात होगा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जन्म कुण्डली में राज्य भवन में विराजे राहु ने उन्हें इतना यशस्वी बनाया कि विश्व में ही नहीं भारत की मुद्रा में उनका चित्र अंकित है।

अभिमान की लहरों में बैठी आपकी आस्था आपके पराभव का इतिहास भी लिख सकती है। काश! ग्रहों की भाषा बोली आप समझ सकते। कथानक कहीं गुम न हो जाए? अस्तु म.प्र. विधान सभा चुनाव 2023 के केनवास में ग्रहों की तूलिका से ज्योतिषीय शब्द चित्रों के माध्यम से चुनावी जय-पराजय का एक शिलालेख प्रस्तुत है, आपके समक्ष। मुख्य नायक या चुनावी समर के सेनापति होंगे मुख्य रूप से दो राज पुरूष श्री कमलानाथ एवं श्री शिवराज सिंह चौहान। जन्म कुण्डली तथा चुनावी रण स्थल से जुड़ी तीन तिथियोंकी प्रश्न कुण्डलियां (1) चुनाव आयोग द्वारा चुनावी घोषणा दिनांक 09.10.2023 समय 12:30, नई दिल्ली (2)मतदान तिथि दिनांक 17.11.2023 समय प्रातः 7 बजे, प्रदेश की राजधानी भोपाल (3) मतगणना की तिथि 03.12.2023 प्रातः 8 बजे से, प्रदेश की राजधानी भोपाल।

- शेष पेज 6 पर देखे


OUR PREDICTION CAME TRUE

WHISPERSINTHECORRIDORS.COM

WE BROKE THIS FIRST IN INDIAN MEDIA ON SUNDAY
V K Tiwari and Anandi Ramalingam are new IC in CIC

(WE SAID THIS ON NOV 5, 2023)
IFoS V K Tiwari is new IC in CIC

VWinod Kumar Tiwari has been appointed new Information Commissioner in the Central Information Commission. Former Additional Secretary Coal Tiwari is 1986 batch IFoS officer of Himachal Pradesh cadre.



Anandi Ramalingam is new IC in CIC

Anandi Ramalingam, former Chairman/Managing Director at Bharat Electronics Ltd has been appointed new Information Commissioner in Central Information Commission.




# मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने चुनावी जनसभा में किए बड़े ऐलान, कहा 'बहनों को बनाऊंगा लखपति'

**सीधी।** मध्य प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव के मध्य, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सीधी जिले की दो विधानसभा क्षेत्रों में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने जनसभा में एक बड़ा ऐलान किया और कहा कि उनका संकल्प है कि मध्य प्रदेश में हर बहन को लखपति बनाएंगे। उन्होंने विकास के लिए अपनी पूरी कड़ी मेहनत करने का आलंब दिया और उनकी अपील में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थकों से विजय प्राप्ति के लिए साथ मिलने की गुजारिश की।



मुख्यमंत्री चौहान ने सीधी जिले के कुक्षी और चुरहट विधानसभा क्षेत्रों के भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। इसके साथ ही, उन्होंने भाजपा के समर्थकों से विजय प्राप्ति के लिए एकजुट होने की अपील की।

मुख्यमंत्री चौहान ने जनसभा में उम्मीद से भरपूर जनसमूह को संबोधित किया और उन्हें भाजपा के समर्थन में उतरने का साथ देने का आग्रह किया। मध्य प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव महत्वपूर्ण हैं और पार्टियों के लिए यह महत्वपूर्ण मुद्दा है। चुनाव के दौरान, पार्टियां अपनी रणनीतियों को मजबूत करने के लिए सभी विधानसभा क्षेत्रों में जनसभाएं आयोजित कर रही हैं और अपने प्रत्याशियों की प्रतिष्ठा बढ़ाने का प्रयास कर रही हैं।

## कपड़ा फाड़ पार्टी हो गई कांग्रेस, जनता का क्या भला करेगी

सिंगरौली में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस नेत्री प्रियंका गांधी के उस बयान पर निशाना साधा है, जिसमें उन्होंने कहा था कि मध्यप्रदेश में 3 साल में केवल 21 लोगों को रोजगार मिला है।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने यहां मीडिया से चर्चा में कहा कि प्रियंका गांधी जब भी मध्यप्रदेश आती हैं, तो झूठ की दुकान खोल देती हैं। उन्होंने कहा कि 'पिछली बार आपने झूठ बोला। आपने कहा कि मध्यप्रदेश में 3 साल में केवल 21 लोगों को रोजगार मिला। आप इतना झूठ मत बोलिए। प्रदेश में 50 हजार नियुक्ति पत्र मैंने बांटे, प्रियंका जी मध्यप्रदेश को बदनाम कर रही हैं।

सीएम ने आगे कहा, 'प्रियंका जी आज आपको जवाब देना पड़ेगा। आपकी पार्टी के नेता कह रहे हैं कि गरीब के बच्चे भूखे मर जाएं, क्या कांग्रेस की यही सोच है? आपकी पार्टी कपड़ा फाड़ पार्टी हो गई है, ऐसे में ये जनता का क्या भला करेगी।'

सीएम शिवराज ने कहा कि आज प्रियंका जी फिर मध्यप्रदेश आ रही हैं, उनसे एक सवाल पूछना चाहता हूँ। इंडिया गठबंधन, जिसकी दिल्ली में दोस्ती और राज्यों में कुश्ती चल रही है। आज प्रियंका गांधी जवाब दें, यह कांग्रेस ऐसी दलदल क्यों बन गई, जिसमें इंडिया गठबंधन धंस गया।'

## मध्य प्रदेश हाई कोर्ट में सात नए न्यायाधीशों ने ग्रहण किया पदभार



**जबलपुर।** मध्य प्रदेश हाई कोर्ट में सोमवार को सात नए न्यायाधीशों को मुख्य न्यायाधीश रवि मलिमठ ने सीजे कोर्ट में शपथ ग्रहण कराई। इसके साथ ही सातों ने पदभार संभाल लिया। इनमें दो अधिवक्ता व पांच न्यायिक अधिकारी शामिल हैं।

नवागत न्यायमूर्ति विनय सराफ, विवेक जैन, राजेन्द्र कुमार वाणी, प्रमोद कुमार अग्रवाल, बिनोद कुमार द्विवेदी, देवनारायण मिश्रा और गजेंद्र सिंह के आने के साथ ही हाइकोर्ट में जजों की संख्या बढ़ गई है। अब तक जजों के कुल स्वीकृत 53 पदों में से 34 जज कार्यरत थे। सात नए जजों के आने से इनकी संख्या 41 हो गई। इसके बाद भी 12 पद खाली रहेंगे। पिछले दिनों दूसरे हाई कोर्ट से तीन जज ट्रांसफर होकर आए थे।

सोमवार को शपथ ग्रहण समारोह में महाधिवक्ता, स्टेट बार चेयरमैन, हाई कोर्ट व एडवोकेट्स बार अध्यक्ष, सीनियर एडवोकेट्स कौंसिल अध्यक्ष, डिप्टी सालिसिटर जनरल व मुख्य न्यायाधीश ने नए न्यायाधीशों का व्यक्तित्व-कृतित्व रेखांकित किया।

## कांग्रेस राज्यों में वायदा करती है, बाद में भूल जाती है: राजीव चंद्रशेखर

**भोपाल।** केंद्रीय राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस को लेकर जो टिप्पणी अखिलेश ने की, कांग्रेस फ्राड है, इस पर मैं कहना चाहता हूं कि कांग्रेस सभी राज्यों में वायदा करती है, फिर बाद में भूल जाती है। कर्नाटक इसका ताजा उदाहरण है। मैं भी वहीं से आया हूं, इसलिए वहां कांग्रेस द्वारा की गई धोखेबाजी की जानकारी दे रहा हूं।



कर्नाटक में गारंटी दी जिसमें युवाओं को रोजगार,भत्ता, सहित कई वायदे किए थे। गृह लक्ष्मी योजना में महिला को 2000 रुपए महीने महिलाओं को मिलेगा, यह भी फेल हो गई। चुनाव के समय वादा किया कि बिजली से राहत देने का काम करेंगे, किसानों को यह अब बिजली नहीं दे पा रहे। श्री शक्ति, महिलाओं को बसों में फ्री यात्रा, उसमें गरीबी की रेखा के नीचे वाली महिलाएं को मिलेगा।

आर्थिक व्यवस्था समाप्त कर अन्य योजनाओं पर क्रियान्वयन नहीं हो रहा है। कुल तीन महीनों में कई किसानों ने खुदकशी की है। जिले में कोई भी मंत्री जाने को तैयार नहीं। है। कर्नाटक एक परिवार का एटीएम बन गया है। कांग्रेस के मुख्यमंत्री ने दिखा दिया। इनकी एक गारंटी है सीधा लूटना, जनता को इनकी लूट वाली बातों से बचना है।

## दिल्ली में 13 से 20 नवंबर तक लागू होगा ऑड-ईवन

**नई दिल्ली।** दिल्ली एनसीआर में प्रदूषण से लोगों का बुरा हाल है।इसी बीच मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सचिवायल में उच्च स्तरीय बैठक की है। इस बैठक में मंत्री गोपाल राय भी मौजूद रहे। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने जानकारी देते हुए बताया कि दिल्ली ऑड ईवन लागू होगा। 13 से 20 नवंबर के बीच इसे लागू किया जाएगा। आज ही दिल्ली सचिवालय में हाई लेवल बैठक हुई थी।



## मुकेश अंबानी को धमकी भरे ईमेल भेजने वाले 2 आरोपी पकड़ाए

**मुंबई।** महाराष्ट्र की मुंबई पुलिस ने उद्योगपति और रिलायंस इंडस्ट्रीज के चैयरमेन मुकेश अंबानी को धमकी भरे ईमेल भेजने के आरोप में 2 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक आरोपी गणेश रमेश वनपारधी (19) को वारंगल तेलंगाना और शादाब खान (21) को गुजरात से गिरफ्तार किया गया हैं। दोनों आरोपियों पर आईपीसी की धारा 387 व 506 (2) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया हैं। 27 अक्टूबर से 1 नवम्बर के बीच मुकेश अंबानी को 5 ईमेल भेजकर पहले 20 करोड़ रुपए फिर 200 करोड़ रुपए फिरौती मांगी गई थी। फिरौती नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी गई थी।



## भगवान शिव के ज्योतिर्लिंग दर्शन को केदारनाथ पहुंचे राहुल गांधी, भव्य आरती में भी हुए शामिल



**नई दिल्ली/टिहरी।** पांच राज्यों में जारी विधानसभा चुनावों की गहमा गहमी के बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी सोमवार को केदारनाथ में विश्राम कर बाबा की पूजा-अर्चना की और आरती में शामिल हुए। शिवभक्त गांधी इससे पहले गौरीकुंड से केदार धाम की 14 किलोमीटर की पैदल यात्रा कर चुके हैं। वह कैलाश मानसरोवर जाकर भी भगवान शिव के दर्शन कर चुके हैं।

भगवान शिव के ज्योतिर्लिंग दर्शन के लिए उत्तराखंड के केदारनाथ धाम पहुंचे, जहां वह भव्य आरती में भी शामिल हुए।

कांग्रेस संचार विभाग के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने बताया कि गांधी दिन में हेलीकॉप्टर से केदारनाथ धाम पहुंचे और विधि विधान से बाबा केदारनाथ की पूजा-अर्चना कर ज्योतिर्लिंग के दर्शन किए। उन्होंने बताया कि रविवार शाम को गांधी बाबा की भव्य सांध्य आरती में शामिल हुए और आरती पूरी होने तक बाबा का ध्यान करते रहे। आरती पूरी होने के बाद वह मंदिर सेवा के कार्यों में भी शामिल हुए। वहीं बता दें कि भारत जोड़ो यात्रा के दौरान उन्होंने उज्जैन में महाकाल के दर्शन के साथ ही कई मंदिरों में दर्शन किए। केदार यात्रा को भी भारत जोड़ो यात्रा की आध्यात्मिक यात्रा माना जा रहा है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार गांधी मंगलवार को बाबा केदार के दर्शन के बाद वापस लौटेंगे।

# केन्द्रीय मंत्री तोमर के बेटे का रिश्वत के लेनदेन का वीडियो वायरल

## पूरे मामले की न्यायिक जांच हो, तोमर को मंत्रिपरिषद से बर्खास्त किया जाये: सुप्रिया सुनेत

**भोपाल।** भाजपा के केन्द्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर के बेटे देवेंद्र तोमर का वीडियो ज़बर्दस्त वायरल हो रहा है। इस वीडियो में वो करोड़ों रुपए की लेनदेन की बात करते प्रतीत हो रहे हैं। इस वीडियो में देवेंद्र लखनऊ के एक बिचौलिए के ज़रिए माइनिंग कारोबारियों से करोड़ों रुपये लेने के लिए मल्टीपल बैंक अकाउंट के बंदोबस्त की जाँच करते हुए सुने जा सकते हैं। कांग्रेस की सोशल मीडिया प्रमुख सुप्रिया सुनेत ने आज प्रेस कान्फ्रेंस में इस मामले को लेकर न्यायिक जांच और केंद्रीय मंत्री को पद से बर्खास्त करने की मांग की।



उन्होंने कहा कि एक बिचौलिया उनसे अलग अलग बैंक खातों के डिटेल भी माँगते हुए दिखाई दे रहा है। याद रहे कि नरेंद्र सिंह तोमर 2014 से 2019 के बीच केंद्रीय इस्पात और खनन मंत्री रह चुके हैं। वे मुरैना की दिमनी सीट से भाजपा प्रत्याशी हैं। वायरल वीडियो में त्यागी सरनेम वाले आरबीआई से रिटायर्ड कमिश्नर के माध्यम से किसी पार्टी के 100 करोड़ देने को तैयार होने की बात हो रही है। किसी हरप्रीत गिल और डीएचएल नाम की फर्म के संचालक से पैसे लेने की बात भी है। बिचौलिया देवेंद्र को कभी गुरुजी, कभी भैया कहकर संबोधित कर रहा है।

रोहित भैया नाम के किसी शख्स को पैसे भेजने की बात आती है। राजस्थान-पंजाब की एक पार्टी जिसे ट्रेडिंग फर्म और माइनिंग कारोबारी बताया गया है, उससे 39 करोड़ की डील हो रही है, जिसमें 18 करोड़ पहले आ जाने और बाद में 21 करोड़ और देने की बात हो रही है। बातों से ऐसा प्रतीत होता है कि यह पैसा मोहाली के कोई लैंड व्यापारी के माध्यम से आएगा।

इस वायरल वीडियो में बिचौलिया किसी पार्सल का भी ज़िक्र कर रहा है जिसको दिल्ली एयरपोर्ट पर देवेंद्र तोमर की पत्नी के नाम पहुँचाया गया। इसमें दिल्ली के कृष्णा मेनन मार्ग का पता और पासपोर्ट की जानकारी मांगे जाने की बात होती है। देवेंद्र कहते हैं कि पासपोर्ट की जानकारी भेज दी है, पते का प्रूफ कृष्णा मेनन मार्ग के बजाए उनके खुद के घर का है। ज्ञात रहे केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर दिल्ली में गृह मंत्री अमित शाह के ठीक सामने वाले बंगले 3, कृष्ण मेनन मार्ग में रहते हैं।

सुश्री सुनेत ने सवाल किया, आखिर यह कौन से पैसे हैं, किससे लेने हैं, क्यों लेने है, इन पैसों का क्या होगा? एक बात तो साफ़ है यह पैसा मध्यप्रदेश की जनता का है, यहाँ के किसानों का है, बेरोज़गार युवाओं का है, यहाँ की महिलाओं का वो हक़ है जिसे लूट कर तोमर और उनके परिवार वाले संभवतः अपनी तिजोरियाँ भर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पीएम को ईडी-ईडी खेलने का बड़ा शौक़ है, लेकिन यहाँ सैकड़ों करोड़ों रुपये की रिश्वत की बात होती दिख रही है यहाँ ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स को मानो साँप सूंघ गया हो। चुनाव के दौरान ऐसा वीडियो और भी बड़ी शंका पैदा करता है। यह काला धन कहाँ लगाया गया है। चुनाव आयोग को इस वीडियो का संज्ञान लेकर इसकी सत्यता स्थापित कर तुरंत कार्यवाही करनी चाहिए। आज सवाल यह है कि इस भ्रष्टाचार के तार कहाँ तक जुड़े हैं? एक अकेला लड़का मध्यप्रदेश में इतना बड़ा गोरखधंधा तो नहीं चला सकता। तो इसमें कहाँ तक प्रदेश के मुख्यमंत्री भी शामिल हैं? किस किस केंद्रीय मंत्री की साँठ गाँठ है? क्या प्रधानमंत्री, गृहमंत्री और वित्त मंत्री इतने बड़ी घूसख़ोरी से अनभिज्ञ हैं, क्या उनको इसकी जानकारी ही नहीं?

## उत्तर विधानसभा के निर्दलीय प्रत्याशी आमिर अकील ने किया जनसंपर्क



**भोपाल।** उत्तर विधानसभा के निर्दलीय प्रत्याशी आमिर अकीलद्वारा संजय नगर पहाड़िया पर जनसंपर्क किया गया। जनसंपर्क के दौरान माता बहने एवं बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया और उनसे वादा किया कि जैसे मुझे आप 28 साल से अपने बेटे की तरह माना है इस बार भी में आपकी पूरी सेवा करूंगा आपकी ही इच्छा थी कि मैं निर्दलीय चुनाव लड़ूं इसलिए मैं लड़ रहा हूं और मैं आपकी सेवा मरते दम तक करता रहूंगा और आपका बेटा हूं और बेटा ही रहूंगा उत्तर विधानसभा में मेरी लड़ाई भाजपा प्रत्याशी आलोक शर्मा से है जो की महापौर कार्यकाल में भी 5 साल में कोई उत्तर विधानसभा में विकास कार्य नहीं किया जनता को सब मालूम है कि उनके बुरे वक्त में कौन खड़ा होता है इसका फैसला जनता करेगी और मैं जनता से वादा करता हूं यदि मुझे जानता उत्तर विधानसभा से विधायक के रूप में देखती है तो मैं जनता की सेवा में हमेशा तत्पर खड़ा रहूंगा।

## रविंद्र साहू ने वार्ड 53 में लोगों से घर-घर जाकर लिया आशीर्वाद



**भोपाल।** गोविंदपुरा विधानसभा से कांग्रेस के प्रत्याशी रविंद्र साहू झूमरवाला ने रविवार को रोज की तरह सुबह भगवान शिव जी का आशीर्वाद लेकर वार्ड क्रमांक 53 से अपने जनसंपर्क की शुरुआत की। जगह-जगह पर रहवासियों ने उनका स्वागत किया और उनके पक्ष में वोट करने का भरोसा जताया है। जनसंपर्क के दौरान रविंद्र साहू ने मानसरोवर नगर में एक ठेले पर रुक कर पॉप कॉर्न भी बनाई। सुबह जनसंपर्क की शुरुआत झूमरवाले ने वार्ड 53 के चौहान मोहल्ला से की. झूमरवाले जिस गली से निकले वहां के घरों की छतों से रहवासी उन पर फूलों की बारिश की। बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक हर कोई अपने

# रेलमंत्री बोले, विकास के लिए डबल इंजन की सरकार ज़रूरी

### केन्द्रीय रेल मंत्री ने हुजूर विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

रविवार को भारत सरकार के केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भोपाल की हुजूर विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया। वे यहां भारत विकास परिषद द्वारा आयोजित बैठक को संबोधित करने आए थे। भारत विकास परिषद द्वारा यह बैठक संत हिरदाराम नगर में आयोजित की गई। जहां श्री वैष्णव ने स्थानीय नागरिकों से संवाद किया। संत नगर की बैठक के बाद रेलमंत्री ने हुजूर के फंदा क्षेत्र का भी दौरा किया जहां हरिहर नगर में उन्होंने हिंदू कुल गौरव महाराणा प्रताप जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इसके बाद उन्होंने फंदा में भाजपा के कार्यकर्ताओं के साथ चाय पर चर्चा भी की। इस दौरान अश्विनी वैष्णव सरल अंदाज में कार्यकर्ताओं से संवाद करते नजर आए। संत नगर में भारत विकास परिषद की बैठक को संबोधित करते हुए रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि - हुजूर विधानसभा विकास में अग्रणी विधानसभा है। यहाँ आधुनिक ढांचे पर विकास का मॉडल तैयार किया गया है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार और विधायक रामेश्वर शर्मा के प्रयासों से हुजूर के हर कोने में प्रगति और तरक्की साफ देखी जा सकती है। इस विकास और तरक्की के लिए डबल इंजन की सरकार जरूरी है। जब केन्द्र और राज्य दोनों में विकास प्रिय सरकारें होंगी तो नागरिक प्रगति के नये आयाम स्थापित किए जाएंगे।

**संत नगर में होगा वन्देभारत ट्रेन का स्टॉपेज़:** बैठक को संबोधित करते हुए रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि संत हिरदाराम नगर भोपाल ही नहीं अपितु मध्यप्रदेश का प्रमुख व्यवसायिक व व्यापारिक केन्द्रों में एक है। इसी महत्वता को ध्यान में रखकर यहां कार्गो हब बनाया जाएगा। संत नगर रेलवे स्टेशन को रानी कमलापति रेल्वे स्टेशन की तर्ज पर विकसित किया जा रहा है। संत नगर में ही वंदे भारत ट्रेन का स्टॉपेज़ भी दिया जाएगा। जिससे नागरिक सुविधा के साथ व्यवसायिक



गतिविधियों में भी बढ़ोत्तरी होगी। भोपाल दौरे के दौरान श्री वैष्णव ने फंदा क्षेत्र में भी भ्रमण किया। पहले उन्होंने हरिहर नगर में महाराणा प्रताप जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया बाद में उन्होंने फंदा में ही स्थानीय नागरिकों व भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ चाय पर चर्चा की। इस दौरान श्री वैष्णव सहज अंदाज में युवाओं से संवाद करते नजर आए। चर्चा के अंत में उन्होंने युवाओं के साथ सेल्फी भी ली। उनकी इस चर्चा का युवाओं पर भी खासा प्रभाव रहा। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र मेवाड़ा, जनपद अध्यक्ष प्रमोद राजपूत, सरपंच दिनेश पटेल, शिव मेवाड़ा, नर्मदा प्रसाद वर्मा, सत्यनारायण शर्मा, पप्पू महाकाल सहित अन्य उपस्थित रहे।

**संत नगर भाजपा चुनाव कार्यालय भी पहुंचे रेल मंत्री:** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव संत नगर के चंचल चौराहे स्थित भाजपा चुनाव कार्यालय भी पहुंचे यहां उन्होंने चुनाव कार्यालय में उपस्थित कार्यकर्ताओं से संवाद किया एवं कार्यकर्ताओं का उत्साह वर्धन किया। उन्होंने बूथ पर चल रहे काम की समीक्षा भी की एवं प्रत्येक बूथ पर भाजपा का कमल खिलाने का संकल्प कार्यकर्ताओं को दिलाया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष कमल विधानी, जिला उपाध्यक्ष राहुल राजपूत, पार्षद राजेश हिंगोरानी, चंदू भैया, रविन्द्र यति, सूरज यादव, रामु केवट, लविन मनसुखानी, उमेश नागर, ललित रायचंदानी, विशाल साधवानी, हेतराम बिदुआ सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**यह रहे उपस्थित:** शिक्षा विद विष्णु गेहानी, कन्हैया लाल इसरानी, कर्नल नारायण पारवानी, कमल प्रेमचंदनी, राजेश हिंगोरानी, दिनेश वाधवानी, राजकुमार सुखवानी, चंदू भैया, नंदलाल पंजवानी, रमेश जनयानी, वासुदेव वाधवानी,अमित बिनवानी, रमेश वाधवानी, बसंत चेलानी, प्रकाश आसुदानी, रमेश मोहलानी, राजा इसरानी, भारत होतवानी, मनोज जन यानी, इंदर आडवाणी, कैलाश आसुदानी, रमेश होतवानी, नरेंद्र लालवानी, नारायण दास लालवानी, नरेश केवल रामानी, आसान दास प्रियानी, आसान दास वाधवानी सहित बड़ी संख्या में शहर के व्यापारिक, सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधि एवं भाजपा नेता उपस्थित रहे।

# 60 से अधिक स्थानों पर रामेश्वर शर्मा का जनसंपर्क

**भोपाल।** हुजूर भाजपा प्रत्याशी रामेश्वर शर्मा का ताबड़तोड़ जनसंपर्क लगातार जारी है। वे रोजाना क्षेत्र के अनेकों स्थानों का दौरा कर सैकड़ों नागरिकों से मिलते हैं। रामेश्वर शर्मा के जनसंपर्क को जनता का भी भरपूर समर्थन मिल रहा है। स्थान स्थान पर जनता उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत करती नजर आती है। कई स्थानों पर तो सैकड़ों की भीड़ अपने नेता के स्वागत के लिए एकत्रित हो जाती है। जहां श्री शर्मा विनम्रता के साथ सबका आशीर्वाद लेते हुए आगे बढ़ जाते हैं। रविवार को भी रामेश्वर शर्मा का अनवरत जनसंपर्क चला। उन्होंने दिनभर में 60 से अधिक कॉलोनियों का दौरा कर नागरिकजनों से भेंट की। इस दौरान श्री शर्मा ने नागरिकजनों से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। रविवार को उन्होंने अनुसूचित जाति मोर्चा के कार्यकर्ता सम्मेलन को भी सम्बोधित किया।



जनसंपर्क के दौरान सम्बोधित करते हुए रामेश्वर शर्मा ने कहा कि - मैं प्रभु श्रीराम का सेवक हूँ, उनका नाम लेकर हर काम करता हूँ। उनके दिखाए मार्ग पर चलने की कोशिश करता हूँ। इसलिए जब हुजूर की जनता ने मुझे विधायक की जिम्मेदारी सौंपी तो मैंने विधायक के तौर पर नहीं हुजूर विधानसभा परिवार के बेटे के तौर पर काम किया। जब बेटे की भावना से काम किया तो परिवार की हर समस्या मेरी समस्या बन गई। इसलिए नागरिकों की आवश्यकताओं को समझने में मुझे ज्यादा आसानी हुई। मैंने अपने पूरे कार्यकाल में नागरिक आवश्यकता को ध्यान में रखकर योजनाएं बनाई जिनके सफल क्रियान्वयन से आज मेरे हुजूर परिवार का हर नागरिक मुझे दोनों हाथ खोलकर आशीर्वाद दे रहा है। ये आशीर्वाद पाकर में धन्य हूँ। हुजूर विधानसभा की जनता मेरी राम है और मैं इनके केवट बनकर सेवाकार्य में संलग्न हूँ।

**इन स्थानों पर हुआ जनसम्पर्क :** रविवार को भाजपा प्रत्याशी रामेश्वर शर्मा का आत्मीय जनसम्पर्क ग्रीन एकड़ कॉलोनी, पंचवटी, सनसिटी, सुविद विहार, आदित्य एवेन्यू, हिमांशु टावर, ग्लोबस ग्रीन कॉलोनी, निर्मल एन्क्लेव, बिट्ठल नगर लालघाटी, श्रीमाया हाइट्स आदि स्थानों पर हुआ।

हुजूर प्रत्याशी रामेश्वर शर्मा ने रविवार को क्षेत्र के 6 से अधिक स्थानों पर नागरिकों से भेंट की।

## बजरंग दल के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश ठाकुर ने राम मंदिर बनने पर दी बधाई



बजरंग दल के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश ठाकुर ने राम मंदिर बनने पर सभी प्रदेशवासियों को देशवासियों को बधाई दी उन्होंने बताया कि 22 जनवरी को राम मंदिर का भव्य निर्माण होगा जहां राम राज्य की स्थापना होगी सभी सनातन धर्म को मानने वाले को राम मंदिर बनने पर बहुत-बहुत शुभकामनाएं कमलेश ठाकुर ने कृष्ण कृष्ण जन्मभूमि को लेकर भी बोला कि जिस तरह से राम मंदिर का भवन निर्माण होगा इस तरह से कृष्ण जन्मभूमि का भी भव्य निर्माण होगा उन्होंने बताया कि समस्त बजरंग दल के लोगों में खुशी का माहौल है की राम राज्य की स्थापना होगी।

# मेरी हमेशा कोशिश रहती है की मैं सच्चे जनप्रतिनिधि के रूप में जनता के बीच में काम करता रहूं : विश्वास सारंग

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

पहले फेज में सभी 17 वार्डों में घर-घर जनसंपर्क के बाद भोपाल की नरेला विधानसभा से भाजपा उम्मीदवार विश्वास सारंग ने अपना जनसंपर्क 2.0 शुरु कर दिया है. दूसरे फेज में सारंग उन इलाकों में जनसंपर्क कर रहे है जो पहले फेज में छूट गए थे. रविवार को उन्होंने वार्ड क्रमांक 76 में जनसम्पर्क किया. इस दौरान उन्हें लोगों का जबरदस्त समर्थन मिला. रहवासियों ने उनके द्वारा क्षेत्र में किए विकास कार्यों के लिए धन्यवाद दिया. इस दौरान विश्वास सारंग ने कहा, जनता ने हमारे विकास को शिरोधार किया है. मैंने पूरी कोशिश की है कि मैं सच्चे जनप्रतिनिधि के रूप में जनता के बीच में काम करूं. लोगों की शिकायत रहती है की चुनाव के बाद 5 साल तक क्षेत्र में विधायक नजर नहीं आते, लेकिन मैं लोगों को दिन में 5-5 बार क्षेत्र में नजर आता हूं. सारंग ने कहा, हमने नरेला में विकास के रिकॉर्ड तोड़े है. हमने नरेला के घर-घर में नरेला का पानी पहुंचाया, सड़कों का जाल बिछाया, नाले-नालियों का चैनलाइजेशन किया, बड़े-बड़े सामुदायिक भवन, फ्लाईओवर, स्कूल-



कॉलेज, आईटी पार्क बनवाए. लेकिन मेरे लिए यह इतना महत्वपूर्ण नहीं है, मेरे लिए यह महत्वपूर्ण है की मैंने नरेला को एक परिवार बनाया. विश्वास सारंग यहां का नेता नहीं बेटा है. उन्होंने कहा, जनता से भाजपा को अपार समर्थन मिल रहा है. मध्यप्रदेश और नरेला में भाजपा को प्रचंड जीत मिलेगी.

सुबह जनसंपर्क की शुरुआत सारंग ने वार्ड 76 के रासलाखेड़ी स्थित दुर्गा मंदिर से की. सारंग जिस गली से निकले वहां के घरों की छतों से रहवासी उन पर फूलों की बारिश की। बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक हर कोई अपने घरों से निकल कर उनके स्वागत के लिए खड़े हो गए. महिलाओं ने उनकी आरती उतरती और तिलक लगाया. रहवासियों ने उनका जम कर ढ़ोल-ढामाकों के साथ स्वागत किया और क्षेत्र में हुए विकास कार्यों के लिए धन्यवाद दिया. इस दौरान उन्होंने सभी बुजुर्गों के पैर छू कर

### कृष्णा गौर नें इंद्रपुरी मंडल वार्ड 66 में किया जनमिलन

# क्षेत्र के विकास में किसी तरह की कमी नहीं रखी जाएगी: कृष्णा गौर

**भोपाल।** जिले के गोविंदपुरा विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी कृष्णा गौर ने रविवार को इंद्रपुरी मंडल, वार्ड 66 में जनमिलन किया। इस दौरान भाजपा प्रत्याशी का स्थानीय लोगों ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया यही नहीं अभिनंदन में भाजपा प्रत्याशी की पुष्प वर्षा और आतिशबाजी के साथ आगवानी की गई वहीं भाजपा प्रत्याशी ने स्थानीय लोगों को भरोसा दिलाया कि क्षेत्र के विकास में किसी तरह की कमी नहीं रखी जाएगी।

जनमिलन के दौरान भाजपा प्रत्याशी कृष्णा गौर नें जनता से संवाद करते हुए कहा कि भाजपा ने पिछले 18 सालों में दलितों,युवा और पिछड़ा वर्ग सहित सभी वर्गों के लिए काम किया। जब कांग्रेस सत्ता में थी तो प्रदेश का क्या हाल था और आज कितना अंतर आया है। प्रदेश में पहले 60 हजार किलोमीटर सड़के थी आज 5 लाख 10 हजार किलोमीटर सड़कें हो गई। पहले केवल 64 हजार पर्यटक प्रदेश घूमने आते थे आज ये आंकड़ा 9 करोड़ तक पहुंच गया है। पहले केवल प्रदेश में 150 आईटीआई थी अब बढ़कर 1 हजार हो गई। सारा परिवर्तन भाजपा की 18 सालों की सरकार में हुआ है। काँग्रेस के नेताओं का



अपने राजनीतिक जीवन मे घोटालों को करने से मन नहीं भरा है। भगवान न करें अगर फिर उनके हाथ में कमान आ गई तो रोज घोटालों का दौर फिर शुरू हो जाएगा,इसलिए मतदान सोच समझकर करना। रविवार को कृष्णा गौर नें जनमिलन कार्यक्रम के दौरान इंद्रपुरी मंडल, वार्ड 66 में जनता से संवाद कर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान वह इन्द्रपुरी, महादेव मंदिर इन्द्रपुरी के पीछे, जेके रोड चौराहा, डी. के टॉवर के सामने, पंचवटी पार्क इन्द्रपुरी ए सेक्टर, अप्सरा काम्प्लेक्स इन्द्रपुरी ए सेक्टर, शर्मा कम्प्यूटर ऐकेडमी अंजता के सामने, छत्रसाल नगर फेस 01, श्री राम कॉलोनी, रविदास कॉलोनी, भवानी परिसर, भवानी नगर भवानी परिसर के सामने, भारत नगर तिराहा, भारत नगर, छत्रसाल फेस 02, निरजा नगर का गेट, कर्मवीर नगर, सचिदानंदन नगर, राज सम्राट कॉलोनी दोराहा, बालाजी नगर कोने पर, नैनागिरी, दुर्गेश विहार, दुर्गेश बिहार पार्क, रिगल सिविक सेंटर,ओम नगर, एम.पी.एल चौराहा, आदर्श नगर अम्बेडकर मंदिर, गौतम नगर, वैभव डेरी ओल्ड मिनाल, येवले चाय आदि कई स्थानों पर पहुंचकर जनसंमर्क किया।

# मध्य से भाजपा प्रत्याशी ध्रुवनारायण सिंह ने शाहपुरा में किया जनसंपर्क

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी मध्य विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी श्री ध्रुवनारायण सिंह ने रविवार रात्रि भाजपा अरेरा मंडल के अध्यक्ष श्री मुकुल लोखंडे के नेतृत्व में वार्ड-48 के अंतर्गत शाहपुरा सेंट्रल बैंक तिराहे से जनसंपर्क चालू किया। जनसंपर्क में ध्रुवनारायण सिंह को शाहपुरा गाँव में जनसंपर्क में पहुँचने पर स्थानीय लोगो ने श्री सिंह का गर्मजोशी से जोरो शोरो से ढोलनगाड़ो से स्वागत किया। जनसंपर्क में श्री सिंह का जगह जगह फूल मालाओं से भव्य स्वागत सत्कार किया माताओं बहनों ने आरती उतारी बुजुर्गों ने स्वागत कर आशीर्वाद दिया। जनसंपर्क इस प्रकार रहा सेंट्रल बैंक चौराहे से प्रारंभ हुआ जो श्रीवास्तव जी के घर के सामने वाली गली,हरदौल बाबा ईमली वाली गली,अरविंद वर्मा के घर के पास,बंगाली




मोहल्ले वाली गली,हुकुल सिंह राजपूत की गली,सुमेर सिंह राजपूत की गली,शैतान सिंह के घर के अंदर वाली गली,बजरंग हनुमानजी मंदिर के पास वाली गली, आईसीआईसीआई बैंक मेन रोड से, मोहिनी अदिति काम्प्लेक्स वाली रोड,शालकु अहिरवार की गली,शिवा का घर विक्रम के घर वाली गली,शिवनारायण शर्मा जी की गली,बादाम की गली,अवतार सिंह की गली,जितेंद्र वर्मा की गली,यादव मोहल्ले में,खुशी क्लिनिक,पाल मोहल्ले से सीधे शैतान सिंह चौराहा,1100 क्वाटर से,अन्नू चौक,टंकी वाला ग्राउंड, असुना स्कूल,एनसीसी ग्राउंड,8 दुकान मार्केट,दुर्गा मंदिर ग्राउंड, एमसीसी ग्राउंड,संगीता चौहान के निवास, राहुल पचौरी के घर के पास समापन हुआ।

# रेल मंत्री को सिंधी सेन्ट्रल पंचायत ने सौंपा ज्ञापन

**संत हिरदाराम नगर।** रविवार को संत हिरदाराम नगर पहुंचे रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को सामाजिक संस्थाओं के लोगों ने स्वागत किया। इस अवसर पर संत हिरदाराम नगर की सामाजिक संस्था सिंधी सेन्ट्रल पंचायत ने केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से यहां से गुजरने वाली तीन महत्वपूर्ण ट्रेनों के स्टापेज की मांग करते हुए ज्ञापन प्रस्तुत किया है।



पंचायत अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश ईसरानी, महासचिव सुरेश जसवानी, सलाहकार एवं रेलवे उपयोगकर्ता सलाहकार समिति के राष्ट्रीय सदस्य नितेश लाल के एक हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन के जरिए रेल मंत्री से इंदौर से नागपुर तक चलने वाली वंदे भारत ट्रेन संख्या 20911/20912, जयपुर से नागपुर तक चलने वाली ट्रेन संख्या 20973/20974 के अलावा भगत की कोठी ट्रेन संख्या 20843 एवं 20844 का स्टापेज संत हिरदाराम नगर रखे जाने की मांग की है। सिंधी सेन्ट्रल पंचायत के इन पदाधिकारियों ने रेल मंत्री को सौंपे ज्ञापन में बताया कि संत हिरदाराम नगर भोपाल का महत्वपूर्ण व्यापारिक बाहुल्य इलाका है, जहां पर कपड़े एवं बर्तनों का थोक बाजार है और प्रदेश भर से यहां खरीदी के लिए फुटकर व्यापारी आते हैं साथ ही यहां के व्यापारियों को कारोबार एवं खरीदी के सिलसिले में अन्य शहरों की तरफ जाना होता है इसलिए उक्त ट्रेनों का स्टापे जनहित में आवश्यक है। इस मौके पर जहां रेल मंत्री ने संत हिरदाराम नगर स्टेशन पर किए जा रहे विकास कार्यो की जानकारी दी वहीं यह भी भरोसा दिलाया कि वे परीक्षण कर उक्त तीनों ट्रेनों के स्टापेज किए जाने पर गंभीरता से विचार करेंगे।

## सेवा भारती द्वारा संस्कार केंद्रों की शिक्षिकाओं और छात्र-छात्राओं को दिए उपहार

**संत हिरदाराम नगर।** दीपोत्सव पर्व के उपलक्ष में महानगर की सेवा बस्तियों में संचालित संस्कार केंद्रों की 350 शिक्षिकाओं, निरीक्षिकाओं एवं पूर्णकालिको और छात्र-छात्राओं को दीपावली के अवसर पर उपहार एवं मिठाई का वितरण सेवा भारती महानगर द्वारा किया गया। सेवा भारती महानगर के मीडिया प्रभारी भगवानदास ढालिया ने बताया की सेवा भारती द्वारा सेवा बस्तियों में संचालित संस्कार केंद्रो में सेवाएं देने वाली शिक्षिकाओं निरीक्षिकाओ पूर्णकालिक को सेवा बस्तियों के संस्कार केन्द्रो में शिक्षा एवं संस्कार ग्रहण करने वाले छात्र-छात्राओं को पटाखे, दीपक, मिष्ठान एवं उपहार का वितरण भी निरंतर किया जा रहा है विभिन्न आयोजनों में महानगर एवं मण्डल कार्यकारिणी से वीएस वाजपेई, अजीत माधवानी, भगवानदास ढालिया, राम रघुवंशी, मनोज सोनी, प्रद्युम्न सक्सेना, श्रीमती तारा विश्वकर्मा, अमित जैन तडैया, चेतन पटेल, मुकेश शर्मा,राजेश मैथिल, जगदीश बसंतानी, ताराचंद्र जैन, त्रिलोकी अग्रवाल, मुकेश शर्मा, विजय गुप्ता, मनोज शर्मा, प्रेम नारायण शर्मा, अशोक सांकले आदि मंडलों एवं महानगर मंडल कार्यकारिणी एवं महिला मंडल उपस्थित थे।



# भ्रष्टाचार और वादाखिलाफी का मॉडल है कमल नाथ : शिवराज सिंह

**मुख्यमंत्री ने बांधवगढ़, ब्यौहारी, धौहनी, चुरहट, सिंहावल, चितरंगी और सिंगरौली में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में की चुनावी सभाएं**

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को बांधवगढ़, ब्यौहारी, धौहनी, चुरहट, सिंहावल, चितरंगी और सिंगरौली में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में विशाल चुनावी सभाओं को संबोधित किया। साथ ही मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सिंगरौली में रोड शो भी किया। रोड शो के दौरान हर घर, हर गली, हर मोहल्ले और हर छत से सीएम शिवराज पर फूलों की बारिश कर भव्य स्वागत किया जा रहा था। जहां-जहां से मुख्यमंत्री का रोड शो गुजर रहा था, वहां-वहां लाड़ली बहनें अपने भैया को स्नेह और आशीर्वाद देने के लिए उत्साहित नज़र आ रही थी, किसी ने गले लगाया तो किसी ने तिलक लगाकर प्यार लुटाया। वहीं जनसभाओं को संबोधित करते हुए सीएम शिवराज ने कांग्रेस और कमलनाथ पर जमकर हमला बोला। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, कमलनाथ का मॉडल डिफेक्टिव मॉडल है अगर ये मॉडल मध्यप्रदेश में आ गया तो प्रदेश फिर से बीमारू बन जाएगा।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जनसभा को संबोधित करते हुए कमलनाथ मॉडल के बारे में जिक्र करते हुए कहा कि, कमलनाथ का मॉडल मतलब भ्रष्टाचार का मॉडल, कमलनाथ मॉडल मतलब वादाखिलाफी का मॉडल, कमलनाथ का मॉडल मतलब ट्रांसफर को उद्योग बनाने का मॉडल, कमलनाथ का मॉडल मतलब योजनाओं को बंद करने का मॉडल, कमलनाथ का मॉडल मतलब योजनाओं का पैसा खाने का मॉडल है। ये बड़ा ही डिफेक्टिव मॉडल है अगर यह मॉडल गलती से आया तो मध्यप्रदेश को बीमारू करने का काम करेगा। चौहान ने लाड़ली बहनों से कहा कि, बहनों सुन लेना अगर ये मॉडल आ गया तो पहले तो बैगा, भारिया, सहरिया बहनों का पैसा बंद किया था अब ये लाड़ली बहना का भी पैसा बंद कर देगा। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस के कुछ नेता खुलेआम मेरी स्व-सहायता समूह की बहनों को चूल्हा बंद करने और उनके बच्चों को भूखा मारने की धमकी दे रहें हैं। चौहान ने कहा कि दुश्मनी मुझ से है, मेरे बारे में कुछ भी कहों मैं बर्दाश्त कर लूंगा लेकिन मेरी बहनों और भांजे-भांजियों की तरफ किसी ने भी उंगली उठाने की कोशिश तो ऐसी गत होगी कि, ना जी सकोगे ना मर सकोगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेरी बहनों को धमकी दे रहे हो, ये मेरा परिवार है तुमने आज तक क्या किया है बहनों के लिए। कभी एक धेला नहीं दिया है।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मैं सामाजिक क्रान्ति के लिए काम कर रहा हूँ, मुझे जनता की जिन्दगी बदलना है, बच्चों का भविष्य बेहतर करना है। चाहे मेडिकल, इंजीनियरिंग की फीस हो चाहे किसी भी उच्च संस्थान में एडमिशन की फीस हो पूरी फीस माता-पिता नहीं बल्कि शिवराज मामा ही भरवायेगा, ये मेरी गारण्टी है। बच्चो का भविष्य बेहतर हो। किसी भी गरीब की जिन्दगी में ये दिन न आये कि वो कहे, काश मेरे पास पैसे होते तो मैं भी पढ जाता। मामा होने का मतलब है निशुल्क शिक्षा की गारण्टी। उन्होंने कहा कि, हर 25 गाँवों के बीच में एक सीएम राइज स्कूल बनाया जाएगा, जो प्राईवेट स्कूलों से भी बेहतर होगा। सीएम राइज स्कूलों में लाइब्रेरी, लैब, प्लेग्राउंड, स्मार्ट क्लास और बच्चों के लिए बस सेवा उपलब्ध कराई जाएगी। केवल अरबपति और करोड़पतियों के बच्चे ही अच्छे स्कूलों में नहीं पढ़ेंगे बल्कि गरीब, मध्यम वर्गीय, किसानों के बच्चें भी अच्छे स्कूलों में पढ़ेंगे। मैं बच्चों के सपनों का मरने नहीं दूंगा।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने चुनावी सभा में बहनों से संवाद करते हुए कहा कि, लाड़ली बहना योजना बहनों की जिंदगी बदलने का अभियान है। किसी भी बहन की आंख में आंसु नहीं आने देंगे। फिलहाल योजना के तहत बहनों के खातों में 1250 रूपए आ रहें है, लेकिन आने वाले समय में इस राशि को पहले 1750, फिर 2000 और इसी तरीके से बढाते हुए 3000 रूपए किया जाएगा। साथ ही चौहान ने कहा कि, इस बार 10 तारीख को धनतेरस है और इसलिए हमने फैसला किया है कि, 7 तारीख को ही बहनों के खातों में किश्त डाली जाएगी। जिससे दिवाली से पहले धनतेरस पर लाड़ली बहनें खूब खरीदारी कर सकें। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि लाड़ली बहनों को अगर 1250 रूपए हर महीने मिल रहें है तो किसान भाईयों को भी 1 हजार रूपए महीना मिल रहा है।

## भाजपा का षड्यंत्र फेल, जीतू पटवारी फिर उभरे, न्यायपालिका से 24 घंटे में मिला न्याय



**इंदौर।** भारतीय जनता पार्टी की कथनी और करनी दोनों में शुरू से ही अंतर रहा हैं, किसानों विरोधी नीतियों के चलते देश और प्रदेश दोनों में बड़े आंदोलन हुए हैं, प्रदेश में किसानों के हित की बात करने वाले पूर्व मंत्री जीतू पटवारी के खिलाफ पारिवारिक प्रताड़ना देने का षड्यंत्र भाजपा नें रचा है। षड़यंत्र के तहत किसान आंदोलन में अन्नदाता की आवाज उठाने वाले उनके भाई नाना पटवारी को जेल करवाई। जबकि असलियत यह है कि2600 प्रति कुंटल गेहूं का वचन देने वाली कांग्रेस और जीतू पटवारी ने भाजपा में किसानों के मुद्दों को लेकर सड़क से लेकर सदन तक त्राहि त्राहि मचा दी है और मुद्दों से भागती भाजपा और शिवराज सरकार षडयंत्रों का जाल बुनकर जीतू पटवारी के खिलाफ खड़ी है। लेकिन कहते हैं ना सांच को आंच नहीं वैसे ही जीतू पटवारी हर क़दम किसानों और प्रदेश की जनता के साथ खड़े रहतें हैं फिर चाहें युवाओं के मुद्दों पर आवाज़ उठानी हो, चाहें महिला सुरक्षा की लड़ाई लड़नी हो या फिर सरकार की दमनकारी नीतियों और भ्रष्टाचार को उजागर करना हो।

कांग्रेस नेता जीतू पटवारी के बढ़ते जनाधार और राजनैतिक कद को रोकनें के लिए भाजपा में प्रदेश ही नहीं दिल्ली तक के नेताओं में इस बात को लेकर कई बार देखा गया की इस युवा नेता को रोकनें बड़े स्तर पर षड़यंत्र किये पर सफल नहीं हुए, कारण भाजपा को किसानों के मुद्दे हो या युवाओं की समस्या हो विपक्ष में अगर कोई मुखर हुआ तो वह जीतू पटवारी ही रहा और जनता भी अपने मुद्दों को उठता देख ख़ूब समर्थन देती दिखीं, इसी कारण भाजपा नें जीतू को रोकने राजनैतिक जाल बनाना शुरू किये जों हर बार उजागर हुए और जीतू बिना दाग़ निखरते चलें गए। राऊ में जीतू और जीतू में राऊ की जों छवि प्रदेश से लेकर देश बड़ी उसे भाजपा के साथ साथ 2018 में विधानसभा चुनाव हारें भाजपा नेता मधु वर्मा नें राजनैतिक द्वेषता के चलते भाजपा सरकार में कई बार बिसात बिछाई पर वों हर बार बिगड़ती रहीं और मधु ख़ुद के बिछाये जाल में खुद उलझते चलें गए। प्रदेश में भाजपा सरकार के ख़िलाफ मंदसौर में हुए किसान आंदोलन पर जब भाजपा सरकार नें बर्बरता दिखाते हुए अपनी दमनकारी नीति के चलते छः किसान को नीति विरुद्ध गोलियों से शहीद करा दिया उस समय भी कांग्रेस नेता जीतू पटवारी नें इस मुद्दे का नेतृत्व करते हुए भाजपा सरकार को कटघरे में ला दिया था जिसकी टीस आज तक भाजपा नेताओं को ख़ूब चुभती हैं और इस कारण जीतू पटवारी भाजपा के टारगेट पर आते हैं पर जीतू हैं की मानते ही नहीं जहाँ भाजपा नें मौका दिया और उन्होंने वहाँ मुद्दा बना दिया फिर भाजपा और जीतू आमने सामने सड़क हो या सदन हो जीतू पटवारी आक्रमक बन जाते हैं और भाजपा घिर जाती हैं।

## 61.74 बल्क लीटर शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**भोपाल ।** राजधानी में नरेला विधानसभा के लिए उड़नदस्ता टीम में वर्षा उईके द्वारा सिद्धार्थ सिंह पिता भृगनाथ सिंह, उम्र 23 वर्ष, निवासी-झुग्गी नंबर 898 भीम नगर भोपाल के एक्टिवा वाहन से 343 पाव गोवा व्हिस्की के कुल 61.74 बल्क लीटर जप्त कर धारा 34(2) का प्रकरण दर्ज कर कब्ज़े आबकारी लिया गया है। आरोपी का अपराध गैर जमानतीय होने से न्यायिक हिरासत में लेकर प्रकरण की विवेचना की जा रही है।

## नए और पुराने भोपाल में आरिफ मसूद का जनसंपर्क जारी



**भोपाल।** भोपाल मध्य से कांग्रेस प्रत्याशी आरिफ मसूद का जनसंपर्क अभियान रविवार को भी जारी रहा। जहां दिन में उन्होंने नए शहर के पांच वार्डों का भ्रमण किया तो वहीं शाम को पुराने शहर स्तिथ क्षेत्र का। जनसंपर्क अभियान में श्री मसूद ने कहा कि उन्होंने विकास के मामले में नए और पुराने भोपाल का अंतर मिटाने का पूरा प्रयास किया। हमारी सरकार बनते ही विकास की धारा और तेज़ी से बहने लगेगी।

रविवार को दोपहर का भोजन मसूद ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ मनीषा मार्केट के पास एक पार्क में किया। इस क्षेत्र के मतदाता उनके लिए अपने घर से खाना पकवा कर लाए थे। मसूद नये भोपाल के विकासकुंज, बाबा नगर, सी सेक्टर शाहपुरा, मनीषा मार्केट, 11 सौ क्वाटर, कैम्पीयन स्कूल, अरेरा कालोनी क्षेत्र के परिवारों से मिले। जनसंपर्क अभियान का समापन गांधी प्रतिमा पर पुष्पांजलि के साथ हुआ। इसके अलावा वार्ड नंबर 51, 45 और 22 में जनसंपर्क ताज टेंट हाउस से धोबी वाली गली, टोल वाली मस्जिद, छोटू लाल गली, आलोक प्रेस, जैन मिठाई, आकाश रेडियो तर्जुमा वाली मस्जिद, मालिक डेरी, तलैया, गिन्नोरी, कप्तान साहब की बगिया, हाथी खाना क्षेत्र में भी जनसंपर्क किया। जनसंपर्क के दौरान जगह-जगह मसूद का स्वागत किया गया। इस अवसर पर बुजुर्गों ने आशीर्वाद देते हुए कहा कि आरिफ मसूद के विधायक कार्यकाल में सराहनीय विकास कार्य किए हैं। विधायक श्री आरिफ मसूद ने इस दौरान कहा जिस प्रकार से से आम जनता का भारी समर्थन मुझे मिल रहा हे उस के लिए में जनता का आभारी हूं।

## केंद्रीय उद्योग मंत्री पीयूष गोयल उज्जैन और इंदौर में व्यापारिक संगठनों की संगोष्ठी में शामिल हुए

**उज्जैन/इंदौर।** कांग्रेस के समय मध्यप्रदेश एक बीमारू राज्य की गिनती में आता था, 2003 के बाद यहां भाजपा सरकार बनी तब से लेकर आज मध्यप्रदेश विकास के सारे पैमानों को पूरा करते हुए विकसित राज्य बन गया है। प्रदेश का विकास तभी होता है जब केंद्र व राज्य दोनों ही स्थान पर एक ही पार्टी की सरकार होती है। आपके क्षेत्र में नए हाईवे, नए उद्योग आ रहे हैं, वंदे भारत ट्रेन आपके शहर तक पहुंच रही है। यह सब कार्य डबल इंजन की सरकार होने के कारण हुआ है। जनता के विश्वास और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन से मध्यप्रदेश में एक बार फिर जनता को समर्पित सरकार का गठन हो इसके लिए आप लोगों का समर्थन जरूरी है। यह बात केंद्रीय उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को उज्जैन और इंदौर में आयोजित व्यापारिक संगठनों की संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए कही। गोयल के साथ भाजपा व्यापारिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक श्री शरद जैन और स्थानीय जनप्रतिनिधि मंचासीन थे।




केन्द्रीय मंत्री गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जी-20 का आयोजन कर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की साख को बढ़ाने का काम किया है। आने वाले 30-35 वर्षों तक भारत तेज गति से प्रगति करेगा। उन्होंने कहा कि श्री मोदी जी के नेतृत्व में वैश्विक स्तर पर भारत की शक्ति बढ़ी है, जिसके कारण विश्व के अनेक देश भारत से जुड़ने के लिए कतार में खड़े हैं और भारत के साथ काम करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि यह प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की सफल नीतियों का ही परिणाम हैं, की आज हम विश्व की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुके हैं। आने वाले समय में भारत तीसरे स्थान पर होगा। उन्होंने कहा कि इस औद्योगिक-आर्थिक प्रगति का लाभ प्रदेश को भी मिले इसके लिए मध्यप्रदेश में बहुमत के साथ आप भाजपा की सरकार बनाकर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के हाथ मजबूत करें।

*श्री महाकाल लोक से उज्जैन शहर की अर्थव्यवस्था में आया बड़ा बदलाव*

श्री पीयूष गोयल ने कहा कि उज्जैन में विक्रम उद्योगपूरी जैसे व्यापारिक क्षेत्र आगे बढ़ रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी जी जो कहते हैं वह पूरा करते हैं। विक्रम उद्योगपूरी एक स्मार्ट सिटी के रूप में एक बड़ा व्यापार का केंद्र बन रहा है। यह मध्यप्रदेश की पहली प्लान सिटी के रूप में उभर रही है। उज्जैन में नई गारमेंट फैक्ट्री भी लगाई गई है। रेलवे स्टेशन का कायाकल्प हो रहा है। उन्होंने उज्जैन के बदलते स्वरूप के बारे में कहा कि उज्जैन देश की संपत्ति, समृद्धि व ज्ञान विज्ञान का केंद्र है। यहां की सभ्यता हमें वर्षों से प्रेरणा देती रही है। यह साहित्य का केंद्र है। हजारों वर्षों से यह स्थान पूरे देश में ऊर्जा व उत्साह भरता रहा है। उन्होंने कहा कि श्री महाकाल लोक के उद्घाटन के बाद आज यहां पर 1 लाख पर्यटक रोज आ रहे हैं, जिसकी संख्या कभी 35 हजार हुआ करती थी। श्री गोयल ने कहा कि किसी एक निर्माण कार्य से किसी एक छोटे शहर की अर्थव्यवस्था में इतना बड़ा बदलाव पहले नहीं देखा गया है। श्री महाकाल लोक से उज्जैन शहर की अर्थव्यवस्था में बड़ा बदलाव आया है।

## रोटरी क्लब्स द्वारा मतदान जागरुकता कार रैली



**भोपाल।** रविवार को रोटरी क्लब्स द्वारा मतदान जागरुकता रैली का आयोजन किया गया। कार रैली का आरम्भ भोपाल कलेक्टर आशीष सिंह द्वारा प्रातः 11.00 बजे एकांत पार्क से किया। इस कार रैली में भोपाल के रोटरी क्लब अपने-अपने वाहनों के माध्यम से सम्मिलित हुवे। रैली के दौरान मतदान जागरूकता से सम्बंधित जानकारी उपलब्ध कारवाई गई। रैली एकांत पार्क से प्रारम्भ हो कर माता मंदिर, न्यू मार्केट, लाल परेड सुल्तानिया अस्पताल, सदर मंजिल, हमीदिया अस्पताल, कोहेफिजा, लालघाटी, बैरागढ़ होते हुए, सिहोर नाके पर समाप्त हुई।

### सर्वाधिक मतदान कराने बीएलओ और सेक्टर अधिकारी होंगे पुरस्कृत

**भोपाल ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह ने विधानसभा निर्वाचन-2023 मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत विगत विधानसभा निर्वाचन की तुलना में सर्वाधिक मतदान प्रतिशत वृद्धि प्राप्त करने वाले बी.एल.ओ. तथा सेक्टर ऑफिसर को प्रोत्साहित करने के लिए योजना लागू की है। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह ने बताया कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में सर्वाधिक मतदान प्रतिशत वृद्धि प्राप्त करने वाले 5 बी.एल.ओ. को प्रति बी.एल.ओ. राशि रूपये 25 हजार रुपये तथा प्रशंसा-पत्र प्रदान किया जाएगा, किन्तु इसके साथ ही यह पुरस्कार प्राप्त करने के लिये यह अनिवार्य होगा कि उस बी.एल.ओ. द्वारा अपने मतदान केन्द्र के न्यूनतम 90 प्रतिशत मतदाताओं को मतदाता पर्ची वितरित की दी गई हो।

## आयुर्वेद जन जागरण के लिए एम्स में बाइकर्स रैली का आयोजन

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



एम्स के आयुष विभाग ने क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, ग्वालियर के सहयोग से आठवें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस पर घर-घर तक आयुर्वेद जन जागरण करने के उद्देश्य से आज एक राइडर्स रैली का आयोजन किया।भोपाल बाइक राइडर्सग्रुप ने बड़ी संख्या में एम्स भोपाल पहुँच कर बड़े तालाब तक रैली के माध्यम से भोपाल की जनता को आयुर्वेद के प्रति जागरूक किया । एम्स, भोपाल के कार्यपालक निदेशक प्रो. (डॉ.) अजय सिंह ने राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस पर रैली आयोजन के लिए आयुष विभाग को बधाई दी।मुख्य अतिथि, एम्स भोपाल की कार्यवाहक निदेशक प्रो. (डॉ.)अरनीत अरोरा ने प्रातः 8 बजे रैली को हरी झंडी दिखाकर एम्स स्थित धन्वंतरि भवन से रवाना किया।उन्होंने लोगों के आयुर्वेद की ओर बढ़ते हुए रुझान को चिन्हित करते हुए आयुष मंत्रालय की भूमिका की सराहना की । उन्होंने अपने बाइक राइडिंग के प्रति लगाव और अनुभवों को भी साझा किया । भोपाल बाइक राइडर्स ग्रुप के विपुल यादव के नेतृत्व में राइडर्स ग्रुप ने पंक्तिबद्ध रूप में एम्स से लेकर बोट क्लब तक आयुर्वेद जागरूकता रैली निकाली।

इस अवसर पर मध्य प्रदेश आयुष विभाग के संयुक्त निदेशक, डॉ पी सी शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे । उन्होंने बोट क्लब के पास रैली के एंड पॉइंट पर राइडर्स ग्रुप का स्वागत किया। कार्यक्रम के आयोजन में क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, ग्वालियर के सहायक निदेशक डॉ ए के मीना, अनुसंधान अधिकारी, डॉ अनिल मंगल, एम्स के वरिष्ठ आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ दानिश जावेद, आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ रंजना पांडे, यूनानी चिकित्सा अधिकारी डॉ तारिक बरकती ने सहयोग किया ।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल होकर दिया जीत का मंत्र

**छतरपुर।** भारतीय जनता पार्टी में केवल प्रत्याशी चुनाव नहीं लड़ता बल्कि उसके साथ बूथ का प्रत्येक कार्यकर्ता चुनाव लड़ता है। कार्यकर्ताओं के इसी समर्पण का परिणाम है कि ये संगठन विश्व का सबसे बड़ा कार्यकर्ताओं का संगठन कहा जाता है। भाजपा में प्रत्येक बूथ को मजबूत बनाकर हमारे कार्यकर्ताओं ने बूथ और पन्ना समिति को सशक्त तथा डिजिटल बनाने का काम किया है। चुनाव में कार्यकर्ताओं का उत्साह यह बता रहा है कि इस विधानसभा चुनाव में प्रत्येक बूथ पर भाजपा प्रचण्ड बहुमत से विजयी होकर जीत का नया इतिहास रचेगी। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष, सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा ने रविवार को छतरपुर जिले की राजनगर विधानसभा में कार्यकर्ता सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कही। प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने छतरपुर जिले की चंदला और पन्ना विधानसभा के लवकुश वाटिका में कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया। प्रदेश अध्यक्ष ने पन्ना के गोविन्द धाम मंडल बैठक और शाम को पवई विधानसभा में कार्यकर्ता सम्मेलन में भी भाग लिया। कार्यकर्ता सम्मेलन के पूर्व प्रातः प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने खजुराहो के वार्ड क्रमांक 10 स्थित बूथ अध्यक्ष श्री जगनंदन तिवारी के घर पहुंचकर भाजपा का झंडा लगाकर मेरा परिवार भाजपा परिवार अभियान का शुभारम्भ किया।



प्रदेश अध्यक्ष श्री विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने गरीब कल्याण अन्न योजना को अगले 5 वर्षों तक आगे बढ़ाने का निर्णय लिया है। प्रधानमंत्री जी के इस अभिनव निर्णय से देशभर के 80 करोड़ नागरिकजन लाभान्वित होंगे। भाजपा की डबल इंजन सरकार की जनहितैषी योजनाओं से प्रत्येक बूथ पर आमजनों को लाभान्वित करने के लिए भाजपा के बूथ कार्यकर्ता कटिबद्ध है। भाजपा सरकार की जनहितैषी योजनाएँ ही हमारी असली ताकत है। चंदला में विधानसभा के त्रिदेव एवं पंच परमेश्वर सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में सशक्त नेतृत्व का परिणाम है कि हमारा भारत न सिर्फ विकास पथ पर तेज गति से आगे बढ़ रहा है बल्कि देश की पुरातन संस्कृति और हमारे सनातन धर्म का भी अभ्युदय हो रहा है। हम सभी के लिए सौभाग्य की बात है कि 22 जनवरी 2024 को हमारे आराध्य रामलला अपने भव्य मंदिर में विराजमान होंगे। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में सैंकड़ों वर्षों से रामभक्तों की राममंदिर बनाने की प्रतीक्षा को समाप्त करते हुए भव्य श्री राम मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया है। श्री शर्मा ने कार्यकर्ताओं से आह्वान करते हुए कहा कि प्रत्येक बूथ पर हर घर पहुँचकर भाजपा सरकार की जनहितैषी योजनाओं और नीतियों की जानकारी दें। पूर्ण विश्वास है कि आपके परिश्रम से भाजपा प्रचण्ड बहुमत से विजय होगी।

स म्पा द की य

# मुफ्त राशन योजना

मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए शनिवार को किया गया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह ऐलान महत्वपूर्ण है कि गरीबों को मुफ्त राशन देने वाली पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना अगले पांच साल तक जारी रहेगी। हालांकि देखा जाए तो चुनाव आचार संहिता के दौरान कम से कम ये घोषणा नहीं होनी थी। भले ही ये देशव्यापी है, लेकिन कहीं न कहीं सीधे मतदाता को प्रभावित तो करती ही है। एक नहीं, पांच राज्यों में चुनाव हो रहे हैं, इसलिए ऐसी घोषणाओं को आचार संहिता के दायरे में माना जाना चाहिए।

हालांकि खुद प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में भी याद दिलाया कि यह योजना कोविड-19 महामारी से उपजे चुनौतीपूर्ण हालात के मद्देनजर शुरू की गई थी। उस वक्त सख्त लॉकडाउन के कारण न केवल बड़ी संख्या में लोगों की आजीविका छिन गई थी बल्कि उनके लिए नया काम ढूंढने या शुरू करने लायक हालात भी नहीं थे। ऐसे में यह संकट खड़ा हो गया था कि करोड़ों लोगों के घर में सुबह शाम चूल्हा कैसे जलेगा और वे अपने परिवार के लिए खाने का बंदोबस्त कैसे करेंगे। जाहिर है, उस स्थिति में दूरगामी नतीजों की चिंता किए बगैर नागरिकों को जीवन रक्षा के साधन मुहैया कराना सरकार के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता हो गई थी।

तमाम राजनीतिक दल ही नहीं, इकॉनमिक एक्सपर्ट्स भी तब उस तरह की नीति की वकालत कर रहे थे। हालांकि सीमित रूप में जरूरतमंदों को आसानी से भोजन उपलब्ध कराने की सरकारी योजनाएं पहले भी चल रही थीं कि लेकिन इस योजना की बदौलत लोगों को मिलने वाला राशन दोगुना हो गया था। ये बात और है कि लाखों ऐसे लोग इस योजना से वंचित भी रह गए, जिन्हें वास्तव में इसकी जरूरत थी और है। मध्यम वर्ग तो हमेशा ही वंचितों की श्रेणी में आ जाता है, जो सबसे ज्यादा प्रभावित होता है।

इस मायने में योजना को पूरी तरह सफल भी कहा जा सकता है कि कोरोना महामारी की पहली, दूसरी और तीसरी लहरों के बीच भी देश के किसी हिस्से में भुखमरी के हालात बनने की खबरें नहीं आईं। बाद में जैसे-जैसे स्थितियां सुधरीं और कामकाज सामान्य रूप लेने लगा, इस योजना को जारी रखने की जरूरत पर भी सवाल उठने लगे। कहा जाने लगा कि लोगों को मुफ्त अनाज सप्लाई करने के बदले सरकार का जोर अब उन्हें रोजगार के अच्छे मौके उपलब्ध कराने पर होना चाहिए। परंतु 2023 की एक जनवरी से इसे फिर एक साल के लिए बढ़ा दिया गया। उस फैसले के मुताबिक इस साल दिसंबर में यह योजना अपने आप समाप्त हो जाने वाली थी।

अब प्रधानमंत्री की ताजा घोषणा से तय हो गया कि गरीबों को मुफ्त राशन देने की यह योजना हाल फिलहाल समाप्त होने वाली नहीं है। और ये भी हो सकता है कि पांच राज्यों के चुनावों और आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए ये ऐलान किया गया हो। परंतु यह ध्यान रखना होगा, सरकार के ही अनुसार इस एक साल के दौरान इस योजना के कारण उसका फूड सब्सिडी खर्च दो लाख करोड़ रुपये से ज्यादा हो रहा है। और, प्रधानमंत्री यह योजना एक साल के लिए नहीं बल्कि पांच साल के लिए बढ़ाने की घोषणा कर रहे हैं।

सवाल उठता है कि जब कोविड-19 महामारी समाप्त हो चुकी है, अर्थव्यवस्था उस चुनौती से उबर चुकी है और देश विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ने लगा है। केवल आगे ही नहीं बढ़ रहा है, हम ट्रिलियन इकानामी की बात कर रहे हैं। इसके बाद भी देश की करीब 60 प्रतिशत आबादी को अगर मुफ्त भोजन देने की जरूरत पड़ रही है तो क्या इसे सरकारी नीतियों की सही दिशा का संकेत माना जा सकता है? क्या ये हमारी योजनाओं की नाकामियों की ओर इशारा नहीं करतीं? हमारा मैदानी अमला आखिर क्या कर रहा है? यदि हम राशन देकर भी लोगों की भूख नहीं मिटा सकते, तो यह हमारी नाकामी ही कही जाएगी। फिर भी ऐसी घोषणाओं के पहले एक बार गंभीरता से विचार करना चाहिए। हम लोगों को पहले रोजगार दें, इसके बाद फ्री की योजनाएं धीरे-धीरे खत्म करें। सरकारी खजाने पर लगातार बढ़ता बोझ किसी के लिए भी उचित नहीं, देश की सेहत के लिए भी।




# ओपिनियन पोल और भाजपा का चुनाव चिंतन

सुरेश तिवारी



अगले विधानसभा चुनाव में मध्य प्रदेश में किसकी सरकार बनेगी, इसे लेकर कई तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। लेकिन, इसका इशारा कुछ ओपिनियन पोल से भी मिल रहा है। सामने आए ओपिनियन पोल भी इस बात की तरफ इशारा कर रहे हैं कि माहौल किस तरफ है। फ़िलहाल दो ओपिनियन पोल का जिक्र जिनसे कांग्रेस के सत्ता में आने का संकेत मिल रहे है।

एबीपी न्यूज़-सी वाटर और ज़ी न्यूज़ के सर्वे संकेत दे रहे हैं कि मध्य प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने की संभावना ज्यादा है। जी-न्यूज और एबीपी-सी वोटर के सर्वे के बाद निश्चित रूप से भाजपा ने चिंतन शुरू कर दिया होगा। संभवत: इस स्थिति से मुकाबले के लिए ही प्रदेश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री की प्रदेश में सभाएं बढ़ी हैं। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और यूपी के मुख्यमंत्री योगी योगी आदित्यनाथ के दौरे बढ़ाए जा रहे हैं। चुनाव के शेष बचे 10 दिनों को लेकर बीजेपी अब नई रणनीति बनाने पर भी विचार कर रही है।

**कांग्रेस सत्ता में आए या नहीं आए, जयवर्धन का पलड़ा रहेगा भारी !**

प्रदेश में यदि कांग्रेस की सरकार बनी तो घोषणा के मुताबिक कमलनाथ का मुख्यमंत्री बनना तय है। कांग्रेस के पास उनके अलावा कोई प्रभावशाली नाम भी नहीं है। उन्हें मुख्यमंत्री बनाए जाने का कारण यह भी है कि पिछली बार भी वे हारे नहीं थे, बल्कि उनकी सरकार को राजनीतिक धोखे से खंडित किया गया था। लेकिन, कयासों के मुताबिक, दिग्विजय सिंह के बेटे जयवर्धन सिंह के सरकार में नंबर-2 बनने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता।



क्योंकि, चुनाव में जिस तरह दिग्विजय सिंह की भूमिका है और उम्मीदवारों के चयन में उनका दखल हुआ, उसे देखते हुए कहा जा सकता है कि जयवर्धन आने वाले समय में प्रभावशाली भूमिका में आने वाले हैं। इस बार चुनाव मैदान में दो दर्जन से ज्यादा कांग्रेस के दिग्गज उतरे हैं। इनमें से ज्यादातर वे यंग नेता हैं, जो कमलनाथ की 15 महीने की सरकार में मंत्री रहे।

अगर कांग्रेस सत्ता में नहीं भी आती है तब भी कांग्रेस में जयवर्धन मुख्य भूमिका में होंगे। अभी यह कहना जल्दबाजी होगी पर प्रदेश कांग्रेस में जयवर्धन सिंह का सितारा बुलंदी पर कहा तक जा सकता है। ज्योतिरादित्य सिंधिया के पलायन के बाद अब उनके रास्ते में कोई बड़ी अड़चन भी नजर नहीं आ रही। इस बार का चुनाव कांग्रेस के कई नेताओं के लिए आखिरी चुनाव कहा जा सकता है उसके बाद जिन भविष्य के नेताओं की उम्मीद की जा रही है उनमें सबसे आगे नाम जिसका है वे जयवर्धन सिंह ही है। वे पीसीसी के अध्यक्ष भी बनाएं जा सकते है?

**चुनाव के संभावित नतीजे और ब्यूरोक्रेसी!**

मध्य प्रदेश के प्रशासनिक गलियारों, विशेष कर वल्लभ भवन में इन दोनों एक ही चर्चा है की अगली सरकार किसकी बनेगी? अधिकारी समूह में बैठकर तरह-तरह के गणित और कयास लगा रहे हैं। देश के दो बड़े मीडिया चैनल में ओपिनियन पोल में कांग्रेस की सरकार बनने के संकेत दिखाई देने के बाद भाजपा की तरफ झुकाव वाले कई अफसरों ने अपने आप में बदलाव लाना शुरू कर दिया है। इसके अलावा वे अपने पुराने कांग्रेसी संपर्कों को भी तलाशने लगे हैं और उन्हें जीवंत करने की कोशिश में हैं, ताकि सरकार बदले तो इसका असर उनकी स्थिति पर न पड़े।

इसके बावजूद कुछ अफसर लम्बे समय से कांग्रेस की आंखों में किरकिरी बने हुए है, जो खुलकर भाजपा के समर्थन में बात करते रहे हैं। नई हवा को देखते हुए वे सबसे ज्यादा संकट में है कि अपनी पहचान को कैसे बदल पाएंगे। इन दिनों ब्यूरोक्रेसी में सबसे ज्यादा बातचीत इसी को लेकर चल रही है कि 3 दिसंबर को क्या होगा! निश्चित रूप से कुछ के लिए ख़राब तो कुछ के लिए अच्छा भी होगा।

**पूर्व आईपीएस पवन जैन भी निराश हुए!**

इस बार संभावना थी कि मध्यप्रदेश में दोनों प्रमुख राजनीतिक पार्टियां कुछ ब्यूरोक्रेट्स को टिकट देकर चुनाव लड़ाएंगी। इस उम्मीद में कुछ रिटायर आईएएस और आईपीएस ने इन पार्टियों की सदस्यता भी ले ली थी और कुछ ने वीआरएस तक ले लिया था। पर, सभी को निराश होना पड़ा। न तो भाजपा ने किसी को टिकट दिया न कांग्रेस ने। इन सब के बावजूद मध्य प्रदेश में डीजीपी रैंक से रिटायर हुए अधिकारी पवन जैन को पूरी उम्मीद थी कि वह राजस्थान में राजाखेड़ा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा से टिकट प्राप्त कर लेंगे। उन्होंने इसके लिए पिछले कई महीनो से बड़े तैयारी कर रखी थी लेकिन जब सूची आई उनका नाम नदारद था।



भारतीय पुलिस सेवा के 1987 बैच के अधिकारी पवन जैन को पूरी उम्मीद थी कि भाजपा उन्हें मौका देगी, पर ऐसा नहीं हुआ। पवन जैन अपनी कविताओं को लेकर भी अलग पहचान रखते हैं। वे देश के उन चुनिंदा कवियों में है, जो गणतंत्र दिवस पर लाल किले की प्राचीर से 14 बार कविता पाठ कर चुके हैं।

राजस्थान के धौलपुर जिले की जिस राजाखेड़ा सीट से उन्हें भाजपा का टिकट मिलने की उम्मीद का बड़ा कारण यह था कि पिछले 67 साल से यहां भाजपा नहीं जीती। इस सीट पर एक ही परिवार का बरसों से कब्जा है। पवन जैन राजाखेड़ा के ही रहने वाले हैं। उन्होंने पुलिस सेवा मध्यप्रदेश में की, पर वे लंबे समय से इस इलाके की सामाजिक गतिविधियों से जुड़े रहे। लेकिन, जिस मकसद से उन्होंने मेहनत की उसका उन्हें प्रतिफल नहीं मिला। ऐसे में आप यहां देखना दिलचस्प होगा कि पवन जैन अब आगे की भूमिका में रहते हैं।

**भोपाल कलेक्टर की मतदान प्रतिशत बढ़ाने की अनूठी योजना**

वैसे तो देश के कई जिलों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने की अलग-अलग योजनाएं, नवाचार और प्रयास किया जा रहे हैं लेकिन कलेक्टर भोपाल ने एक नए नवाचार को कर, अपने अधिकारियों को प्रोत्साहित करने के लिए एक नई योजना शुरू की है जो मतदान प्रतिशत बढ़ाने में काफी कारगर सिद्ध हो सकती है।



जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह ने भोपाल जिले में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में सर्वाधिक मतदान प्रतिशत वृद्धि प्राप्त करने वाले 5 बी.एल.ओ. को प्रति बी.एल.ओ. राशि रूपये 25 हजार रुपये तथा प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में सर्वाधिक मतदान प्रतिशत वृद्धि प्राप्त करने वाले एक सेक्टर ऑफिसर को राशि रूपये 50 हजार रूपये तथा प्रशंसा पत्र प्रदान किया जाएगा। जाहिर है इस राशि और प्रशंसा को प्राप्त करने के लिए सभी अधिकारी कर्मचारी अपने स्तर पर पूरा प्रयास करेंगे और इससे निश्चित ही मतदान प्रतिशत बढ़ेगा।

**दिल्ली में जबरदस्त वायु प्रदूषण और चुनाव में व्यस्त नेता**

दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र पिछले शुक्रवार से जबरदस्त वायु प्रदूषण की चपेट में हे। सरकारों को कुछ सूझ नहीं रहा कि इससे निपटने के लिए क्या कारगर उपाय किए जांऐ। राजनीतिक बयानबाजी तथा आरोप ङ्क प्रत्यारोप का दौर जम कर चल रहा है। दिल्ली सरकार ने 10 नवंबर तक स्कूलों में अवकाश घोषित करके अपनी जिम्मेदारी पूरी कर ली।

वास्तव में दिल्ली सरकार के पास कोई संतोषजनक जवाब नहीं है। मुख्यमंत्री केजरीवाल दो साल पहले तक पंजाब में जलने वाली पराली को जिम्मेदार बता कर उस समय कुछ कांग्रेस सरकार को नाकाम बता रहे थे। चूंकि अब पंजाब मे आप की ही सरकार है पराली जलाने की घटनाएं भी खूब हो रही है इसलिए आप के नेताओं की बोलती बंद है। बहरहाल प्रदूषण को रोकने के लिए खानापूर्ति और दिखावे के तो कुछ उपाय हो रहै। लेकिन जमीनी स्तर पर उनका कोई खास असर नहीं दिख रहा है।

**1987 बैच के अजय तिर्की दिसंबर में होंगें रिटायर**



मध्य प्रदेश काडर के आइ्र एएस अधिकारी अजय तिर्की इस वर्ष दिसंबर में रिटायर हो रहे हैं। वे केंद्र में भूमि संसाधन विभाग के जुलाई 2020 से सचिव है। उसके पहले वे मई में महिला तथा बाल विकास मंत्रालय के सचिव नियुक्त हुए थे लेकिन इस पद पर वे ढाई महीने ही रह सके थे। तिर्की 1987 बैच के आईएएस अधिकारी है। वे साढ़े तीन साल से अधिक समय तक केंद्र मे सचिव रहेंगे। इसी बैच के मध्य प्रदेश कैडर के सभी अधिकारी रिटायर हो चुके हैं। जिनमें मनोज श्रीवास्तव, प्रवीर कृष्ण आदि शामिल है।

**भगवान और राजा की तरह व्यवहार करते कलेक्टर और कमिश्नर**

गुजरात हाईकोर्ट की एक टिप्पणी, जिसमें यह कहा गया है कि ' कलेक्टर और कमिश्नर भगवान और राजा की तरह व्यवहार करते है ' ने देश की सरकारों को बगलें झाकने पर मजबूर कर दिया। हाईकोर्ट की मुख्य न्यायाधीश सुनीता अग्रवाल और अनुराधा मेयी की पीठ ने कहा कि आम नागरिक तो थाने सीधे संपर्क ही नही कर सकता। पीठ ने जानना चाहा कि राज्य पुलिस शिकायत प्राधिकरण के प्रति जनता को जागरूक बनाने के लिए राज्य सरकार ने क्या ठोस कदम उठाए? इस प्राधिकरण का गठन सुप्रीम कोर्ट निर्देश के बाद राज्यों को करना है ताकि पुलिस की मनमानी के खिलाफ शिकायत दर्ज करायी जा सके। अदालत ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का पूरी तरह पालन किया जाना चाहिए और जनता को इसकी जानकारी देने के लिए अभियान भी चलाते रहना चाहिए।

हाईकोर्ट इस बात से काफी खफा था कि पुलिस ने राज्य में एक युगल को केवल इसलिए प्रताड़ित किया कि वे आधी रात में क्यों घूम रहे हैं। आरोप है कि उनसे 60,000 रुपये भी ऐंठ लिए। हाईकोर्ट ने इस घटना का स्वत- सज्ञान लिया और राज्य सरकार को पुलिस की इस कथित मनमानी पर जम कर लताड़ लगाई।

# हमास को क्या नए इंटरनैशनल पार्टनर्स मिल गए हैं?



सुनील डंग,
पूर्व सदस्य भारतीय प्रेस परिषद

इजराइल-हमास संघर्ष से रूस को फायदा होने वाला है, क्योंकि अमेरिकी सैन्य सहायता के लिए इजराइल के अनुरोध से हथियारों और यूक्रेन से ध्यान भटकने का खतरा है, जबकि तेल की बढ़ती कीमत मॉस्को की अर्थव्यवस्था को सहारा देती है।इस घटना के बाद इजरायल की अभेद्य सुरक्षा पर सवाल उठे हैं। लेकिन, अभी गुरिल्ला वॉर की जो रणनीति हमास ने इस्तेमाल की है, वह कोई बड़ी रणनीति नहीं बल्कि छोटी-मोटी कमजोरियों का ही फायदा उठाकर इस हमले को अंजाम दिया गया है। ऐसा लगता है कि हमास को बड़े इंटरनैशनल प्लेयर्स का साथ मिल गया है। कहा जा रहा है कि इसमें रूस की ओर से मदद मिली है। इसके अलावा उनके नए मिसाइल लॉन्चर के स्रोत के बारे में भी सवाल उठ रहे हैं। इसे मुहैया कराने वालों में ईरान, रूस और चीन में से कोई भी देश हो सकता है। हमास को इस तरह का समर्थन चिंता का विषय है और यह एक नया पैटर्न है।

ईरान बीते दिनों नेपथ्य में रहा है, लेकिन इस घटना के बाद हमास के साथी जैसे कि हिजबुल्लाह अब एक्टिव मोड में हैं। दिन कुछ पहले वहां के सुप्रीम लीडर खामनेई ने ट्वीट किया था कि 'द्बश्ठ्ठद्बह्यह्ल ह्लद्गद्बद्बद्ग ख़त्म हो रहा है। ( ज़ायोनीवाद एक राष्ट्रवादी आंदोलन है जो 19वीं शताब्दी में फिलिस्तीन में यहूदी लोगों के लिए एक मातृभूमि की स्थापना को सक्षम करने के लिए उभरा, यह क्षेत्र यहूदी परंपरा में लगभग इज़राइल की भूमि के अनुरूप है। इज़राइल की स्थापना के बाद, ज़ायोनीवाद एक विचारधारा बन गई जो समर्थन करती है इज़राइल राज्य का विकास और सुरक्षा ) सोचना होगा कि क्या वो कोई संदेश था?

ईरान नहीं चाहता कि सउदी अरब और इजरायल करीब आएं क्योंकि ऐसा उनके रणनीतिक हितों के ख़िलाफ़ है। ऐसे में खामनेई का बयान कई संकेत देता है। यूक्रेन के बाद क्या अब डिप्लोमैसी की नई पिच तैयार हो रही है?

यूक्रेन यूद्ध अभी पूरी तरह से ख़त्म नहीं हुआ है। यूक्रेन के बहाने रूस और चीन ने अपनी पश्चिम विरोधी रणनीति को बहुत धार दी थी। हालांकि अब यूक्रेन संघर्ष में रूस के लहजे से लगता है कि यह अब समाधान की ओर जा रहा है, क्योंकि रूस मान रहा है उससे वहां ग़लती हुई और उसे अब पीछे हटना पड़ेगा। ऐसा लगता है कि अब हालिया तनाव पश्चिम विरोध की नई टर्फ होगा, ऐसा ही कुछ अमेरिकी गुट भी करता दिखेगा। नए हालातों में रूस और चीन हमास को सपोर्ट करते दिखें, तो हैरानी नहीं होनी चाहिए। ये दोनों देश अब बेहद अरब समर्थक और फिलिस्तीन समर्थक अप्रोच दिखा सकते हैं। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी इसी तरह के कूटनीतिक तेवर अख्तियार किए जा सकते हैं। सवाल यह भी है कि हमास को इतने हथियार कहां से मिले? क्या अमेरिका के छोड़े हथियार पाकिस्तान के हाथ लगे?

कुछ रिपोर्टस कह रही हैं कि ये वो हथियार हैं, जो पश्चिम ने यूक्रेन को दिए थे। इनमें से कुछ ब्लैक मार्केट तक पहुंचे, जहां से ये हमास के पास आ गए, एक सवाल यह भी है कि क्या ऐसा कुछ दक्षिण एशिया में भी हुआ है? क्या ऐसा हुआ है कि अमेरिका ने अफगानिस्तान से निकलते वक्त इसी तरह हथियारों की बड़ी तादाद वहां छोड़ दी है? कुछ रिपोर्ट्स कहती हैं कि पाकिस्तान ने भी इनमें से कुछ हथियार खरीदे हैं। हो सकता है कि यहां भी ये ब्लैक मार्केट में बेचे गए हों।

**क्या हमास अकेला है या और भी साथी हैं बैकग्राउंड में?**

यह सोचने वाली बात है क्या हमास ने यह सब कुछ अकेले किया है। देखना होगा कि क्या हिजबुल्ला भी इजरायल की ओर से घोषित किए गए युद्ध में शामिल होगा?

इजरायल पर हमास के हमले के बाद से दुनिया युद्ध जैसे हालात देख रही है। उधर रूस-यूक्रेन तनाव भी अभी ख़त्म नहीं हुआ है और इस वजह से बीते करीब 19 महीनों से दुनिया बहुत उथल-पुथल से गुजर रही है। हालिया संघर्ष का दुनिया के डिप्लोमैटिक पैटर्न और वर्ल्ड ऑर्डर पर क्या असर पड़ सकता है।

इजरायल को दहलाने वाले इस हमले का मास्टरमाइंड है मोहम्मद डेफ (स्रुश्चद्धड्डद्वद्वद्गस्र ष्ठद्गद्घ)। वह हमास की मिलिट्री विंग का कमांडर है। उसी की निगरानी में हमास के दहशतगर्दों ने इजरायल पर पूरे हमले को अंजाम दिया। हमले के बाद हमास की ओर से जो विडियो जारी हुआ, उसमें भी आवाज़ डेफ की ही बताई जा रही। डेफ वैसे उसका छद्म नाम है, जिसका मतलब होता है अतिथि। इस नाम की वजह भी दिलचस्प है। वह इजरायली खुफिया दस्ते से बचने के लिए हर रात अलग-अलग फिलिस्तीनी के घर बीताता है, जो दहशतगर्दों के हमदर्द होते हैं। यही वजह है कि डेफ हमास का इकलौता सैन्य प्रमुख है, जो इतने लंबे वक्त तक ज़िंदा है।

**आतंक का दूसरा नाम कैसे बना डेफ?**

डेफ के बारे में सार्वजनिक तौर पर काफी कम जानकारियां उपलब्ध हैं। उसका नाम भी एक रहस्य है। कई लोग कहते हैं कि वह हमेशा से डेफ नाम से ही जाना जाता था। वहीं, कुछ लोग दावा करते हैं कि वे उसे जन्म वाले नाम यानी मोहम्मद दीब इब्राहिम अल-मसरी के रूप में जानते थे। मीडिया में उसकी एक ही तस्वीर उपलब्ध है, जो काफी पुरानी है। इजरायल की खुफिया फाइलें बताती हैं कि डेफ का जन्म 1960 के दशक में गाजा के एक शरणार्थी शिविर में हुआ।

गाजा पर उस समय इजिप्ट का क़ब्ज़ा था। फिर साल 1967 में इजरायल ने इसे अपने अधिकार में ले लिया। इजरायल के क़ब्ज़े से बाहर निकलने के लिए फिलिस्तीनियों ने हथियार उठाए। इनमें डेफ भी शामिल था। उसके पिता और चाचा भी 1950 के दशक में इजरायल के ख़िलाफ़ छापामार युद्ध का हिस्सा थे। इजरायली अधिकारियों ने पहली दफा जब डेफ को पकड़ा, तब उसकी उम्र 20 साल थी। उसे आत्मघाती बम विस्फोट में दर्जनों लोगों की मौत का जिम्मेदार ठहराया गया था।

डेफ की काबिलियत बम बनाना ही थी। साथ ही, फिलिस्तीनी विद्रोहियों के साथ मिलकर गाजा के नीचे सुरंगों का जाल भी बनाता था। साल 2005 में गाजा को फिलिस्तीन अथॉरिटी को सौंपकर इजरायल वहां से निकल गया। लेकिन, फिलिस्तीन का गाजा पर क़ब्ज़ा दो साल ही रहा। साल 2005 में डेफ के आतंकी समूह हमास ने तख्तापलट करके गाजा का शासन अपने हाथ में ले लिया और इजरायल के ख़िलाफ़ बड़े पैमाने पर हिंसक अभियान चलाने लगा।

डेफ को जानने वाले बताते हैं कि दहशतगर्दी की दुनिया में उतरने से पहले वह चेहरे से शांत दिखता था, लेकिन बातों से मक्कारी झलकती थी। वह तब भी इजरायल का मुक़ाबला करने के लिए हिंसा का ही सहारा लेने के हक़ में था। उसका मानना था कि फिलिस्तीन के सभी गुटों को एक होकर इजरायल के ख़िलाफ़ अभियान चलाना चाहिए, ताकि उन्हें यह गुमान ना रहे कि वे जबरन क़ब्ज़े वाली ज़मीन पर सुकून से रह सकते हैं।

हमास के दूसरे लोगों की तरह डेफ भी 1990 के दशक में हुए ओस्लो समझौते को फिलिस्तीनियों के साथ विश्वासघात मानता है। इसमें बातचीत के जरिए शांति समझौते का वादा किया गया था। लेकिन, हमास और इस्लामिक जिहाद का मानना है कि अगर इस समस्या का टू-स्टेट सॉल्यूशन निकलता है, तो फिलिस्तीनी शरणार्थी उस ऐतिहासिक ज़मीन पर लौटने का अधिकार खो देंगे, जिस पर 1948 में इजरायल ने क़ब्ज़ा कर लिया था। ओस्लो शांति समझौते के विरोध में डेफ ने साल 1996 में एक बम विस्फोट कराया, जिसमें 50 से अधिक इजरायली नागरिक मारे गए।

डेफ का मानना है कि फिलिस्तीनियों को उनका अधिकार इजरायल के खात्मे के बाद ही मिल सकता है। और उसके मुताबिक, इजरायल पर रॉकेटों की बौछार से इसका आगाज भी हो चुका है।

**क्या अब अब्राहम एकॉर्ड कुछ वक्त के लिए पीछे चला गया है?**

संयुक्त अरब अमीरात के साथ इज़राइल का प्रारंभिक समझौता 1994 के बाद से किसी अरब देश के साथ इज़राइल द्वारा राजनयिक संबंध स्थापित करने का पहला उदाहरण है, जब इज़राइल-जॉर्डन शांति संधि लागू हुई थी। अब्राहम समझौते पर बहरीन के विदेश मंत्री अब्दुल्लातिफ बिन राशिद अल-ज़यानी ने हस्ताक्षर किए थे। और अमीरात के विदेश मंत्री अब्दुल्ला बिन जायद अल-नाहयान ने इजरायली प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू का सामना किया, जिसमें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प गवाह थे। उनके साथ ट्रम्प के दामाद और वरिष्ठ सलाहकार जेरेड कुशनर और कुशनर के सहायक एवी बर्कोविट्ज़ द्वारा बातचीत की गई थी। संयुक्त अरब अमीरात और बहरीन के लिए अलग-अलग समझौतों के आधिकारिक दीर्घकालिक दस्तावेज़ शीर्षक क्रमश: थे- अब्राहम समझौते शांति समझौते- की संधि संयुक्त अरब अमीरात और इज़राइल राज्य के बीच शांति, राजनयिक संबंध और पूर्ण सामान्यीकरण और अब्राहम समझौते- शांति, सहयोग और रचनात्मक राजनयिक और मैत्रीपूर्ण संबंधों की घोषणा। अब्राहम समझौते का नाम अब्रामिक धर्मों - विशेष रूप से यहूदी धर्म, ईसाई धर्म और इस्लाम - की आध्यात्मिक पितृसत्ता के रूप में अब्राहम की भूमिका के बारे में आम धारणा पर आधारित है।

हमास की ओर से यह हमला इस तनाव के मद्देनजर 50 बरसों में सबसे बड़ी घटना है। यह एक बहुत अहम समय पर हुआ है। हाल फिलहाल के वक्त में %अरब अपराइजिंग% का मुद्दा पीछे चला गया था और ग्लोबल पॉलिटिक्स की सारी प्राथमिकताएं बदल गई थीं। हालांकि अब ऐसा लगता है कि अरब अपराइजिंग का मुद्दा एक बार फिर सतह पर आएगा। इस मसले के बाद अब्राहम एकॉर्ड के टिकाऊ होने पर भी सवाल उठ रहे हैं। इस घटना ने साबित कर दिया है कि फिलिस्तीन को साथ लिए बगैर अब्राहम एकॉर्ड सस्टेनेबल नहीं है। फिलिस्तीनी राष्ट्रपति अब्बास की प्रतिक्रिया देखें तो उन्होंने हमास को पूरी तरह से सपोर्ट कर दिया है यानी फिलिस्तीनी लीडरशिप एकजुट हो गई है। इससे साफ़ है कि अब्राहम एकॉर्ड अब कुछ वक्त के लिए नेपथ्य में चला जाएगा।

अमेरिका और ब्रिटेन ने, साथ में नैटो (द्गञ्जह्र) से जुड़े ज़्यादातर मुल्कों ने इसे सीधे तौर पर आतंकी हमला कहा और इससे मुक़ाबले के लिए इजरायल को हर तरह की सहायता देने का वचन दिया। भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी (क्करू हड्डह्द्गठ्ठस्रह्म्ड्ड रूश्स्रद्ब) ने भी इस आतंकवादी हमले की निंदा की और संकट की इस घड़ी में इजरायल के साथ खड़े होने की बात कही। दूसरी तरफ, ईरान ने प्रतिक्रिया का दूसरा छोर पकड़ते हुए हमास के हमले को लेकर प्रसन्नता जाहिर की, जबकि अरब लीग ने फिलिस्तीनी जनता के अधिकारों की बात करते हुए याद दिलाया कि हमास का यह जवाबी हमला काफी समय से जारी इजरायल के एकतरफा हमलों का ही परिणाम है। सऊदी अरब, रूस और चीन ने स्थितियों को बेकाबू न होने देने की अपील की और दोनों पक्षों के संपर्क में होने की बात कही, जबकि यूएई ने नागरिकों के प्रति संवेदना जताई।

ये सारी प्रतिक्रियाएं हमास हमले के पहले दिन और ख़बरें प्रसारित होने के दो-तीन घंटों में आ गई थीं, जब इजरायल की जवाबी कार्रवाई शुरू भी नहीं हुई थी। इससे पता चलता है कि इजरायल-फिलिस्तीन टकराव का बारूद दोबारा भड़क जाने को लेकर कैसी चिंता दुनिया में व्याप्त है। यूक्रेन में जारी लड़ाई ने पहले ही पूरी दुनिया में फूड और फ्यूल इन्फ्लेशन बढ़ा रखा है। इसके समानांतर अगर खाड़ी क्षेत्र में भी तनाव का दायरा बढ़ गया, तो इसका असर सबसे पहले तेल और गैस की और भी ज़्यादा महंगाई में दिखेगा, जिससे कई अर्थव्यवस्थाएं खड़े-खड़े भहरा जाएंगी।

जाहिर है, बाकी दुनिया की तरह भारत की भी सबसे पहली कूटनीतिक चिंता इस टकराव का दायरा समेटने की होगी। यह कि किसी तरह टकराव गाजा पट्टी तक ही सिमटा रहे, फिलिस्तीनी मुख्यभूमि वेस्ट बैंक इससे न जुड़े।

स्थिति यह है कि एक भौगोलिक-राजनीतिक इकाई के नाम पर फिलिस्तीन नाम वाली जो भी इकाई दुनिया में मौजूद है, वह पिछले 16 वर्षों से दो हिस्सों में बंटी हुई है। वेस्ट बैंक के रामल्ला शहर में फिलिस्तीनी अथॉरिटी का दफ्तर है और वहां एक अर्से से नरमपंथी फतह ग्रुप के नेता, 88 साल के महमूद अब्बास का शासन चल रहा है। एक समय था जब फतह ग्रुप के कद्दावर नेता यासिर अराफात पूरी दुनिया में फिलिस्तीन का चेहरा हुआ करते थे और महमूद अब्बास उन्हें कट्टरपंथी बताते थे। उनकी मृत्यु के बाद महमूद अब्बास ही फतह ग्रुप का चेहरा बन गए।

बाद में इजरायली सरकार से उनके कुछ घोषित और कुछ अघोषित समझौते भी हो गए, लेकिन अवाम में उनका असर जाता रहा और इस्लामी कट्टरपंथियों का जोर बढ़ता चला गया। नतीजा यह कि गाजा पट्टी का इलाक़ा पूरी तरह हमास के हाथ में चला गया, और बीते डेढ़ साल में जितने फौजी ऐक्शन इजरायल को वेस्ट बैंक में करने पड़े हैं, उससे लगता है कि उधर की लपट अगर इधर नहीं पहुंचती तो यह कोई बहुत बड़ा कूटनीतिक चमत्कार ही होगा। इसमें इजरायल के लिए क्या सबक हैं? सबसे पहला कि वैश्विक समर्थन के लिए संयम महत्वपूर्ण है। 2008 में मनमोहन सिंह के संयम के चलते भारत को मिली व्यापक वैश्विक सहानुभूति और अमेरिकी दबाव के कारण हाफिज सईद जेल गया। इससे वोटों का नुकसान नहीं हुआ। कांग्रेस और सहयोगी दलों ने 2009 के चुनाव में अधिक बहुमत के साथ जीत हासिल की।

इजरायल को महसूस करना चाहिए कि बदला लेना आकर्षक है और इससे स्थानीय चुनावों में वोट मिल सकते हैं, लेकिन इससे वैश्विक सहानुभूति नहीं मिलेगी। वास्तव में यह शुरुआती भयावहता को कम कर देगा, दोनों पक्षों की विभीषिका बराबर हो जाएगी और यह सिर्फ एक और इजरायल-फिलिस्तीन संघर्ष बनकर रह जाएगा। चूंकि फिलिस्तीनी हमेशा अधिक हताहत होते हैं, इसलिए उन्हें दुनिया भर से अधिक सहानुभूति मिलती है।

यह धारणा भ्रामक है कि इजरायल किसी तरह हमास को ख़त्म कर सकता है। इजरायल ने अतीत में हमास के शीर्ष नेताओं को मार डाला था, लेकिन जल्द ही उनकी जगह और भी अधिक दृढ़ जिहादियों ने ले ली। भारतीय अनुभव से पता चलता है कि पाकिस्तान में शिविरों या व्यक्तियों पर हमला करने से आतंकवाद समाप्त नहीं हो सकता। देशों को ऐसे शत्रुओं के साथ रहना पड़ता है, जिन्हें दबाया नहीं जा सकता। दुश्मन को ख़त्म करने की कोशिश करना बेकार है। ऐसी स्थितियों में संयम से वह लाभ मिल सकता है, जो बदले से नहीं मिल सकता।

# किस्सा ए आईपीएस : मुरैना के आईपीएस मनोज शर्मा के संघर्ष की दास्तान है 12वीं फेल!

सुरेश तिवारी





इस बात पर कोई भरोसा करे या नहीं, पर ये सच सामने है, कि बेहद मुश्किलों से आईपीएस अफसर बने मनोज शर्मा का जीवन दूसरों के लिए एक मिसाल की तरह है। उनका जीवन किसी फ़िल्मी कथानक की तरह है और शायद इसीलिए उस पर विधु विनोद चौपड़ा जैसे बड़े निर्माता ने फिल्म बनाने का फैसला किया। इस आईपीएस ने अपने उलझे हुए जीवन को जिस तरह संवारा है, वो वास्तव में प्रेरणा है। मनोज शर्मा के जीवन की कहानी एक 12वीं फेल लड़के की है, जिसने गर्लफ्रेंड से सब कुछ बदल देने का वादा किया और उसे पूरा किया। वो कड़ी मेहनत से आज आईपीएस अफसर है।

असल जीवन में ये आईपीएस अफसर मध्य प्रदेश के रहने वाले मनोज कुमार शर्मा हैं, जिन्होंने जिंदगी में कई मुश्किलों का सामना करते हुए ये कामयाबी हासिल की। लक्ष्य तक पहुंचने की इस कोशिश में उनकी गर्लफ्रेंड (अब पत्नी) श्रद्धा जोशी शर्मा का खास योगदान रहा। फिल्म की कहानी की तरह लगने वाली यह रियल स्टोरी सबक देती है, कि यदि सोच लिया जाए, तो जीवन में कुछ भी मुश्किल नहीं है। आईपीएस मनोज शर्मा मुरैना जिले के रहने वाले हैं। उनका बचपन काफी तंगहाली में गुजरा। पढ़ाई-लिखाई में भी वे बहुत अच्छे नहीं थे। वे 9वीं और 10वीं में थर्ड डिवीजन पास हुए। 12वीं क्लास में हिंदी को छोड़कर बाकी सभी विषय में फेल गए थे। ऐसी कई शुरूआती असफलताओं के बाद भी उन्होंने हार नहीं मानी।

इस आईपीएस अफसर के संघर्ष गाथा को अनुराग पाठक ने अपनी किताब 'ट्वेल्थ फेल' में दर्ज किया है। किताब में दर्ज स्टोरी के मुताबिक, ये कहानी गांव के लड़के मनोज की कहानी है, जो गरीबी, कमजोर आर्थिक हालात से लड़ते हुए अपने जज्बे और कड़ी मेहनत से लक्ष्य हासिल कर लेता है। इस फिल्म को बेहद पसंद किया गया और हिंदी के अलावा तमिल और तेलुगू में इसे रिलीज किया। फिल्म '12वीं फेल' ने भले ही बॉक्स ऑफिस पर करोड़ों का कारोबार नहीं किया, लेकिन फिल्म के कथानक और मनोज शर्मा का किरदार निभाने वाले विक्रांत मेसी की एक्टिंग की तारीफ की गई। विक्रांत मैसी ने मनोज के किरदार में उनके संघर्ष, मनोदशा और जज्बे को बहुत शिद्दत से परदे पर उतारा है।

मनोज ने बचपन में आईएएस अधिकारी बनने का सपना देखा था। यह सपना तो उन्होंने देख लिया, लेकिन 12वीं क्लास तक इस सपने के पूरा होने की संभावना नहीं दिख रही थी। 12वीं में तो वे फेल ही हो गए थे। पढ़ाई के दौरान उन्हें जीवन के कई संघर्षों से जूझना पड़ा। इनमें बड़ा था पैसों की मारामारी। उस दौरान उनके सिर पर छत तक नहीं थी, इस वजह से उन्हें भिखारियों की तरह फुटपाथ पर भी सोना पड़ा। इस दौरान उन्होंने ग्वालियर में टेंपो चलाने से लेकर दिल्ली में लाइब्रेरी के चपरासी तक का काम किया। लाइब्रेरी में काम करते हुए मनोज ने कई मशहूर लेखकों गोर्की, अब्राहम लिंकन से मुक्तिबोध को पढ़ा। इससे उन्हें जिंदगी का मकसद समझ में आया और इसे उन्होंने जीवन में उतार लिया।

मनोज की ज़िंदगी ऐसी फिल्म की तरह रही, जिसमें प्यार की भी अहम भूमिका थी। दरअसल, 12वीं में पढाई के दौरान मनोज अपनी ही क्लास की एक लड़की श्रद्धा जोशी पर दिल हार बैठे थे। 12वीं में फेल हो चुके थे, इसलिए उन्हें डर लगा रहता था कि उनकी असफलता को देखकर लड़की उनके प्रस्ताव को ठुकरा न दे। इस डर से वे उस लड़की से अपने प्यार का इजहार नहीं कर पा रहे थे। जब मनोज की बेताबी की हद हो गई, तब उन्होंने आखिरकार अपने दिल की बात उस लड़की के सामने रख दी। उन्होंने लड़की से इस बात का वादा किया कि अगर वो उनका प्रेम प्रस्ताव स्वीकार कर लेती है और साथ देती है तो वो पूरी दुनिया पलट देंगे। हालांकि ये बयान थोड़ा बचकाना सा था। लेकिन, शायद ऐसा कहते हुए मनोज को खुद पर पूरा भरोसा था। यही वजह थी कि उन्होंने खूब मेहनत की और अपनी कही हर बात को सच कर दिखाया।

मनोज की पत्नी भारतीय राजस्व सेवा की अधिकारी हैं। उनकी पत्नी ने ही उन्हें ऑफिसर बनने के लिए प्रेरित किया और वे प्यार की खातिर बने भी। मनोज शर्मा शुरू के तीन बार यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा में नाकाम रहे। लेकिन, चौथे प्रयास में 121वीं रैंक हासिल की 2005 बैच के महाराष्ट्र कैडर के आईपीएस बने। फ़िलहाल वे मुंबई में एडिशनल कमिश्नर पद पर तैनात हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना,
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

# तेज रफ्तार बाइक और बुलेट की टक्कर एक युवक की मौत 3 घायल

ओबेदुल्लागज संवाददाता .नगर के रेलवे ओवरब्रिज पर तेज रफ्तार दो बाइकों के बीच सीधी भिड़ंत हो गई जिससे एक युवक की मौत हो गई बही 3 अन्य घायल हे।टक्कर के बाद बाइक पर बैठे युवक सड़क पर गिर गए.हादसे में घायल चार लोगों को इलाज के लिए शासकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है । प्राप्त जानकारी अनुसार सलकनपुर तरफ से आ रहे 30 वर्षीय प्रभाकर भिलाला अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक द्व्श्च04ह्व40450 सवार की सामने से आ रही एक अन्य गाड़ी सवार से टक्कर हो गई जिसके परिणाम स्वरूप ब्रिज के मोड़ पर मोटरसाइकिल कंट्रोल न हुई और सीधे रेलवे ओवर ब्रिज की दीवार से टकरा गई।औरटक्कर इतनी भीषण थी कि एक मोटरसाइकिल सवार के पीछे बैठा 18 वर्षीय संदीप भिलाला सीधा मोटरसाइकिल पर से उछल कर ब्रिज के नीचे लगभग 15फीट रोड पर जा गिरा बही दूसरा युवक ब्रिज की दीवार से टकराकर बुरी तरह घायल हो गया दोनो को उपचार हेतु भोपाल रेफर किया।बही दो अन्य घायल का इलाज नगर के सरकारी अस्पताल में चल रहा हे। गंभीर रूप से घायल दो युवकों को भोपाल ले जाते समय उनमें से एक युवक 18 वर्षीय संदीप भिलाला पुत्र भगवान दास भिलाला की रास्ते में मौत हो गई बही प्रभाकर भिलाला को गंभीर हालत में हमीदिया भर्ती कराया गया। साथ ही विशाल कुशवाह एवम एक साथी का नगर के सरकारी अस्पताल में इलाज चल रहा हे।

# कुलसते नैनपुर पहुचे

नैनपुर। केदीय राज्य मंत्री फगन सिंह कुलसते ने नेनपुर के वाड नं 9 मे मतदाताओं से संर्पक कर भाजपा को विजयी बनाने की अपील की बड़ी संख्या मे महिलाओं के अलावा युवा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही

# श्री सोजतिया को जनसंपर्क में मिल रहा मतदाताओं का आशीर्वाद



भानपुरा। गरोठ भानपुरा विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी सुभाष कुमार सोजतिया ने रविवार 5 नवंबर को गरोठ क्षेत्र के ग्रामों में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ जनसंपर्क किया। जनसंपर्क के दौरान सभी ग्रामों में श्री सोजतिया के समर्थन उमड़ा भारी जान सैलाब इस दौरान श्री सोजतिया का ग्रामीणों ने पुष्प हारो से स्वागत कर रिकॉर्ड मतों से जीत की कामना की वही बुजुर्गों ने श्री सोजतिया आशीर्वाद दिया। श्री सोजतिया ने रविवार सुबह गरोठ क्षेत्र के ग्राम वराहखेड़ी से जनसंपर्क का शुभारंभ कर ग्राम जस्साखेड़ी, बोरखेड़ी, ओड़ का खेडा, पिपलिया जत्ती, होड़, बासगोन, चंदरपुरा, एरिया, ढाबा, खेरखेड़ा भाट, बागरी खेड़ा, नारायणी, पीपलखेड़ा, सूरजना, जालीया, रामनगर, बरखेड़ा गंगासा, आक्या कुंवरपदा मे ग्रामीणों के बीच पहुंचकर जनसंपर्क किया। श्री सोजतिया ने गांव में सभाओं संबोधित करते हुए कहा कि कहा कांग्रेस का हर कार्यकर्ता चुनाव जीतने के लिए चुनावी युद्ध के मैदान में है। और गरीब व सर्वहारा वर्ग की सेवा में कांग्रेस कार्यकर्ता ने कोई कमी नहीं छोड़ी है। जनसेवा जीवन का लक्ष्य है। कांग्रेस हमेशा से आमजन के सपनों को सच्चाई में बदलती है जन-जन के विचार को धरातल पर उतरती है। कांग्रेस आपको वचन देती है कि 2018 में जनकल्याण की शुरुआत कांग्रेस ने की थी। उसको पूरा करने के लिए हम 2023 में आपका आशीर्वाद से आगे बढ़ेंगे। कांग्रेस सरकार कमलनाथ जी के नेतृत्व में जैसे ही शपथ लेगी उसी दिन से वचनों को पूरा करना प्रारंभ करेगी।कमलनाथ सरकार वादा निभाने वाली सरकार है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाएं ग्रामीण जन उपस्थित थे। इस अवसर पर पर बड़ी संख्या में महिलाएं ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# अलकेश आर्य, दीपक कपूर, मनीष ठाकुर ने किया सघन जनसंपर्क



बैतूल। बैतूल विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी हेमंत खण्डेलवाल का चुनाव प्रचार रफ्तार पकड़ता जा रहा है। भाजपा प्रत्याशी के साथ पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने भी चुनाव प्रचार की कमान संभाल ली है। हेमंत खण्डेलवाल द्वारा बैतूल नगर के विभिन्न वार्डो में किए गए जनसंपर्क के दौरान पूर्व विधायक अलकेश आर्य वरिष्ठ भाजपा नेता दीपक कपूर एवं पूर्व जिला महामंत्री मनीष ठाकुर ने भी उनके साथ जनसंपर्क कर मतदाताओं से नगर के चौमुंखी विकास और नगरवासियों की समृद्धि के लिए भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। उक्त जानकारी भाजपा प्रत्याशी के मीडिया सेल द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी गई। उल्लेखनीय है। कि भाजपा प्रत्याशी हेमंत खण्डेलवाल द्वारा रविवार को किए गए जनसंपर्क के दौरान पूर्व विधायक एवं पूर्व बैतूल नपाध्यक्ष अलकेश आर्य ने डोर टू डोर जनसंपर्क कर मतदाताओं को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा समाज के हर वर्ग के लिए संचालित की जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं से मिल रहे लाभ की जानकारी दी। साथ ही उन्होंने बैतूल नगर के विकास में भाजपा प्रत्याशी हेमंत खण्डेलवाल द्वारा किए गए विकास कार्यो से नगरवासियों को अवगत कराया। इधर वरिष्ठ भाजपा नेता दीपक कपूर एवं पूर्व भाजपा जिला महामंत्री मनीष ठाकुर ने रविवार शाम को भाजपा प्रत्याशी श्री खण्डेलवाल के साथ विभिन्न वार्डो में जनसंपर्क कर मतदाताओं से बैतूल विधानसभा क्षेत्र ही नहीं बल्कि समूचे बैतूल जिले के चौमुंखी विकास के लिए भाजपा के पक्ष मतदान करने की अपील की। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

# बैरसिया के ग्राम धमर्रा में हुई कांग्रेस की विशाल चुनावी सभा



बैरसिया। कांग्रेस पार्टी के स्टार प्रचारक गुड्डू राजा बुंदेला बैरसिया के ग्राम धमर्रा में चुनावी सभा की चुनावी सभा में उन्होंने कांग्रेस की उम्मीदवार जय श्री हरिकरण के लिए लोगों से समर्थन मांगा कि उन्हें चुनकर अपने क्षेत्र का जनसेवक बनाने को कहा ये अगर विधानसभा चुनाव जीत कर आती है तो यह आपके क्षेत्र का विकास करेंगी

रविवार को कांग्रेस पार्टी ने एकजुट होकर मंच पर अपने प्रत्याशी के लिए समर्थन मांगा इस मौके पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अवनीश भार्गव भी मौजूद थे सबसे पहले सभा उद्बोधन में कांग्रेस प्रत्याशी जय श्री हरि करण ने कहा कि मैं आपके पास एक जनसेवक के रूप में आपका समर्थन चाहती हूं आपकी हर समस्या मेरी समस्या है कांग्रेस पार्टी घोषणा नहीं वचन देती है कि आपकी हर एक समस्याओं को खत्म करना पहले मेरा कार्य हे कांग्रेस की सरकार आते ही सबसे पहले किसानों का कर्ज माफ और नारी सम्मान निधि गारंटी वचन के तौर पर है जिसे हम सबसे पहले करेंगे कार्यक्रम सभा में पार्टी के वरिष्ठ नेता अवनीश भार्गव ने कहा कि भाजपा सरकार के ऊपर जमकर बरसे उन्होंने कहां की भाजपा सरकार ने 18 साल तक क्षेत्र की विकास सिर्फ घोषणाओं तक ही रखा है क्षेत्र में आज भी टूटी-फूटी सड़क विद्यमान है जहां जाते हैं वहां सिर्फ घोषणा ही करते हैं किसानों की समस्या आज भी वही की वही है अगर हमारी सरकार आती है तो क्षेत्र में विकास का एक नया अध्याय लिखेंगे क्षेत्र में किसानों के खेतों की सिंचाई बिजली खाद बीज की व्यवस्था को ठीक करना घर-घर तक पीने के पानी की हमारा लक्ष्य होगा सभा के अंत में कांग्रेस के स्टार प्रचारक गुड्डू राजा बुंदेला ने कहा की सरकार 2018 में बनी कांग्रेस की सरकार को भाजपा ने गिराकर प्रदेश को धोखा दिया 2023 में अगर कांग्रेस सरकार आई तो क्षेत्र में उद्योग लगाने का काम हम ही कर सकते हैं हम नए रोजगार दे सकते हैं नारी सुरक्षा सशक्तिकरण कर सकते हैं और किसानों की समस्याओं को दूर करने का हमारी सरकार वचन देती है उन्होंने मंच से कहा कमलनाथ की सरकार आने वाली है क्षेत्र में विकास का पहिया दौड़ेगा बस आपका समर्थन चाहिए सभा के समापन पर बसपा के आधा दर्जन कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस की सदस्यता भी ग्रहण करी उन्हें गुड्डू राजा बुंदेला की उपस्थिति में कांग्रेस पार्टी के गमछे हारफूल माला के साथ सदस्यता प्रदान की वही सभा में बड़ी संख्या में ग्रामीण जन एवं कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता पदाधिकारी भी मौजूद थे सभा के बाद कांग्रेस प्रत्याशी जय श्री हरी करण ने दर्जनों गांव में जनसंपर्क किया जमुसर कला महुआखेड़ा देवलखेड़ा हिनोतिया पिरान लालूखेड़ी भूरीपठार ,सेमरीखुर्द सुंदरपुरा करारिया डूंगरिया बरेलाखेड़ा में अपना जनसंपर्क किया

### भाजपा प्रत्याशी डॉ सीतासरन शर्मा का वार्डों में जनसंपर्क

# सुबह से रात तक बिना रुके, लगातार कर रहे जनसंपर्क



**नर्मदापुरम्** । इटारसी विधानसभा क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी एवं वर्तमान विधायक डॉ सीतासरन शर्मा ने शनिवार को सुबह 10ः00 बजे से लेकर रात 9ः30 बजे तक तूफानी जनसंपर्क कर रहे हैं। इस दौरान सैकड़ो कार्यकर्ता उनके साथ थे।जगह-जगह उनका शाल श्रीफल के साथ मिष्ठान खिलाकर स्वागत किया जा रहा है, वहीं महिलाओं उन्हें तिलक लगाकर आरती उतारकर अपना भाव प्रकट कर रही है तो कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर उनका स्वागत कर रहे हैं। जनसंपर्क के दौरान मिलने वाले नागरिकों से डॉ शर्मा ने आग्रह किया कि वह ज्यादा से ज्यादा मतों से उनके एवं भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करके अपना आशीर्वाद प्रदान करें। डॉ शर्मा ने जनसंपर्क में स्वागत करने वाली सभी महिलाओं- युवतियों को शिवराज सरकार की लाड़ली बहना योजना का स्मरण कराते हुए उन्हे बहनों और दीदियों कहकर संबोधित किया, साथ ही यह वादा भी किया कि प्रदेश मे भाजपा सरकार बनने के बाद पूर्व की ही तरह लाड़ली बहनों को राशि प्रदान की जाएगी एवं समाज के हर वर्ग के लिए विभिन्न जनहितैषी योजनाएं भी बनाई जाएगी। डॉ शर्मा ने नागरिकों से कहा कि मैं आपको विकसित, सुरक्षित एवं समृद्ध वार्ड, मोहल्ला एवं इटारसी देने के लिए प्रतिबद्ध हूं। जिसके लिए आप सभी का मतदान स्वरूप सहयोग एवं आशीर्वाद चाहिए। शनिवार का जनसंपर्क मालवीय गंज के आजाद पंजा चौराहा से प्रारंभ होकर, बाइबल कालेज चौराहा, गौरव बड़कुर निवास गली, कुर्मी मोहल्ला, आर एम एस कालोनी, पंजाबी मोहल्ला, बूढ़ी माता मंदिर चौराहा, शक्ति नगर, गणेश नगर चौराहा, भारत माता चौराहा, भरत मंदिर रोड, अजय वचन कॉलोनी, दिनेश उपाध्याय निवास गली, दशमेश कॉलोनी, रॉयल स्टेट कॉलोनी, मुंबई वालों की चाल, महर्षी नगर, तिरुपति नगर, जाटव मोहल्ला, काली मंदिर, बैंक कॉलोनी, शिक्षक नगर कॉलोनी में किया गया जो महावीर स्कूल में विश्राम हुआ। वहीं भारतीय जनता पार्टी के महिला मोर्चा ने भी वार्ड नंबर 30 सिंधी कॉलोनी से लेकर नेहरूगंज तक जनसंपर्क अभियान चलाया।

# आठनेर में कांग्रेस चुनाव कार्यालय का शुभारंभ



बैतूल । कांग्रेस चुंनाव कार्यालय से जारी विज्ञप्ति के अनुसार कांग्रेस प्रत्याशी निलय डागा ने रविवार आठनेर चुंनाव कार्यालय का शुभारंभ करने के बाद आठनेर नगर के मतदाताओं से आशीर्वाद और समर्थन मांगा इसके पश्चात उन्होंने बैतूल शहर के विकास नगर में भी डोर टू डोर पहुंचकर आशीर्वाद प्राप्त किया । कांग्रेस प्रत्याशी निलय डागा ने जनसंपर्क के दौरान भाव विभोर होकर मतदाताओं से कहा कि मेरे परिवार को बैतूल ने इतना दिया कि मैं इस धरती का कर्ज जिंदगी भर नहीं चुका पाऊंगा । उन्होंने आगे कहा कि मैं बैतूल विधानसभा की सेवा के लिए कृत संकल्पित हूं। मेरे घर के दरवाजे हमेशा आप लोगों के लिए खुले हैं आपके सुख-दुख में मैं बराबरी से खड़ा हूं। मैं कभी आपको दुखी नहीं होने दूंगा ।

निलय डागा ग्रामीण क्षेत्र में अपने समर्थकों के साथ लगातर जनसम्पर्क कर रहे है । श्री डागा कई जगह भावुक हो गए और उन्होंने मतदाताओं से आशीर्वाद मांगते हुए कहा कि डागा परिवार राजनीति सेवा के लिए कर रहा है और मुझे आपके आशीर्वाद से पिछ्ली बार भी सेवा का अवसर मिला था और इस बार फिर आपका आशीर्वाद ही मुझे आपकी सेवा का मौका देगा । पिछ्ली बार मुझे मौका मिला था तो मैंने क्षेत्र में सड़क ,पानी बिजली सहित कई समस्याओं का निराकरण करवाया था । बैतूल विधानसभा क्षेत्र में विकास की अपार संभावनाएं हैं। जिन्हें पूरा करना है। यह संभव तभी हो पाएगा जब आप सभी का आशीर्वाद मिलेगा ।

### केंद्रीय मंत्री ने उदयपुरा विधानसभा में जनसभा को किया संबोधित

# उदयपुरा विधानसभा में नरेन्द्र शिवाजी पटेल को अपना आशीर्वाद दीजिए: नरेन्द्र सिंह तोमर

बरेली। 15 महीने की कांग्रेस शासनकाल में प्रदेश का विकास थम गया था। पिछले 20 सालों में मध्यप्रदेश विकसित राज्य बन गया और लगातार आगे बढ़ रहा है। यह बात केंद्रीय मंत्री और प्रदेश चुनाव समिति के संयोजक नरेंद्र सिंह तोमर ने उदयपुरा विधानसभा भाजपा प्रत्याशी नरेंद्र शिवाजी पटेल के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए कही। श्री तोमर ने कहा कि एक बार फिर भाजपा की सरकार विकास के नाम पर बनेगी। किसानों से लेकर युवाओं को रोजगार मिले इस दिशा में प्रदेश की भाजपा सरकार ने काम किया है। जरा सी चूक के कारण 15 महीने की कांग्रेस की सरकार बन गई थी कमलनाथ कहते थे कि शिवराज खजाना खाली कर गए हम विकास कहां से करें 18 महीने बाद भाजपा की सरकार बनी फिर शिवराज जी ने कभी एक भी बार कहा कि तो जनता बताएं कांग्रेस खजाना खाली खाली इसलिए कहती हैं कि जब कांग्रेस राज करती है तो सरकारी खजाना कांग्रेस के नेताओं की जेब में जाता और भाजपा की सरकार जब राज करती है तो पैसा सरकारी खजाने में जाता है और उसे खजाने से उदयपुरा विधानसभा का विकास होता है मध्यप्रदेश का विकास होता है7 पिछली बार उदयपुरा विधानसभा के लोगों से जो गलती हुई है वह इस बार ना हो नरेंद्र शिवाजी पटेल को अपना आशीर्वाद दीजिए मैं विश्वास दिलाता हूं कि आपके विश्वास पर नरेंद्र खराब उतरेगा भारतीय जनता पार्टी में मध्य प्रदेश की ऐतिहासिक बहुमत से सरकार बनेगी और



उदयपुरा विधानसभा से नरेंद्र विधानसभा में उदयपुरा विधानसभा की जनता की आवाज को बुलंद करेगी7

### प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने देश का मान बढ़ाया

श्री तोमर ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने 9 साल में देश का मान विदेशों में बढ़ाया है। भारत की अर्थव्यवस्था पांचवें नंबर पर आ गई है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी तीसरे नंबर पर देश की अर्थव्यवस्था को लाने का टारगेट रखकर काम कर रहे हैं। उज्जवला योजना, किसानों के बैंक खातों में सीधा पैसा आना, मुफ्त राशन योजना का लाभ देश के लोगों को मिल रहा हैं। श्री तोमर ने कहा कि शनिवार को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने आने वाले 5 सालों तक 80 करोड़ लोगों को फिर मुफ्त राशन देने का ऐलान कर दिया। यह बताता है कि श्री मोदी देश की जनता से कितना स्नेह रखते हैं। इस दौरान जनसभा में उप्र सरकार के मंत्री दिनेश प्रताप सिंह, पूर्व मंत्री रामपाल सिंह, बरिष्ट नेता रामकिशन चौहान,जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा, विधानसभा चुनाव प्रभारी सुरेंन्द्र तिवारी,हरनाम सिंह राजपूत, जोधसिंह अटवाल,विधानसभा संयोजक प्रहलाद लोधी, केंद्रीय मंत्री प्रवास प्रभारी राजेंद्र सिंह ठाकुर, नेपाल सिंह राजपूत सहित भाजपा उपस्थित रहे।

# पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने फूंका कांग्रेस के कार्यकर्ताओं में जीत का मंत्र

रतलाम। रविवार को सैलाना फोरलेन स्थित मोहन गार्डन में कांग्रेस का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यकर्ता सम्मेलन के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह रहे। सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने मुख्य अतिथि दिग्विजय सिंह का स्वागत किया। तत्पश्चात कार्यकर्ता सम्मेलन प्रारंभ हुआ। रतलाम शहर अध्यक्ष महेंद्र कटारिया ने स्वागत उद्बोधन देते हुए कहा कि निश्चित ही दिग्विजय सिंह के नगर आगमन से रतलाम नगर के जाबांज कार्यकर्ताओं में नया उत्साह का संचार हुआ है। हमारे कार्यकर्ता निश्चित ही भाई मयंक व पारस दादा के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करेंगे और हम रतलाम विधानसभा सीट जीतेंगे। युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष मयंक जाट ने अपने उद्बोधन में कहा कि अगर कार्यकर्ता एकजुट होकर शहर से हमारा विधायक जीता देंगे तो सबसे अच्छी बात यह होगी कि अकेले पारस दादा विधायक नहीं रहेंगे बल्कि मैं आप सभी को विश्वास दिलाता हूँ कि कांग्रेस का हर एक कार्यकर्ता रतलाम का विधायक होगा। आप सभी कार्यकर्ताओं से निवेदन है सबसे पहले आप अपने बूथ का ध्यान रखे क्योकि यदि आप अपना बूथ का ध्यान रखेंगे और अपना बूथ जीतेंगे तो निश्चित ही हम रतलाम की विधानसभा जीतेंगे। और यही हमारी सबसे बड़ी जीत होगी। पारस दादा ने अपने उद्बोधन में कहां की में 45 साल से युवाम चलाता हूं मुझे मालूम है कार्यकर्ता का कितना महत्व है एक बार हमने कदम उठा लिया तो एक नया इतिहास बनाएंगे। एक अहंकार का नाश करेंगे, जिसने रतलाम की राजनीति को पूंजी के अधीन कर दिया, हम उसका नाश करेंगे।पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि कभी भी कांग्रेस पार्टी अपना संगठन नहीं बन पाई अनेक बार इसके लिए प्रयास किये गए लेकिन हम सफल नहीं हो पाए। पहली बार चुनाव आयोग के सामने फॉर्म भरे गए और उन्होंने हर वार्ड में जाकर हर बुथ पर जाकर सर्वेक्षण किया, और जो गलत नाम जुड़े थे उन्हें कटवाए, जो छूट गए थे उन्हें जुड़वाने का प्रयास किया, मैं मयंक की बात पर सहमत हूं हमें चुनाव इसी तरीके से लड़ना है जिस तरह से हम पंच के चुनाव लड़ते हैं, वार्ड का चुनाव लड़ते हैं, बुथ का चुनाव लड़ते क्योंकि बुथ पर रहने वाला व्यक्ति ही संघर्ष करता है जब उसका विरोध होता है हमारा यह प्रयास होना चाहिए कि हम बुथ स्तर पर उस कार्यकर्ता को ज्यादा से ज्यादा मजबूत करें।

# पहले मतदान को यादगार बनाने रोपे पौधे



छतरपुर। छतरपुर जिले के फर्स्टटाइम वोटर्स में विधानसभा चुनाव में 17 नवम्बर को होने वाले मतदान को लेकर बड़ा उत्साह देखने को मिल रहा है।

पहले मतदान को यादगार बनाने के लिए फर्स्टटाइम वोटर्स ने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी.आर. की उपस्थिति में रविवार को छतरपुर शहर के देरी रोड पर स्थित फ्रूट फॉरेस्ट में पौधे रोपे। साथ ही पहली बार मतदान करने वाले नये मतदाताओं को वोट डालने का संदेश दिया। कि वे भी अपने प्रथम मतदान को यादगार बनाएं और लोकतंत्र को उत्सव में वोट डालकर भागीदार बनें।इसमें नये मतदाताओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और पौधा रोपकर सभी युवाओं से 17 नवंबर को मतदान करने की अपील की। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जीआर ने स्वतंत्र, निष्पक्ष मतदान करने की सभी को शपथ दिलाई। नये युवा मतदाताओं के साथ-साथ अन्य मतदाताओं ने भी पौधरोपण किया। इस दौरान तहसीलदार रंजना यादव, नगरपालिका सीएमओ माधुरी शर्मा, डीपीओ राजीव सिंह, सिटी मैनेजर सीपी गुप्ता सहित मीडिया प्रतिनिधि, स्कूली छात्र-छात्राएं एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### भाजपा की अंतर्कलह खुलकर आयी सामने

# महिला मोर्चा अध्यक्ष ने खुलकर पार्टी प्रत्याशी मलैया समर्थकों सहित युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष भरत यादव पर लगाये गंभीर आरोप

दमोह पार्टी विद डिफरेंस को लेकर चली भाजपा अब पार्टी नेताओं के बीच खुलेआम खींचतान और आरोप प्रत्यारोप पर आ गयी है। कुछ सालों से भाजपा में जिले के बडे नेताओं के बीच खींचतान की खबरें लोगों के बीच चर्चाओं का विषय रही हैं। अव बडे नेताओं के बीच से चली खींचतान उनके समर्थकों के बीच खुलकर सामने आ गयी है और एन चुनावी माहौल में सोसल मीडिया से लेकर रास्ते पर उतर चुकी खींचतान भाजपा के लिए सुखद परिणाम में वाधा बनती दिख रही है। हालात यहां तक पहुंच चुके हैं कि लडाई अब खुलकर जातिवाद और जाति देखकर राजनीति करने जैसे आरोप लगने लगे हैं।

विगत दिनों के घटनाक्रम पर नजर दौड़ाई जाए तो लोधी समाज के जिला अध्यक्ष हाकम सींग भाजपा छोडकर चले गये तो जिले के सांसद और केंद्रीय राज्य मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल के खास सिपहसालार कुर्मी समाज के बडे नेता और पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शिवचरण पटेल बड्डा जिन्होंने जिला पंचायत और नगर पालिका में भाजपा की हार का ठीकरा जिला भाजपा अध्यक्ष प्रीतम सिंह लोधी पर खुलेआम फोड़ते हुए आरोप लगाकर सवको सन्न कर दिया था अब एन चुनाव के दरमियान बहुजन समाज पार्टी के समर्थकों के साथ वीडियो वायरल होने के वाद भाजपा संगठन पर आरोप लगाते हुए सदस्यता से इस्तीफा देकर चले गये इसके तुरंत बाद पूर्व वित्त मंत्री जयंत मलैया के गरीबी माने जाते रहे पूर्व जनपद अध्यक्ष दमोह आलोक अहिरवाल ने भी भाजपा से इस्तीफा दे दिया उनके पीछे पीछे जिला पंचायत सदस्य उर्मिला बलराम पटेल बल्लू लिंवरदार ने भी भाजपा छोड दी। अब चुनाव प्रचार के दौरान दमोह आए केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के आगमन पर



कार्यक्रम के दौरान भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष शिखा जैन ने पार्टी प्रत्याशी जयंत मलैया के वेहद नज़दीकी रमन खत्री व उनके समर्थको सहित भाजयुमो जिला अध्यक्ष भरत यादव पर गंभीर आरोप लगाकर खींचतान की अंदरूनी कलह वाहर खोलकर रख दी है।जहां एक ओर भाजयुवा मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी की सदस्य उजमा नाज ने जिला भाजयुमो अध्यक्ष यादव पर महिलाओं के प्रति गलत नियत रखने वाला करार देते हुए कहा है कि भाजयुमो का जो कार्यक्रम नीलकमल गार्डन में आयोजित हुआ उसकी जिम्मेदारी भरत यादव की थी। भरत यादव भाजयुमो के जिला अध्यक्ष हैं जो कि दुर्भाग्यपूर्ण है जो अनुशासनहीन, निर्लज्ज व्यक्ति है जो महिलाओं का मानसम्मान नहीं जानता है। उसने शिखा जैन से आपत्तिजनक वयवहार किया है। भरत यादव की बहनों के प्रति ओछी और गंदी मानसिकता है। उन्हें अपने पद की गरिमा को वनाये रखना चाहिए। जहाँ एक ओर मोदीजी महिलाओं को आगे वढने प्रोत्साहन दे रहे हैं वहीं भरत यादव जैसे तुच्छ कार्यकर्ता संगठन की छवि को प्रभावित कर रहे हैंवहीं दूसरी ओर जिला भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष शिखा जैन का कहना है कि आज सब्र का वांध टूट चुका है। जवसे चुनाव डिक्लेयर हुए हैं तवसे पार्टी के घोषित उम्मीदवार के आगे पीछे चलने वाले भ्रांतियां फैला रहे हैं कि शिखा जैन को मतगणना के दिन के बाद कोई नहीं जानेगा। मुझे जैन होने के कारण परेशान किया जा रहा है। आज मुझे मंच पर कोई जगह नहीं दी गयी और मेरी शिकायत कराई जा रही है। हम लोगों ने अपना पैसा लगाकर धरातल पर उतरकर पार्टी का काम किया है अव क्या हम लोगों से ऐंसा व्यवहार किया जायेगा? महिला मोर्चा की जानवूझकर वेज्जति की जा रही है। पार्टी के कुछ लोग उन महिलाओं को तवज्जो देते हैं जो महिला मोर्चा से अलग हो जाती है।भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष का कहना है मैं हेलीपैड फिर मैं मंत्री जी को मंच पर लेकर गया और फिर मैं उनको हेलीपैड लेकर गया ना मेरे सामने कुछ हुआ है ना मुझे मालूम है ना मैंने मंच संचालन किया.

# नौगांव में अखिलेश यादव की चुनावी आमसभा आज

**नौगांव।** महाराजपुर विधानसभा सीट के सपा प्रत्याशी अजय दौलत तिवारी के समर्थन में आज सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की चुनावी सभा का आयोजन किया जा रहा है। इस सभा को लेकर सपा के कार्यकर्ता और नेता जबरदस्त उत्साहित हैं। यह सभा सोमवार की दोपहर 2 बजे नगर के गर्ल्स स्कूल चौराहे पर आयोजित की जाएगी। माना जा रहा है कि अखिलेश यादव की इस सभा से महाराजपुर विधानसभा सीट पर चुनावी समीकरण बदल सकते हैं। उल्लेखनीय है कि अजय दौलत तिवारी के समर्थन में पहले ही क्षेत्र के कई दिग्गज मैदान में उतर आए हैं, इनमें कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद सत्यव्रत चतुर्वेदी की बेटी निधि चतुर्वेदी का नाम भी शामिल है। उन्होंने बीते रोज ही भाजपा और कांग्रेस दोनों ही प्रत्याशियों को नकारने एवं सपा प्रत्याशी अजय दौलत तिवारी को चुनाव जिताने की अपील करते हुए हरपालपुर क्षेत्र में जनसंपर्क किया था। अखिलेश यादव की सभा के लिए सपा प्रत्याशी अजय दौलत तिवारी ने रविवार को क्षेत्र में जनसंपर्क करते हुए घर-घर जाकर जनता को सभा में शामिल होने का निमंत्रण दिया। अखिलेश यादव की इस सभा को भव्य बनाने के लिए सपा के कई नेता और अजय दौलत तिवारी के समर्थक पूरी ताकत से जुटे हुए हैं। उन्होंने इस मौके पर जनमानस से अपील करते हुए कहा कि हमारा महाराजपुर विधानसभा क्षेत्र 20 वर्षो से उपेक्षा का शिकार हो रहा है। भाजपा प्रत्याशी के परिवार और कांग्रेस प्रत्याशी के क्रियाकलापों के कारण क्षेत्र की जनता कराह रही है।

## फुटपाथ को अवरोधरहित बनाने के निर्देश- कलेक्टर

छतरपुर। कलेक्टर संदीप जी.आर. ने रविवार को छतरपुर शहर देरी रोड से आकाशवाणी होते हुए छत्रसाल चौक तक पैदल निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री जी.आर. ने सीएमओ एवं स्वच्छता निरीक्षक को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए एवं वार्डो में सफाई एवं स्वच्छता संवाद करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा लोगों को समझाए की कचरे को खुले में नहीं फैंके। कलेक्टर ने सड़कों के जहां फुटपाथ में मरम्मत की अवश्यकता है, वहां मरम्मत कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्देश देते हुए कहा कि पैदल चलने वालों के लिए फुटपाथ अवरोध रहित हो, जिससे कि पैदल चलने वाले बुजुर्गजन, दिव्यांग और महिलाओं को आने जाने में असुविधा न हो। फुटपाथ पर अतिक्रमण किया गया है तो तत्काल हटाएं और सामग्री को जब्त करें।


**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं Mohammed Konain Dad जो वर्तमान में जाना जाता हूं। भविष्य में मुझे Mohd Konain Dad के नाम से जाना जाए। मेरी जन्मतिथि 30.07.2007 है। मेरा वर्तमान पता है:-

S/o Sameer Dad
H.No. 4 Bijlee Ghar Colony
Nav Bahar Colony
Bhopal - 462010 (M.P.)

## पेज 1 का शेष

पंडित पी.एन. भट्ट
मोबाइल नं.-9407266609

# ज्योतिषीय गणनाः- म.प्र. में भाजपा का पुनः राज्यारोहण

आईए! अब चलें चुनावी जंग की यात्रा पर, जो रहस्यों से सराबोर है ज्योतिष की अगम्य एवं रहस्यमयी कंदराओं में। वस्तुतः ग्रहीय आस्थाओं का स्वर्ण कलश है, ज्योतिष।

### श्री कमलनाथ : अध्यक्ष : म.प्र. कांग्रेस कमेटी भोपाल

**जन्म : 18.11.1946, जन्म समय : 11:55 दिन, जन्म स्थानः कानपुर**

जन्म कुण्डली | नवमांश कुण्डली | वर्ष कुण्डली- 18.11.2022 से 18.11.2023




योग– कालसर्प योग, केदारयोग, सुनफा योग, वेशि योग, राजयोग, धन योग, सफल अमल कीर्ति योग, पर्वत योग, काहल योग, शंख योग, केन्द्र त्रिकोण राजयोग, चंद्रिका योग, सदा संसार योग।

योग फलः लग्न मकर राशि अंश 19–20 अंकों के मध्य होने जन्म होने से इष्ट देव भगवान विष्णु। ऐसा जातक उदार, धैर्यशाली, ऐश्वर्य एवं ख्याति प्राप्त होता है । जन्म कुण्डली में बने सभी योग जातक को सभी क्षेत्रों में एक यशस्वी पुरूष के रूप में सर्वत्र ख्याति प्राप्ति के योगों से संतुष्ट करता है। ऐसे जातक को कब प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति सरीखे उच्च पद पर विराजामन करवा दे कुण्डली के ग्रह! तो अचंभित मत होना?

वर्तमान में विशोंतरी महादशा बुधः भाग्येश में केतु की अन्तर्दशा चल रही है, जो 05.07.2024 तक चलेगी, तथा 16.11.2023 से 7.12.2023 मंगल की प्रत्यंन्तर दशा चल रही है, जो सुखेश एवं लाभेश है। वहीं दूसरी और योगनी महादशा में संकटा में दिनांक 25.10.2023 से दिनांक 17.02.2024 तक संकटा की अन्तर्दशा चल रही है। गोचर में लग्नेश एवं वाणी भवन का स्वामी द्वितीय भवन में शनि विराजमान है।

वर्ष कुण्डली में मुंथा लाभ भवन में तथा मुंथेश पंचम अर्थात विवेक भवन में होते हुए भी शनिदेव गोचर स्थिति में अष्टम भवन में विराजमान होने से कांग्रेस का शक्ति बल तो बढ़ेगा, विपक्षी दलों के कई कद्दावर नेता चुनावी समर में पराजयश्री को वरण करेंगे स्वयं की चुनावी विजय भले ही सुनिश्चित हो, किन्तु मुख्यमंत्री की आसंदी पर सम्भावनाएं क्षीण होती नजर आ रही हैं?

### शिवराज सिंह चौहानः मुख्यमंत्री म.प्र. शासन

**जन्मः 05.03.1959, जन्म समयः 11.38 प्रातः, जन्म स्थानः सीहोर**

जन्म कुण्डली | नवमांश कुण्डली | वर्ष कुण्डली- 05.03.2023 से 05.03.2024




**राजयोगः** दाम योग, मुसल योग, अनफा योग, वसुमति योग, वरिष्ठ योग, वेशि योग, शंख योग, राज योग, केन्द्र त्रिकोण राज योग, धन योग, स्ववीर्य धन योग

**योग फल–** ऐसा जातक जनोपकारी, न्यायोपकारी, महान ऐश्वर्यशाली, विख्यात, समृद्ध, धीर एवं विद्वान तथा 36वें वर्ष के बाद संघर्षों से तपकर लोकविख्यात होता है।

लग्न वृषः पृथ्वी तत्व, वर्गोत्तम ग्रहः चन्द्रमा, उच्च राशि ग्रहः शुक्र, जन्म मकर राशिः शनि की साढ़ेसाती का अन्तिम चरण 29.03.2025 तक। सर्वाष्टक वर्ग में 41 बिन्दु, जो लाभ, यश तथा स्वास्थ्य भवन में है। इसी भवन में उच्च राशिगत शुक्र विराजमान है। शनि भाग्येश होकर राज्य भवनः कुम्भ राशि में भ्रमणरत है। दिनांक 17.01.2023 से 29.03.2025 तक।

वर्तमान में शनि में शुक्र की अन्तर्दशा 23.05.2024 तक चलेगी तथा योगिनी में सिद्धा की महादशा दिनांक 01.11.2028 तक चलेगी। वर्ष कुण्डली दिनांक 05.03.2023 से 05.03.2024 तक प्रभावी रहेगी। इसमें शत्रु भवन (षष्टम भवन) में देवगुरू वृहस्पति स्वक्षेत्री होकर विराजमान है तथा शुक्र जो नारी जाति से जुड़ा ग्रह है, वह उच्च राशि होकर विराजमान है अस्तु श्री शिवराज सिंह चौहान की प्रदेश की 320 सीटों में प्रभावी चुनावी शक्ति नारी मतदाता होगी।

आईएगा! अब हम सब को ले चलते हैं म.प्र. विधानसभा चुनाव 2023 की उस रण भूमि में, जो राजनैतिक दलों की जय–पराजय के इतिहास की पटकथा लिखेगी।

(1) भारतीय चुनाव आयुक्त, दिल्ली द्वारा म.प्र. के चुनावी शंखनाद की प्रश्न कुण्डली दिनांक 09.10.2023 समय 12.30 दिन, स्थानः नई दिल्ली (भारत)

प्रश्न कुण्डली




**वर्गोत्तम ग्रहः** राहु, केतु, लग्नः अग्नि तत्व विंशोत्तरी महादशा बुध में सूर्य की प्रत्यन्तर दशा 28.11.2023 तथा चन्द्र की प्रत्यन्तर दशा 23.12.2023 तक । फल कथनः राज्य भवन में बैठा हुआ उच्च राशिगत बुध सूर्य के साथ बुधादित्य योग बना रहा है। राहु, केतु वर्गोत्तम हैं– अष्टम (मारक भवन) भवन में स्वक्षेत्री चन्द्रमा शनि का अढ़ैया तथा पंचम भवन में गुरू, राहु की युति चण्डाल योग बना रही है, इसका अर्थ है–सत्ता पक्ष में संघर्षमय स्थिति दर्शाना, जो 30.10.2023 को राहु का मीन राशि में तथा केतु का कन्या राशि आगमन तथा वक्री शनि का 04.11.2023 से मार्गी होने से सत्ता शनि के मार्गी हो जाने से भाजपा की संजीवनी का कार्य करेगा।

(2) मध्यप्रदेश के विधानसभा 2023 के चुनावों के मतदान की प्रश्न कुण्डली दिनांक 17.11.2023 समयः 07:00 बजे प्रातः स्थान राजधानी भोपाल ।

प्रश्न कुण्डली




**लग्न वृश्चिकः** अर्द्धजल राशिः वर्गोत्तम ग्रहः बुध, विंशोत्तरी महादशाः शुक्र में सूर्य की अर्न्तदशा जो 27.11.2023 तक। राज्य भवन में सर्वाष्टक वर्ग के 33 बिन्दु तथा लाभ+यश भवन में 41 बिन्दु (कुल 48 बिन्दु होते हैं) स्वक्षेत्री मंगल के साथ राज्येश सूर्य लग्न भवन में बुधाद्वित्य योग बना रहा है जिससे सत्ता दल चुनावी समर में सुरक्षित रहेगा, अपनी पद–प्रतिष्ठा बचाने में। यदि ज्योतिष के आईने में गहराई से झांके तो दोनो सेनानायकों अर्थात कमलनाथ, कांग्रेस एवं शिवराज सिंह चौहान, भाजपा तो कन्या राशि के स्वामी बुध लाभ भवन में विराजे, नीच राशि में तथा 41 बिन्दु भी हैं, अर्थात अथक प्रयासों के बावजूद भी कन्या राशि वाले कमलनाथ पूर्व मुख्यमंत्री सत्ता सिंहासन के निकटस्थ नहीं पहुंच पाएंगे, वहीं दूसरी ओर मकर राशि के जातक शिवराज सिंह चौहान के राशि स्वामी शनि देव, साथ में शनि की साढ़ेसाती से प्रभावित होकर सुख भवन में स्वक्षेत्री शनि देव होने से – सत्ता का सुख भाजपा को पुनः प्राप्त होगा।

(3) म.प्र. विधान सभा चुनावों की मतगणना तिथि की प्रश्न कुण्डली दिनांक 03.12.2023 समय प्रातः 8 बजे स्थानः राजधानी, भोपाल (म.प्र.)

प्रश्न कुण्डली




**लग्नः** अग्नि तत्वः वर्गोत्तम ग्रहः राहु, केतु, सूर्य, गजकेशरी योग, स्वक्षेत्री ग्रहः चन्द्र, मंगल, शुक्र, शनि, विंशोत्तरी महादशाः बुध में शुक्र की अन्तर्दशा 26.12.2023 तक। बुध राज्येश है। शुक्र स्वक्षेत्री होकर लाभ भवन में विराजमान है। सर्वाष्टक वर्ग के राज्य भवन में 41 बिन्दु। आय और व्यय भवन में क्रमशः 28 एवं 24 मात्र 4 बिन्दुओं का अन्तर दर्शाता है। जय–पराजय का अन्तर बहुत कम रहेगा भाजपा और कांग्रेस में। भाग्य की शक्ति कमलनाथ की जन्म कुण्डली में सर्वाष्टक वर्ग के 43 अंक हैं, तदापि शिवराज सिंह चौहान की जन्म कुण्डली के लाभ भवन में 41 बिन्दु हैं। कमलनाथ की जन्म कुण्डली में लाभ भवन में 35 बिन्दु हैं। चुनावी लाभ भले ही भाजपा का दिख रहा हो, किन्तु कमलनाथ की कुण्डली भी कांग्रेस की सत्ता में शक्ति में इजाफे का संकेत।

**राजनैतिक रहस्यः** जमीनी संकेत बताते हैं कि 20 से 25% मतदाता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के व्यक्तित्व से प्रभावित होने के कारण भाजपा को वोट देते है। विधानसभा चुनावों के दौरान पार्टी के वोट शेयर की तुलना में शिवराज सिंह की लोकप्रियता रमन सिंह या वसुन्धरा राजे सिंधिया से बढ़ी है। हमें यह भी स्मरण रखना होगा कि भाजपा प्रधानमंत्री के चेहरे पर विधानसभा चुनाव लड़ रही है।

### ज्योतिषीय गणनाः नामाक्षर के आधार

ज्योतिष में 12 राशियां तथा 27 नक्षत्र होते हैं। प्रत्येक नक्षत्र में 4 चरण होते हैं। हिंदी वर्णमाला में 52 वर्ण होते हैं, जिसमें 11 स्वर तथा 41 व्यंजन होते हैं तथा इनमें 4 संयुक्त व्यंजन होते हैं।

प्राचीन काल से ज्योतिष में 27 नक्षत्रों को बारह राशियों में समाहित कर नव ग्रहों के आधार पर भविष्य कथन की प्रक्रिया क्रमबद्ध की गई है। जब किसी जातक का जन्म होता है तो उसके जन्म नक्षत्र के आधार पर चरण भेद के अनुसार नामकरण करने की प्रथा ज्योतिष ग्रंथों में वर्णित है।

म.प्र. विधानसभा चुनाव 2023 में 230 सीटों पर दिनांक 17.11.2023 को मतदान होना है। जिन–जिन सीटों पर जिस–जिस पार्टी के प्रत्याशियों के नाम हैं, उनके प्रथम नामाक्षरों को नक्षत्र के चरणानुसार राशि मान कर जय–पराजय का एक प्रयास ज्योतिष प्रेमियों के समक्ष प्रस्तुत है। दिनांक 17.11.2023 शुक्रवार को मतदान पर्यन्त धनु राशि में चन्द्रदेव भ्रमणरत रहेंगे। इसी आधार को मानकर विधानसभा चुनाव में क्षेत्रवार प्रत्याशियों के नामाक्षर के आधार पर आमने–सामने दोनों दलों के प्रत्याशियों का चुनावी लेखा–जोखा प्रस्तुत है।

**उदाहरणार्थः** छिंदवाड़ा विधानसभा क्रमांक 126 छिंदवाड़ा विधानसभा सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी कमलनाथ जी और भाजपा प्रत्याशी विवेक साहू। कमलनाथ जी के नाम का प्रथम अक्षर 'क' मृगशिरा नक्षत्र, तृतीय चरण, मिथुन राशि, राशि स्वामी बुध सूर्य के साथ बुधादित्य योग बना रहे हैं। वहीं भाजपा प्रत्याशी विवेक साहू–वृष राशि, रोहणी नक्षत्र का तृतीय चरण, राशि स्वामी शुक्र, कन्या राशि में नीच राशिगत विराजामान हैं।

अस्तु चुनावी समर में कमलनाथ जी 12x2=24000 से अधिक मतों से विजयश्री को वरण करेंगे।

एक अन्य उदाहरण सागर जिले की रहली विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 39 पर भाजपा प्रत्याशी गोपाल भार्गव। नामाक्षर के हिसाब से 'गो' शब्द शतभिषा नक्षत्र का प्रथम चरण, कुम्भ राशि, राशि स्वामी शनिदेव। कांग्रेस प्रत्याशी ज्योति पटेल। नामाक्षर से उत्तराषाढ़ा, तृतीय चरण राशि मकर। नामाक्षर से कुम्भ राशि बारहवीं, राशि होने से 12x2=24000 से अधिक मतों से गोपाल भार्गव विजयश्री को वरण कर सकते हैं।

इसी आधार पर 230 विधान सभा सीटों पर नामाक्षरों के आधार पर ज्योतिष गणनानुसार भाजपा को 119+ तथा कांग्रेस को 104 सीटों की प्राप्ति के योग सम्भव हैं। अन्य दलीय, निर्दलीय, प्रत्याशियों को 9 सीटों के भीतर विजयश्री के संकेत। स्मरण रहे– ज्योतिष सम्भावनाओं का शास्त्र है। इस गणना में विधान क्षेत्र क्रमांक तथा विधानसभा के नामाक्षरों की गणना भी सम्मिलित है।

### प्रस्थान बिन्दु

(1) दिनांक 18.06.2023 से 04.11.2023 के मध्य शनिदेव की वक्री स्थिति ने म.प्र. विधानसभा चुनाव 2023 में ऐसी हलचल सी मचा दी कि कांग्रेस की सरकार बनने वाली है। यह ग्रहीय खेल राहु–केतु के राशि परिवर्तन दिनांक 30.10.2023 को विपरीत राजयोग में परिवर्तित हो गया। इस राजनैतिक नाटक का पटाक्षेप शनि देव का दिनांक 04.11.2023 को वक्री से मार्गी होना।

अब स्थिति स्पष्ट है कि सरकार भाजपा की बनेगी, ऐसे ग्रहीय संयोग बन रहे हैं।

(2) भाजपा का शीर्ष नेतृत्व ज्यादा सजग हो उठा है। तीन केन्द्रीय मंत्रियों के साथ 7 अन्य सांसदों को चुनावी समर में उतार कर पूरी तरह से चुनावी नाकेबंदी कर दी है। इतना ही नहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं गृह मंत्री अमित शाह का चुनावी चक्रव्यूह की संरचना में 29 विधायकों के टिकट काटे।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी चुनावी आचार संहिता लगने से पहले मतदाताओं को उपकृत करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी, विशेष कर महिला मतदाताओं के प्रति दानवीर कर्ण की तरह नजर आये। शालीनता में अप्रतिम व्यक्तित्व के धनी हैं– शिवराज सिंह चौहान।

---

श्री नारायण मिशन, भोपाल

## 57वीं वार्षिक आम निकाय बैठक संपन्न हुई , नई कार्यकारिणी का गठन भी हुआ



भोपाल श्री नारायण मिशन, भोपाल 57वीं वार्षिक आम निकाय बैठक श्री नारायण मिशन भोपाल के सुभाष नगर में अपनी 57वीं वार्षिक आम निकाय बैठक आयोजित की। बैठक की शुरुआत दिवंगत सदस्यों और उनके परिवारों की स्मृति में प्रार्थना से हुई। अध्यक्ष एम एन सदानंदन ने सभी उपस्थित लोगों का स्वागत किया और मिशन के प्रति उनके समर्पण के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। इस अवसर पर श्री नारायण मिशन ने केरल एक्सप्रेस ट्रेन को रानी कमलापति स्टेशन पर रोकने का अनुरोध करते हुए एक ज्ञापन प्रस्तुत करके कैप्टन आर जसेलवन, विधायक, मुंबई का समर्थन मांगा। कैप्टन तमिलसेलवन ने तुरंत ज्ञापन को रेल मंत्री को भेज दिया। महासचिव राजू बी ने 56वीं आम निकाय बैठक के कार्यवृत्त की समीक्षा की, जिसे उपस्थित सदस्यों द्वारा अनुमोदित किया गया।मिशन के कोषाध्यक्ष सुनील कृष्णन ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए लेखा परीक्षा रिपोर्ट प्रस्तुत की। रिपोर्ट को आम निकाय द्वारा अनुमोदित किया गया।बैठक में आगामी कार्यक्रमों और श्री नारायण भवन के जीर्णोद्धार पर भी चर्चा हुई। सभी एजेंडा बिंदुओं पर गहन चर्चा की गई और उन्हें अनुमोदित किया गया।बैठक का समापन एक नई आम निकाय के चुनाव के साथ हुआ। निम्नलिखित समिति सदस्यों को चुना गया- अध्यक्ष- प्रकाशन एस, उपाध्यक्ष- श्यामला सोमन, महासचिव-राजू बी, संयुक्त सचिव-केसी कमलासनन, कोषाध्यक्ष- सुनील कृष्णन, साक्षरता सचिव- शिबू पीआर, प्रचार सचिव-दीपक दामोदरन, कला और सांस्कृतिक सचिव-सत्यभामा प्रभाकरन, देवसोम सचिव- ओके सुरेंद्रननवनिर्वाचित पदाधिकारियों को सभी सदस्यों ने बधाई दी। 57वीं वार्षिक आम निकाय बैठक मिशन के उद्देश्यों के प्रति मजबूत प्रतिबद्धता के साथ संपन्न हुई।

## बुनियाद रिश्तों की 2023, एमपी बिरला सीमेंट का वार्षिक डीलर कॉन्फ्रेंस नई दिल्ली में

नई दिल्ली, एजेंसी। 'बुनियाद रिश्तों की 2023', एमपी बिरला सीमेंट की वार्षिक डीलर कॉन्फ्रेंस (मध्य प्रदेश), नई दिल्ली के यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर में आयोजित हुई, जिसमें डीलरों से संबंधित विभिन्न मामलों को पहचान कर समझने और उनके समाधान पर विचार किया गया। इस तरह का प्रयास ग्राहकों के लिए कंपनी, संगठन के प्रदर्शन पर एक बड़ा प्रभाव डालता है। कंपनी के डीलर पूरे वर्ष बिजनेस को आगे बढ़ाते हैं, इसलिए कॉन्फ्रेंस उन्हें धन्यवाद देने और उन्हें अपडेट करने का एक मौका था ताकि वे ग्राहकों को कंपनी के उत्पादों के बारे में सकारात्मक संदेश दे सकें। कॉन्फ्रेंस में मध्य प्रदेश के 850 से अधिक डीलरों ने भाग लिया।

बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड के एमडी और सीईओ श्री संदीप घोष ने कहा कि कंपनी को प्रदर्शन, नैतिकता और संस्कृति के लिए मान्यता प्राप्त पाने की लिए वर्ग में सर्वश्रेष्ठ बनना होगा। इस लक्ष्य को प्राप्त करने में डीलर कंपनी के भागीदार थे। उन्होंने आगे कहा कि विज़न, वैल्यू, वेलोसिटी और विजिबिलिटी में एक्सीलेंस के 4वी मॉडल शामिल हैं, जिन्हें कंपनी ने सभी कार्यों में दक्षता में सुधार के लिए अपनाया है। डीलरों को विशेष रूप से मदद लॉजिस्टिक्स ऑपरेशंस के डिजिटलीकरण से हुई, जिससे विशेष रूप से विपणन गतिविधियों में वेग और विजिबिलिटी बढ़ी है।

श्री कालिदास प्रमाणिक, प्रेसिडेंट, सेल्स, लॉजिस्टिक्स और मार्केटिंग ने डीलरों और बाजार डेवलपर्स से एमपी बिरला सीमेंट ब्रांडों, विशेष रूप से परफेक्ट प्लस और रक्षक को बढ़ावा देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि हालांकि हमारे दो प्रीमियम ब्रांड, परफेक्ट प्लस और रक्षक, कंक्रीट की बेहतर गुणवत्ता प्रदान करते हैं और लागत बचाते हैं। इसके साथ ही ये सभी प्रकार की निर्माण आवश्यकताओं को भी पूरा करते हैं।

कॉन्फ्रेंस में श्री जीवन आशी, एडीशनल वाइस प्रेसिडेंट, सेल्स एंड मार्केटिंग, मध्य प्रदेश की गरिमामयी उपस्थिति रही। पिछले वर्ष कंपनी के साथ जुड़े और अच्छा प्रदर्शन करने वाले डीलरों को नया सितारा पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

---

# मध्य प्रदेश में उद्योग हेतु अमन, शान्ति, चैन का वातावरण देखने को मिलता हैं - पीयूष गोयल

इंदौर, मध्यप्रदेश के विधानसभा चुनाव में दो पार्टियां मैदान में हैं। भाजपा और दूसरी कांग्रेस, भाजपा राष्ट्र हित और कांग्रेस परिवाद के लिए काम कर रही है। दिग्विजय सिंह और कमलनाथ अपने बेटों को सेट करने में लगे हुए हैं। कांग्रेस आपस में कुर्ताफाड़ राजनीति कर रही है, जिसे जनता देख रही है, इस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी फिर से जनता के आशीर्वाद से सरकार बना रही है। यह बात केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को इंदौर के अभय प्रशाल स्थित संभागीय भाजपा मीडिया सेंटर पर पत्रकार-वार्ता को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि इंदौर की जनता ने सामूहिक प्रयास से स्वच्छता में 6 बार इंदौर ने देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। और यह इंदौर की जनता की जनभागीदारी से ही संभव हुआ है, एक साफ सुथरा शहर ही उद्योग कार्यक्षेत्र हेतु केंद्र बनता है और उद्योग को बढ़ावा देता है।




डबल इंजन की सरकार ने गरीब कल्याण की नीतियों और योजनाओं को संचालन किया केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी एवं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में प्रदेश में डबल इंजन की सरकार गरीबों के कल्याण के लिए नीतियां और योजनाओं का संचालन कर रही है। बीते 18 वर्षों में जनता के सहयोग से बीमारु राज्य कहा जाने वाले मध्यप्रदेश को आज भाजपा सरकार ने विकसित राज्य बनाया है। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तीकरण, बेटियो व बहनों को शिक्षा, कौशल विकास एवं 33 प्रतिशत महिला आरक्षण के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जो ऐतिहासिक नीव रखी है, उससे आर्थिक क्षेत्र में महिलाओ का नेतृत्व का प्रभाव देश की जीडीपी पर भी उज्ज्वल रूप से दिखेगा। उन्होंने कहा कि जी-20 में विश्व भर से आए प्रतिनिधियों ने विश्व और केंद्र में इंदौर की विशेष चर्चा की।गोयल ने कहा कि इंदौर शहर की एक विशेष पहचान है इंदौर उद्योग ही नही आस्था का भी स्तंभ है। मध्य प्रदेश में महाकाल लोक का निर्माण सिर्फ मंदिर का निर्माण ही नहीं, आस्था की मजबूती के साथ पूरे क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा दिया है। उन्हांने कहा कि वंदे भारत से रेल कनेक्टिविटी में बहुत सुधार हुआ हैं, मध्यप्रदेश की जनता के विकास हेतु संपूर्ण मध्यप्रदेश में कई कल्याणकारी काम किए गए हैं। उन्होंने कहा कि हम अपने कामों का लेखाजोखा लेकर पुनः जनता का आशीर्वाद लेने के लिए उतरे हैं और हमें पूर्ण विश्वास है कि जनता भाजपा की फिर से सरकार बनाएगी। इस अवसर पर सांसद शंकर लालवानी, चुनाव संचालन समिति के नगर संयोजक बाबू सिंह रघुवंशी, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी दीपक जैन टीनू, प्रदेश प्रवक्ता गोविंद मालू, नरेंद्र सलूजा, आलोक दुबे, प्रदेश मीडिया टीम सदस्य प्रेम व्यास, जिला मीडिया प्रभारी रितेश तिवारी, सह मीडिया प्रभारी नितिन द्विवेदी, ग्रामीण जिला मीडिया प्रभारी वरुण पाल उपस्थित थे।

---

### मातृ शक्ति का दिया कुमारी को मिल रहा भरपूर समर्थन

# दिया कुमारी के जनसम्पर्क अभियान में महिलाओं में भारी उत्साह

**जयपुर ।** दिया कुमारी का चुनाव प्रचार जोरों शोरों पर है। रविवार के जनसम्पर्क कार्यक्रम के तहत दिया कुमारी ने घर-घर जाकर कमल को विजयी बनाने का आह्वान किया।

दिन के कार्यक्रम की शुरुआत दिया कुमारी ने ÷टीम प्रयास ÷ द्वारा आयोजित स्वच्छता अभियान में शिरकत करके की। इस दौरान उन्होंने वृक्षारोपण किया और जनता से वातावरण के प्रति सजगता बरतने तथा प्लास्टिक का इस्तेमाल पूरी तरह से बंद करने की बात कही। इसके उपरांत दिया कुमारी ने जनसंपर्क अभियान में खातीपुरा मंडल वार्ड 34 के सम्मानित जनों से आशीर्वाद मांगा और विद्याधर नगर में %कमल% खिलाने की अपील की।



इस क्रम में दिया कुमारी ने वार्ड 20 में आयोजित महिला व युवा संवाद कार्यक्रम में उपस्थित जनों के साथ संवाद किया। सम्बोधन के दौरान दिया कुमारी ने मातृ शक्ति का भाजपा को एक तरफ़ा समर्थन होने का दावा किया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम नारी शक्ति को अत्याचार के खिलाफ लड़ने में एक कारगर हथियार साबित होगा। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति का जोश और मातृशक्ति का स्नेह विद्याधर नगर में %कमल% खिलाने के मेरे संकल्प को और दृढ़ कर रहा है।

जनसम्पर्क के अन्य कार्यक्रमों के क्रम में दिया कुमारी ने विद्याधर नगर के प्रमुख समाजों से मुलाकात कर भाजपा के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करने का निवेदन किया। इसके अंतर्गत वार्ड 4 में आयोजित उत्तर प्रदेश और बिहार समाज, राजस्थान प्रवासी महासंगम एवं वार्षिक कैलेंडर विमोचन कार्यक्रम शामिल रहा। इस कार्यक्रम में उन्होंने जनता को सम्बोधित करते हुए कहा कि अगर मैं जीती तो, मेरे प्रवासी भाइयों के हक़ की लड़ाई लड़ूंगी।

देर शाम दिया कुमारी ने मुरलीपुरा वार्ड 17 में जनसभा को सम्बोधित किया। सम्बोधन से पहले दिया कुमारी ने मंदिर दर्शन किए और सर्वमंगल की कामना की और प्रदेश में डबल इंजन की सरकार बनाने का आह्वान किया।

## महिलाओं को सशक्तिकरण चाहिए, मोबाइल नहीं: दिया कुमारी

### कांग्रेस सरकार ने प्रदेश के मान-सम्मान को ठेस पहुंचाई है : दिया कुमारी



जयपुर। दिया कुमारी ने शनिवार को जनसंपर्क के दौरान कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार ने प्रदेश के मान-सम्मान को आहत किया है। यह चुनाव अपने मान-सम्मान को वापिस लेन वाला चुनाव है। उन्होंने जनता से अपील की कि आप कमल का बटन दबाएं और प्रदेश के भविष्य को सुदृढ़ करें।

मीडिया से बात करते हुए दिया कुमारी ने कहा कि कानून व्यवस्था प्रदेश में लगभग न के बराबर है। अपनी कमियों को छुपाने के लिए इनको मुफ़्त में मोबाइल फोन बाँटने पड़े ताकि लोगों का ध्यान उस तरफ न जाये। उन्होंने कहा कि यदि गहलोत जी महिलाओं को सुरक्षा सुनिश्चित कर दिए होते तो ख़राब मोबाइल फोनों पर इतना पैसा व्यर्थ करने की आवश्यकता नहीं होती।

दिया कुमारी ने आज अपने दिन की शुरुआत विद्याधर नगर मंडल के वार्ड 21 के ग्रीन पार्क में जनता जन-संवाद कार्यक्रम से की और जनता का सहयोग और आशीर्वाद मांगा। क्षेत्र की जनता अपने स्नेह और मजबूत समर्थन से विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र में %कमल% खिलाने के लिए उत्साहित है। जनसंपर्क के क्रम में दिया कुमारी ने विद्याधर नगर के मुरलीपुरा मंडल के जमनापुरी कॉलोनी में ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में दीपावली स्नेह मिलन कार्यक्रम में शिरकत की । जनसमपर्क के अगले पड़ाव में दिया कुमारी ने वार्ड 10 में घर-घर जाकर जनता से आने वाले चुनाव के लिए सहयोग माँगा और अधिक से अधिक वोट करने की अपील की। इस दौरान जनता ने विभिन्न पड़ावों पर उनका स्वागत और अभिनन्दन किया। इसके उपरांत दिया कुमारी ने वार्ड 33 में युवा सम्मलेन में भाग लिया और युवा शक्ति में जोश का संचार किया।

---

## अब, आप चन्द ही घंटों में अपने फर्नीचर का पूरा लुक बदल सकते है

**मुंबई, एजेंसी।** त्योहारों के दिन आ गए हैं और हम अपने घरों की दरो-दीवार को पेंट से सजा रहे हैं और सजावट का सामान बदल रहे हैं तो फर्नीचर को क्यों पीछे छोड़ दिया जाना चाहिए? ज्यादातर मामलों में त्योहारी सीजन के दौरान फर्नीचर को बदलने या पूरी तरह से नया लुक देने को नजरअंदाज कर दिया जाता है क्योंकि इसे महंगा, बोझिल और अस्त-व्यस्त करने वाला माना जाता है।

हालांकि, आपके घर का सामान भी एक ताज़ा लुक का हकदार है और वह भी बिना किसी परेशानी के, शोर और धूल के ! फेविकोल रेलम के साथ, फेस्टिव सीज़न में अपने फर्नीचर को नया रूप देना एक परेशानी मुक्त प्रेक्टिस बन जाता है। फेविकोल रेलम का उपयोग करके, अब आप लैमिनेट पर लैमिनेट चिपका सकते हैं और इस प्रकार फर्नीचर रेनोवेशन का प्रोसेस काफी सरल बना सकते हैं और वह भी केवल कुछ घंटों में। फेविकोल रेलम एडहैसिव 7-8 घंटों में तुरंत पकड़ और प्रोसेसिंग की ताकत देता है। इसमें कोई गंध नहीं है। इसका उपयोग करना आसान है और उपयोग से पहले इसको अच्छी तरह से मिक्स करने की भी जरूरत नहीं होती है। फेविकोल रेलम यह सुनिश्चित करता है कि लैमिनेट आसानी से चिपक जाए और बिना किसी गड़बड़ी के एक प्रोफेशनल फिनिश दे। फेविकोल रेलम का उपयोग करके, कोई सीधे पुराने लैमिनेट पर नया लैमिनेट चिपका सकता है और रातों-रात पुराने फर्नीचर का लुक बदल सकता है, जिससे वे वाइब्रेंट और स्टाइलिश दिखेंगे। फेविकोल रेलम, एडहैसिव सॉल्यूशंस में एक विश्वसनीय नाम, आपके फर्नीचर को बदलने के लिए कई संभावनाएं प्रदान करता है। चाहे आप अपनी पुरानी लकड़ी की कुर्सियों को आधुनिक टच देना चाहते हों या एक थकी हुई दिखने वाली कॉफी टेबल को सजाना चाहते हों, फेविकोल रेलम एक विश्वसनीय और उपयोग में आसान सॉल्यूशन प्रदान करता है।

## कोल इंडिया पेंशनर की बैठक कल

छिन्दवाड़ा। कोल इंडिया सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ समिति शाखा छिन्दवाड़ा की बैठक दिनांक 07/11/2023 दिन मंगलवार 12 बजे से मध्यप्रदेश पेंशनर्स सदन में शुक्ला ग्राउण्ड के पास ,परशुराम वाटिका के सामने रखी गई है । संघ की ओर से अध्यक्ष पी.आर.डेहरिया एवं एच.एस.राजपूत कोषाध्यक्ष ,जे.टी.वर्मा उपाध्यक्ष एवं अब्दुल वहीद ,विकास मेंहगिया एवं सदस्यगण ने शिवपुरी एवं न्यूटन चिखली एवं जिले के सभी कोयला के पेंशनरों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में पेंशनर्स उपस्थित होकर बैठक को सफल बनायें ।

## कपास खरीदी मूल्य 7 हजार 1 सौ 51 रुपए प्रति क्विंटल



सौसर। रविवार को राठी जिनिंग इंडस्ट्रीज में कपास खरीदी का मुहूर्त हुआ पहली कपास की गाड़ी घोटी के किसान यशवंत राव बोबडे से खरीदी गई जिसका भाव 7 हजार 1 सौ 51 रुपए प्रति क्विंटल दिया गयाइस अवसर पर राठी इंडस्ट्रीज के संचालक संजय राठी, पूर्व नगराध्यक्ष लक्ष्मण चाके, इंदरचंद डागा, नासीर भाई, नपा उपाध्यक्ष विनोद जुनघरे, गणमान्य नागरिक तथा किसान बंधु उपस्थित थे।

## बिजली लाईन के मेंटनेंस कार्य के दौरान आज एक फीडर में बिजली आपूर्ति रहेगी बंद

छिन्दवाड़ा।म.प्र.पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा बिजली लाईनों का मेंटनेंस कार्य किया जा रहा है तथा 4 नवंबर से प्रारंभ इस कार्य में 8 नवंबर तक 5 फीडरों के क्षेत्र में प्रातः 7 से दोपहर 12 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रहेगी । कंपनी द्वारा बिजली आपूर्ति बंद रहने के दौरान विद्युत उपभोक्ताओं से सहयोग की अपेक्षा की गई है ।म.प्र.पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के कार्यपालन अभियंता (शहर संभाग) ने बताया कि 6 नवंबर को नई आबादी फीडर की विद्युत लाईन से जुड़े क्षेत्र पी.जी.कॉलेज, इंद्रपुरी, नरसिंहपुर नाका, नई आबादी, हलदुलकर, जैन मंदिर, सिवनी प्राणमोती रोड, गणेश कॉलोनी, संकट मोचन, होटल अभिमन्यु, खुशी रजवाडा लॉन, स्टेट बैंक कॉलोनी, गिरजादेवी कॉलोनी, कन्या शिक्षा परिसर, पॉलीटेक्निक कॉलेज, केन्द्रीय विद्यालय, एस.पी.ऑफिस, श्रीवास्तव कॉलानी, रामबाग, इंदिरा नगर, श्रीवास्तव कॉलोनी, कृष्णा मंदिर, पूजा शिवी लॉन व सिवनी प्राण मोती आदि क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बंद रहेगी।

## मतदाताओं के लिये वेबसाइट पर ई-ईपिक की सुविधा

छिन्दवाड़ा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत मतदाताओं के लिये ई-ईपिक कार्ड को डाउनलोड करके ई-ईपिक कार्ड प्राप्त करने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इसके लिये मतदाता वेबसाइट के माध्यम ई-ईपिक कार्ड प्राप्त कर सकते हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मनोज पुष्प ने बताया कि ई-ईपिक कार्ड के लिये प्रथम स्टेप में मतदाता को वेबसाइट में वोटर पोर्टल पर रजिस्टर कर लॉग इन करना होगा और इसके बाद व्दितीय स्टेप में ई-ईपिक डाउनलोड ऑप्शन पर जाकर ईपिक नंबर दर्ज करना होगा।

# छिंदवाड़ा सिम्स का बजट आधा क्यों किया: भूपेन्द्र गुप्ता



छिन्दवाड़ा। भाजपा ने अठारह साल प्रदेश में भ्रष्टाचार, लूट और घोटाले की सरकार चलाई जिसमें उन्होंने भगवान और भक्त किसी को नहीं छोड़ा। वर्तमान सरकार युवाओं को रोजगार देने में विफल है, इसीलिये आज म.प्र. में 3 करोड़ नौजवान बेरोजगार है और 1 करोड़ 20 लाख युवा ई श्रम पर पंजीकृत भी है जो महज 8 से 10 हजार रुपयों की मानसिक वेतन पर कार्य करने को मजबूर है। यह तथ्यात्मक आंकड़े पोर्टल पर दर्ज है, जो मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की हवा हवाई घोषणाओं और वादों की पोल खोल रहे हैं। पत्रकार वार्ता में प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष मीडिया विभाग भूपेन्द्र गुप्ता ने व्यक्त किये। स्थानीय राजीव कांग्रेस भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुये भूपेन्द्र गुप्ता ने कोरोना संक्रमण काल के दौरान भाजपा सरकार की लापरवाही से प्रदेश में निर्मित हुई भयावाह स्थिति का उल्लेख करते हुये कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के प्रयासों से छिन्दवाड़ा ने वह दिल दहलाने वाली परिस्थितियां नहीं देखी, किन्तु प्रदेश के अन्य जिलों में लोग ऑक्सीजन, रेमडेसिविर और फेबिफ्ल्यू की गोलियों के लिये भटकते रहे और इसे भाजपा के कई नेताओं ने अवसर समझा। भाजपा नेता अस्पताल में बिस्तर, फर्जी इंजेक्शन एवं गोलियां बेचते हुये पकड़े गये। प्लाज्मा इलाज की दुकानें खोली गई। प्रदेश सरकार जब ऑक्सीजन जुटाने में नाकाम रही तब उन्होंने कमलनाथ से आग्रह किया और उन्होंने ऑक्सीजन उपलब्ध कराई। इतना ही नहीं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कोरोना से मौत के आंकड़ों में भी खूब हेराफेरी की और तीन बार आंकड़े बदले ताकि अपनी नाकामी को छिपा सके। नकली नर्सिंग होम और कॉलेजों का खुलासा हुआ, जांच प्रारम्भ हुई लेकिन आज तक किसी नतीजे पर नहीं पहुंची। भाजपा इन सवालों का जवाब नहीं देती। श्री गुप्ता ने कहा कि भाजपा आरोप लगाती है कि कांग्रेस सरकार में तीर्थ दर्शन योजना बंद थीं, जबकि हकीकत यह है कि तीन बार बुजुर्गों को कमलनाथ की सरकार में तीर्थ दर्शन कराये गये। मीडिया के माध्यम से प्रश्न उठाते हुये भाजपा से जवाब मांगें कि छिन्दवाड़ा सिम्स का बजट आधा क्यों किया। विश्वविद्यालय के लिये 487 करोड स्वीकृत किये वह राशि कहां गई। कृषि एवं हॉर्टिक्ल्चर महाविद्यालय के लिये स्वीकृत 150-150 करोड़ की राशि कहां गई ? आखिर भाजपा छिन्दवाड़ा से सौतेला व्यवहार क्यों करती है इन सवालों का जवाब देने की बजाये भाजपा विपक्ष से सवाल पूछती है।

# सिल्लेवानी में दिखा बाघ, दहशत में राहगीर



छिंदवाड़ा। दक्षिण वनमंडल के सिल्लेवानी क्षेत्र में सड़क किनारे बाघ दिखने से हड़कंप मच गया जैसे ही वाहन चालकों को दिखा वह तत्काल जगह पर रूक गए इसके बाद वाहनों की कतार लग गई हालाकि वाहनों की रोशनी से बाघ ज्यादा देर नहीं रूका और वह जंगल की ओर चल दिया। बाघ की चहलकदमी से रात्रि के वक्त गुजरते समय सावधानी बरतने की आवश्यकता है। सौंसर वनपरिक्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में करीब दो माह से वन प्राणियों की मूवमेंट बनी हुई है। लगातार इन क्षेत्रों में बाघ एवं तेंदूए अक्सर विचरण करते हुए देखा जा सकता है। वहीं जंगल से सटे कुछ गांवों में इनके द्वारा पालतू पशुओं का शिकार भी किया जाते रहा है। दरअसर यह मामला दक्षिण वनमंडल क्षेत्र के सिल्लेवानी रेंज में ग्राम आमला जो की नागपुर, हाईवे से लगा हुआ है। यहा देर रात राहगीरों द्वारा बाघ को सड़क के किनारे देखा गया जिसको देखने के बाद आने जाने वाले लोगों में दहशत का माहौल है। इधर पश्चिम वनमंडल के सांवरी रेंज में ग्राम कखराई में भी किसान के एक खेत में जंगली जानवर के पगमार्ग मिले हैं जिसके बाद ग्रामीणों में दहशत है। ग्रामीणों वन विभाग के अधिकारी को फोन लगाया लेकिन उन्होने नहीं उठाया।

# रैली और नुक्कड़ नाटक द्वारा मतदान के लिये किया प्रेरित



छिन्दवाड़ा। छिंदवाड़ा/पांढुर्णा जिले के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 125-सौंसर और 128-पांढुर्णा में स्वीप प्लान में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत जागरूकता रैली और नुक्कड़ नाटक द्वारा मतदाताओं को जागरूक कर मतदान के लिये प्रेरित किया जा रहा है। इसी क्रम में गत दिवस विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 125-सौंसर के ग्राम बेरडी के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा ग्राम में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई तथा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 128-पांढुर्णा की ग्राम पंचायत बंधान में स्वीप गतिविधि के अंतर्गत मतदाता जागरूकता के लिये विभिन्न गतिविधियों और पांढुर्णा नगर शासकीय विज्ञान महाविद्यालय पांढुर्णा की राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थियों द्वारा ग्राम मगज में मतदाता जागरूकता रैली निकालकर व नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन कर ग्रामीणों को मतदान करने के लिए जागरूक किया गया। साथ ही सभी को मतदान करने और दूसरों को भी मतदान के लिए प्रेरित करने की शपथ दिलाई ।

## घर की बिटिया का घर में सम्मान

### शिक्षिका डॉक्टर मनीषा जैन का सम्मान

### मंडल एवं फेडरेशन ने किया राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित



छिंदवाड़ा। छिंदवाड़ा के अहिंसा स्थली गोल गंज स्थित वीतराग भवन में शिक्षा जगत में उत्कृष्ट कार्य हेतु राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित जैन समाज सहित छिंदवाड़ा की बिटिया डॉक्टर मनीषा जैन को श्री दिगम्बर जैन मुमुक्षु मंडल, अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन एवं प्रियकारणी महिला मंडल द्वारा विशेष समारोह में सकल जैन समाज की उपस्थिति में सम्मानित किया गया। फेडरेशन सचिव दीपक राज जैन ने बताया इस वर्ष 15 अगस्त के शुभ दिन भोपाल में मध्य प्रदेश के राज्यपाल के हस्ते शिक्षा जगत की गौरव शिक्षिका डॉक्टर मनीषा जैन को सम्मानित किया गया जो छिंदवाड़ा सहित सकल जैन समाज के लिए गौरव की बात हैं।

इस उपलब्धि पर मंडल एवं फेडरेशन के जिनशासन सेवक अशोक जैन, दीपक राज जैन, डॉ. अभिषेक शास्त्री, आयूष शास्त्री, श्रीमती रानी जैन, ऊषाकिरण जैन, सुनीता जैन एवं वर्षा पाटनी ने उन्हें शॉल, श्रीफल एवं प्रशस्ति से सम्मानित कर उनका अभिनंदन किया।

सम्मान समारोह के दौरान डॉ. मनीषा जैन कहा कि घर की बिटिया का घर में सम्मान नहीं उसे प्यार और आशीर्वाद दिया जाता हैं। उन्होंने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय जिनशासन सेविका श्रीमती कुसुमलता पाटनी एवं प्रेरणास्त्रोत बाल ब्रह्मचारणी डॉक्टर आरती जैन को दिया, साथ ही बेटियों से अपील करते हुए कहा की आप अपने अभिभावकों सहित अपनी समाज एवं धर्म की गौरव होती हैं अत: अपने चरित्र निर्वाण में पूरी ताकत लगाकर अपने पूज्य माता पिता, गुरुजनों सहित समाज एवं देश का गौरव बढ़ाए। अपने सम्मान के लिए उन्होंने मुमुक्षु मंडल एवं अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन का आभार व्यक्त किया।

## 7 से 30 नवम्बर तक पूर्णतः रहेगा प्रतिबंधित एग्जिट पोल

### भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचना जारी



छिन्दवाड़। मध्यप्रदेश विधानसभा निर्वाचन 2023 की आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि आदर्श आचरण संहिता के दौरान 7 नवम्बर की सुबह 7 बजे से 30 नवम्बर की शाम 6:30 बजे तक निर्वाचन के संबंध में किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल का आयोजन तथा प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में इसके परिणाम का प्रकाशन या प्रचार अथवा किसी भी अन्य तरीके से इसका प्रचार-प्रसार करने पर प्रतिबंध रहेगा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 31 अक्टूबर 2023 को इस आशय की अधिसूचना जारी कर दी गई है। यदि कोई व्यक्ति इस प्रावधान का उल्लंघन करेगा, तो ऐसी अवधि के कारावास से जो दो वर्ष तक की हो सकेगी या जुर्माने से या दोनों से, दण्डनीय होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मनोज पुष्प द्वारा इस संबंध में सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये हैं।कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री पुष्प ने बताया कि जारी अधिसूचना में स्पष्ट किया गया है कि निर्वाचन के दौरान सभी मतदान क्षेत्रों में मतदान की समाप्ति के लिये नियत समय पर समाप्त होने वाले 48 घण्टों के दौरान किसी भी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में किसी भी ओपिनियन पोल या किसी अन्य मतदान सर्वेक्षण के परिणामों सहित किसी भी प्रकार के निर्वाचन संबंधी मामलों के प्रदर्शन पर प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने बताया कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 126-क में यह प्रावधानित किया गया है कि कोई भी व्यक्ति कोई निर्गम मत सर्वेक्षण नहीं करेगा और किसी निर्गम मत सर्वेक्षण के परिणाम का ऐसी अवधि के दौरान जो निर्वाचन आयोग द्वारा इस संबंध में अधिसूचित की जाए, प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से प्रकाशन या प्रचार या किसी भी प्रकार की अन्य रीति से प्रसार नहीं करेगा।

## 10 किलोवाट की आकाशवाणी किन्तु चलाते 5 किलोवाट पर

### आवाज जिले के कोने कोने में नहीं पहुंचती

छिंदवाड़ा। छिंदवाड़ा आकाशवाणी की क्षमता 10 किलोवाट की है, किन्तु आकाशवाणी के अधिकारी इसे पांच किलोवाट से ज्यादा नहीं चलाते जिससे जिले के कोने कोने में आकाशवाणी का प्रसार नहीं हो रहा है। आकाशवाणी में केन्द्र निदेशक भी पिछले कई वर्षो से नहीं हैं। जिससे उसकी स्थिति अनाथ जैसी हो गई है। तत्कालीन सूचना प्रसारण मंत्री रविशंकर प्रसाद जब छिंदवाड़ा आए थे तब उनसे किलोवाट बढ़ाने की बात कही गई थी। तब किलोवाट तो बढ़ गया किन्तु तकनीकी अधिकारियों द्वारा 10 किलोवाट में प्रसारण नहीं कराया जाता है। बताया जाता है कि अधिकारी डरते हैं कि 10 किलोवाट में मशीन चलाने में कजपुर्जे खराब हो जावेंगे। 10 किलोवाट में स्टेशन चलेगा तो नागपुर, जबलपुर, नरसिंगपुर एवं बैतूल तक छिंदवाड़ा आकाशवाणी की आवाज सुनाई देगी श्रेताओं ने प्रधानमंत्री एवं सूचना प्रसारण मंत्री को शिकायत की है कि 10 किलोवाट पर प्रसारण हो एवं विगत सात आठ वर्षो के रिकार्ड की भी जांच हो जिससे वास्तविकता का पता चल सके(

## ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग करने की अनुमति प्रदाय

छिन्दवाड़ा। विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत अभ्यर्थियों को प्रचार-प्रसार के लिये विभिन्न प्रकार की अनुमतियां प्रदान की जा रही हैं । इसी क्रम में रिटर्निंग ऑफिसर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 126-छिंदवाड़ा श्री पार्थ जैसवाल द्वारा इंडियन नेशनल कांग्रेस के आवेदक श्री नंदकिशोर सूर्यवंशी को विभिन्न शर्तों के अधीन प्रचार-प्रसार कार्य के लिये 14 नवंबर तक प्रातः 6 से रात्रि 10 बजे तक और 15 नवंबर को प्रातः 6 से शाम 5 बजे तक 10 वाहनों व ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग करने की अनुमति प्रदान की गई है ।

# 2 किलो 500 ग्राम अवैध गांजा के साथ एक आरोपी को किया गिरफ्तार



छिंदवाड़ा। चुनाव आदर्श आचार संहिता के दौरान अवैध मादक पदार्थों के क्रय-विक्रय व परिवहन पर अंकुश लगाने हेतु पुलिस द्वारा सतत् निगरानी व धरपकड़ करने हेतु कार्यवाही की जा रही थी। रविवार को पुलिस अधीक्षक विनायक वर्मा के मार्ग दर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह के निर्देशन व नगर पुलिस अधीक्षक अजय राणा के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई थी। टीम द्वारा जरिये मुखबिर सूचना पर मेन रोड़ के पास कसार ढाना जाने वाला मार्ग घाट परासिया थाना कुण्डीपुरा क्षेत्र में पहुंचकर मुखबिर के बताये अनुसार आरोपी तेजराम वर्मा पिता मोहर सिंह वर्मा उम्र 63 साल निवासी कसार ढाना घाट परासिया थाना कुण्डीपुरा जिला छिन्दवाडा को घेराबंदी कर पकड़ा गया जिसके कब्जे से 02 किलो 50 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमती करीब 25,000/- रूपये को जप्त कर मौके की कार्यवाही कर आरोपी तेजराम वर्मा को गिरफ्तार कर असल अप क्रमांक 699/2023 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी तेजराम वर्मा को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जाता है।

### इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका

थाना प्रभारी उप निरी. महेन्द्र शाक्य,,उप निरी. पंकज राय, उप निरी. आशीष बरकडे, सउनि डोल सिंह बरकडे, प्रधान आरक्षक क्र.501 संतोष बघेल, प्रधान आरक्षक क्र. 36 बसंत भलावी, आरक्षक क्रमांक 1039 युवराज बिसेन, आरक्षक क्र.907 करन रघुवंशी, म. आरक्षक क्र.921 मेमवती बरकडे, म. आरक्षक क्र.95 रजनी सनोडिया।

# कमलेश शाह ने लिया जनता से आशीर्वाद कांग्रेस प्रत्याशी का जनसम्पर्क



हर्रई/अमरवाड़ा। विधानसभा के लोकप्रिय विधायक कमलेश प्रताप शाह ने हर्रई नगर में जनसंपर्क कर जनता का आशीर्वाद प्राप्त किया। नगर एवं क्षेत्र के हजारों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में ढोल बाजों के साथ राजमहल हर्रई से जनसंपर्क रैली का शुभारंभ हुआ, श्री शाह द्वारा नगर के विभिन्न वार्डों में घर-घर भ्रमण कर विजय श्री का आशीर्वाद लिया गया। रैली के दौरान नगर में जगह-जगह नगर वासियों ने अमरवाड़ा विधायक राजा कमलेश प्रताप शाह का तिलक लगाकर एवं फूल माला पहनाकर आत्मीय अभिनंदन किया एवं तीसरी बार विधायक बनने की अग्रिम शुभकामनाएं प्रेषित कीं। अमरवाड़ा विधानसभा में कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कमलनाथ को मुख्यमंत्री बनाने के साथ ही विधायक कमलेश शाह को तीसरी बार विधायक बनाने हेतु जनता में खासा उत्साह देखा जा रहा है। शहर से लेकर गांव-गांव तक कांग्रेस की लहर देखी जा रही है। विगत विधानसभा चुनाव की अपेक्षा इस बार अमरवाड़ा विधानसभा में कार्यकर्ताओं के अपार उत्साह एवं कांग्रेस के घोषणा पत्र में नारी सम्मान योजना सहित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं को दी गई प्राथमिकता के साथ ही विधायक श्री शाह द्वारा क्षेत्र में विधायक निधि के माध्यम से कराए गए विकास कार्यों के परिणामस्वरूप अमरवाड़ा विधानसभा में कांग्रेस की एक तरफा जीत के संकेत स्पष्ट दिखाई दे रहे हैं। जनसंपर्क रैली में विधायक श्री शाह के साथ पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रानी श्रीमती माधवी शाह, समस्त कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी गण, बड़ी संख्या में नगर वासी एवं क्षेत्रवासी, कांग्रेस के सभी अनुसांगिक संगठनों के कार्यकर्ता,नगर के बुजुर्ग,युवा एवम् महिलाएं उपस्थित रहीं।

## मतदान जैसे महापर्व में सभी मतदाता करें मतदान:विनोद तिवारी

### रासेयो स्वयं सेवकों ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान




छिंदवाड़ा। जिला प्रशासन एवम शिक्षा विभाग के निर्देशन में ज्ञान ज्योति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खजरी छिंदवाड़ा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा स्वीप प्लान के अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमे बच्चो को मतदान के महत्व समझाया गया एवम रासेयो कार्यक्रम अधिकारी विनोद तिवारी ने एन एस एस स्वयं सेवकों को शपथ दिलाते हुए कहा की 17 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव में निर्भीक एवम निष्पक्ष होकर मतदान करने एवम बिना भय एवम लालच के अपने स्वयं के विवेक से अपने पसंदीदा प्रत्याशी का चयन करने मतदान केंद्र में जाकर मतदान अवश्य करे। साथ ही जिनकी उम्र 18वर्ष हो चुकी है जिनका नाम मतदाता सूची में शामिल है वे इस मतदान जैसे महापर्व में अवश्य जावे इसकी जागरूकता भी समाज में लाने का संकल्प लिया।साथ ही बुजुर्ग एवम दिव्यांग जन मतदान करने जा पाए इस हेतु जागरूक करने का भी संकल्प रासेयो स्वयं सेवकों ने लिया।इस अवसर पर रासेयो स्वयं सेवकों के साथ साथ स्कूल की शिक्षिका श्रीमती माया पांडे,श्रीमती उमा उइके,सुश्री साधना धुर्वे,अभिषेक विश्वकर्मा,श्रीमती उर्मिला घोगरे शामिल थी।

## सतरह नवम्बर को जिले और प्रदेश का भविष्य आपको बदलना है: कमलनाथ



छिन्दवाड़ा। म.प्र और हमारा छिन्दवाड़ा जिला कृषि प्रधान है, हमारी आर्थिक गतिविधियां कृषि से होने वाली आय पर निर्भर करती है पर इस ओर भाजपा सरकार ने कोई ध्यान ही नहीं दिया। अठारह वर्षो से भाजपा ने किसान को केवल एक ही सपना दिखाया कि उनकी आय दोगुनी होगी, आय तो दोगुनी नहीं हुई किसानों की हाय अवश्य दोगुनी हो गई है। उक्त उदगार आज प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष, पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने लहगडुआ में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करते हुये व्यक्त किये। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने विशाल जनसभा को सम्बोधित करते हुये कहा कि मेरा लक्ष्य कृषि क्षेत्र को मजबूत करना है और इस दिशा में हम आगे भी बढ़ रहे थे। पंद्रह माह की कांग्रेस सरकार में प्रदेश के 27 लाख किसानों का कर्जा माफ किया। छिन्दवाड़ा जिले के 75 हजार किसानों को कर्जमुक्त किया गया और आगे भी कर्जमाफी की योजना सतत जारी रहती, परन्तु भाजपा ने षड़्यंत्र कर सरकार गिरा दी। अगर मैं सौदा करता तो सरकार बच जाती किन्तु सौदेबाजी से हमारे छिन्दवाड़ा जिले का नाम बदनाम होता और मैं यह नहीं चाहता था। पूर्व सीएम नाथ ने सवाल उठाते हुये कहा कि भाजपा अगर किसान हितैषी है तो उन्होंने ऋण माफी योजना को प्रारंभ क्यों नहीं रहने दिया।कमलनाथ ने कहा कि अब वक्त आ चुका है कि आप सभी को प्रदेश और जिले का भविष्य बदलना है। मैंने छिन्दवाड़ा के लिये क्या और कितना किया है यह आप लोगों को बताने की आवश्यकता नही।

## जल संसाधन विभाग ने स्वीकृत के बाद भी समय पर नहीं दी स्टाप डेम के लिये पटिया



परासिया। विधानसभा क्षेत्र तहसील परासिया के अंतर्गत, सिरगौरी खुर्द के समीप पेच नदी में निर्मित स्टॉप डैम के गेट जल संसाधन विभाग द्वारा लगाए जा रहे हैं। स्टॉप के गेट की तकनीकी खामियों के कारण डेम में संग्रहित जल धीरे-धीरे कर लीक होता है जिससे कुछ दिनों में डेम का पानी खाली हो जाता है और क्षेत्र में जल संकट गहरा जाता है। इसीलिये सिरगौरी खुर्द सरपंच लगातार प्रयासरत शासन द्वारा सिरगोरी खुर्द की पेच नदी में स्टाप डेम का निर्माण कर जल संकट दूर करने का प्रयास किया गया था, लेकिन स्टाप मैं लगाएं जाने वाले घटिया क्वालिटी गेट के कारण ग्रामीणों को पर्याप्त जल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है । स्टाप डेम में नियमित जल संग्रहित हो सके और ग्रामीण को इसका लाभ ले सके, इसको लेकर सिरगोरी खुर्द की सरपंच श्रीमती चित्रा डेहरिया ने इस संबंध में जल संसाधन विभाग की कार्यपालन अभियंता और जिले के अधिकारियों के समक्ष उक्त समस्या रखी थी जिस पर जल संसाधन विभाग में प्रदेश के जल संसाधन विभाग भोपाल में 140 पटिया के लिए स्वीकृति प्रदान की है लेकिन भोपाल से अभी तक सिरगोरी खुर्द को उक्त गेट की पटिया नहीं मिली है। समय पर पटिया नहीं आने के कारण जल संसाधन विभाग ने वही पुरानी घटिया गेट पुनः लगा दिया है।एक तरफ इस स्टाप डेम में पानी रुकता है वही दूसरी तरफ गेट की तकनीकी खामिया और पटिया से धीरे-धीरे पानी बह जाता है, डेम में बमुश्किल 10 से 15 दिनों तक पानी संग्रहित होने के बाद पूरा जल बह जाता है। जिससे सौकडो ग्रामीण किसानो और हजारों पालतू जानवरों के लिए गर्मियों में जल संकट गहरा जाता है। क्षेत्र में जल की त्राहि त्राहि मची रहती है।जिससे यह स्टाप डेम ग्रामीणों के लिए अनुपयोगी साबित हो रहा है ।, सिरगोरी खुर्द की सरपंच श्रीमती चित्रा डेहरिया बताया है कि, ग्रामीण किसानो को एवं पालतू जानवरों ,को जल पर्याप्त जल उपलब्ध कराने के लिए अधिकारियों से संपर्क बनाए हुए हैं। संसाधन विभाग इस डेम के लिए 140 पाटिया की स्वीकृति प्रदान कर दी है, समय में गेट नहीं मिलने के कारण पुराने गेट लगाएं गए हैं पटिया मिलने के बाद पुनः गेट लगाएं जाएंगे।

# जयंत ने नेपाल में आयोजित फ़र्राटा दौड़ में गोल्ड मेडल जीतकर लहराया भारतीय तिरंगा,

### इंडियन वेटरन्स आर्गेनाइजेशन और सौसर फिजिकल एकेडमी किया स्वागत



सौंसर। नेपाल के पोखरा में दिनाँक 26 से 29 अक्टूबर 2023 तक हुए इंटरनेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप में विभिन्न देशों से आए प्रतियोगियों को हराते हुए भारत की ओर से अपनी जन्मस्थली सौसर का नाम ऊंचा किया। 200 मीटर फ़र्राटा रेस में हमारे निखिल श्री पंचम दद्घाए तथा 100 मीटर फ़र्राटा रेस में जयंत रमेश लोखंडे इन दोनो ने अलग अलग ईवेंट में गोल्ड मेडल जीतकर नेपाल में भारतीय राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लहराते हुए राष्ट्रगीत जन गण मन अधिनायक जय हेज्की गूँज पूरे विश्व को सुनाई । इन दोनों विजेता बालकों का आज इंडियन वेटरन्स आर्गेनाइजेशन और सौसर फिजिकल एकेडमी के द्वारा भव्य स्वागत किया साथ ही बस स्टैंड से छत्रपति शिवाजी महाराज चौक तक विजय रैली निकाल कर बच्चो को भविष्य और सफल होने के साथ साथ और बच्चों में जागरूकता और प्रेरणा मिलती रहे इसलिए इनका हौसला अफजाई के लिए प्रेरणात्मक स्वरूप रैली का आयोजन किया गया।इन दोनो बच्चों के परिवारजन भी बहुत खुश है कि, हमारे बच्चे पढ़ाई के साथ साथ खेल में रुचि रखते हुए भारत की शान बढ़ा रहे है और सौसर के लिए गर्व की बात है इन दोनो बच्चों ने बहुत लगन व परिश्रम से प्रशिक्षण लिया था। इस गौरवशाली उपलब्धि का श्रेय उन्होंने अपने-अपने माता पिता के साथ ही सौसर फिजिकल एकेडमी के मुख्य प्रशिक्षक वेटेरन फूल सिंह इवनाती सर दिया जिनके मार्गदर्शन से ही आज सौसर के बच्चोंने जीत दिलाई और विशेषत: मुख्य रूप से सौसर की मिडास कोचिंग संस्थान प्रबंधन विकास सिंह सर और किशन सिंह सेंगर को दिया, जिनके कारण बच्चो का रजिस्ट्रेशन शुल्क खुद से देकर सहायता की गई जिस वजह से हम इंटरनेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप जा पाए और गोल्ड मेडल हासिल किए। नेपाल तक का सफर करने में एक स्थानीय समाजसेवी का नाम भी है जो कि, इन बच्चों से जानकारी में मिला, सदैव ही सकारात्मक सोच के साथ हमेशा हर किसी के लिए मदद को तैयार रहने वाले इंडियन वेटरेंस ऑर्गनाइजेशन छिन्दवाड़ा के जिला महासचिव वेटेरन प्रदीप कलसकर जिन्होंने अपने प्रयासों से क्षेत्रीय लोगो से संपर्क किया और हमारे नेपाल जाने के लिए व्यवस्था बनाने के साथ साथ हमे आश्वस्त किया कि, आप नेपाल जाओगे और गोल्ड लेकर ही आओगे हमे हौसला दिलाया द्य हमे गर्व है कि, हमारे स्थानीय पूर्व सैनिकों व निवासियों ने हमारी मदद की।

# महादेव ऐप घोटाला सामने आने के बाद केंद्र का एक्शन, 22 फर्जी वेबसाइट और ऐप्स पर लगाया बैन

**नई दिल्ली।** महादेव ऐप का कथित घोटाला सामने आने के बाद केंद्र सरकार ने फर्जी ऐप और वेबसाइट्स पर बड़ा एक्शन लिया है। सूत्रों के मुताबिक, सरकार ने 22 फर्जी ऐप और वेबसाइट्स को ब्लॉक करने का आदेश दिया है। बता दें कि महादेव ऐप घोटाले मामले में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को नाम सामने आ रहा है।

ईडी ने शुक्रवार को दावा किया था कि फॉरेंसिक विश्लेषण और एक कैश कूरियर (नकदी पहुंचाने वाले व्यक्ति) द्वारा दिए गए बयान से ये चौंकाने वाले आरोप सामने आए हैं कि महादेव सट्टेबाजी ऐप के प्रवर्तकों ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को अब तक लगभग 508 करोड़ रुपये का भुगतान किया है और %%यह जांच का विषय है।%% कथित एजेंट, 38 वर्षीय असीम दास के पास से 5.39 करोड़ रुपये नकद बरामद करने के बाद उसे एजेंसी ने रायपुर में गिरफ्तार कर लिया। उसे कथित तौर पर संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से ऐप के प्रवर्तकों द्वारा विशेष रूप से, (छत्तीसगढ़ में) सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी के चुनाव प्रचार खर्चों के लिए बड़ी मात्रा में नकदी पहुंचाने के वास्ते भेजा गया था।




भाजपा हमलावर

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने महादेव सट्टेबाजी ऐप से जुड़े कथित घोटाले को लेकर कांग्रेस पर रविवार को हमला तेज कर दिया और इसके पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के साथ-साथ छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मामले में पैसों के लेन-देन में उनकी कथित भूमिका स्पष्ट करने को कहा। दिल्ली में भाजपा मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने आरोप लगाया कि मामले में सामने आ रहे तथ्यों से संकेत मिलता है कि भ्रष्टाचार और धोखाधड़ी के नये तरीके ईजाद करने में कांग्रेस का कोई मुकाबला नहीं है।

त्रिवेदी ने कहा, चाहे भ्रष्टाचार के नये-नये तरीके ईजाद करना हो, या इसके नये मानक स्थापित करना हो, कांग्रेस पार्टी आज इस बात का जीता-जागता सबूत है कि कोई उसकी बराबरी नहीं कर सकता। उसने अब अपने ही पिछले रिकॉर्ड को तोड़ते हुए एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। मीडिया में आई खबरों का हवाला देते हुए त्रिवेदी ने कहा कि दुबई में मौजूद एक व्यक्ति ने दावा किया है कि वह सट्टेबाजी ऐप का मालिक है और उसने स्पष्ट रूप से छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री बघेल और उनके सहयोगियों को पैसे देने की बात भी कही है।

भाजपा नेता ने आरोप लगाया, आए दिन हो रहे नये खुलासों को देखते हुए यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि जिस तरह से कांग्रेस भ्रष्टाचार और धोखाधड़ी के नये-नये तरीके ईजाद कर रही है, छत्तीसगढ़ सरकार ने उसमें शायद एक नया आयाम जोड़ दिया है। शायद वह नटवरलाल और चार्ल्स शोभराज जैसे कुख्यात अंतरराष्ट्रीय ठगों को भी पीछे छोड़ रही है।

## रवि पुष्य नक्षत्र पर शहर के बाजारों में हुई जमकर खरीदारी

**भोपाल।** रवि पुष्य नक्षत्र पर राजधानी के बाजार मुस्कुरा उठे। चौक, न्यू मार्केट, संत हिरदाराम नगर, भेल, कोलार, एमपी नगर सहित सराफा, आटोमोबाइल, इलेक्ट्रानिक्स, इलेक्ट्रिकल्स , कपड़ा, सजावटी सामग्री की दुकानों व शोरूम पर ग्राहकों की अच्छी-खासी भीड़ देखने को मिली। शाम के समय भीड़ अधिक होने से बाजारों में पैर रखने की जगह नहीं बीच। बाजार विशेषज्ञों के अनुसार रवि पुष्य नक्षत्र में विभिन्न सेक्टरों में धन की वर्षा हुई। 200 करोड़ रुपये का कारोबार होने का अनुमान है। आटोमोबाइल सेक्टर में रवि पुष्य नक्षत्र के चलते खूब दो व चार पहिया



वाहन बिके। सामान्य दिनों की अपेक्षा 20 प्रतिशत अधिक वाहनों की बिक्री हुई। भोपाल आटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष आशीष पांडे ने बताया कि शनिवार को शनि पुष्य नक्षत्र में गाड़ियों की बुकिंग हुई थी। रविवार को कई लोगों ने गाड़ियां बुकिंग के अलावा खरीदी भी।

**45 प्रतिशत बढ़ा करोबार-** भोपाल सराफा महासंघ के प्रवक्ता नवनीत कुमार अग्रवाल ने बताया कि शनिवार को शनि व रविवार को रवि पुष्य नक्षत्र में सराफा का कारोबार 45 प्रतिशत तक बढ़ा। सामान्य दिनों में 25 से 30 प्रतिशत कारोबार होता है। दीपावली तक सराफा का कारोबार 100 में 80 प्रतिशत तक पहुंचने की उम्मीद है। लोगों ने सोने की अंगूठियां, झूमके, चेन व गले के हार व चूड़ियां खूब खरीदीं।

**30 प्रतिशत टीवी, मोबाइल व इलेक्ट्रानिक्स वस्तुएं बिकीं-** शहर के एमपी नगर, न्यू मार्केट, 10 नंबर, संत हिरदाराम नगर समेत अलग-अलग स्थानों पर बने शापिंग माल व शोरूम में 30 प्रतिशत टीवी, मोबाइल समेत अन्य इलेक्ट्रानिक्स वस्तुओं की बिक्री हुई। दीपावली से पहले लोगों ने घरों का रंग-रोगन कराने के बाद घर में नई टीवी, फ्रीज, वाशिंग मशीन समेत अन्य सामग्री खरीदी।

दीपावली के चलते लोगों ने पुष्प नक्षत्र के चलते रविवार को अवकाश होने पर कपड़ों की खरीदारी की। किराना सामग्री खरीदी। शापिंग माल से लेकर दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ रही। घरों के लिए सजावटी सामग्री भी खरीदी।

## इनामी बदमाश को गिरफ्तार करने गए पुलिसकर्मियों से मारपीट

**उज्जैन।** मक्सी रोड स्थित पंवासा निवासी इनामी बदमाश को गिरफ्तार करने के लिए शनिवार रात पंवासा पुलिस पहुंची थी। आरोपित व उसकी मां व बहन ने पुलिसकर्मियों पर हमला कर दिया। इससे दो पुलिसकर्मी घायल हो गए। पुलिस ने तीनों के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा का केस दर्ज किया है। आरोपित के खिलाफ आगर में लूट का केस दर्ज है। उस पर तीन हजार रुपये का इनाम भी घोषित है।

पंवासा टीआइ करण खोवाल ने बताया कि शनिवार रात पंवासा क्षेत्र में रहने वाले बदमाश कार्तिक के बारे में सूचना मिली थी कि वह अपने घर पर आया हुआ है। इस पर थाने से एसआइ सावित्री कटारा, आरक्षक वीरेंद्र जाट, अविनाश व अन्य पुलिसकर्मी कार्तिक को गिरफ्तार करने के लिए गए थे। पुलिस टीम ने कार्तिक को जैसे ही उसके घर से गिरफ्तार किया उसकी मां संगीता व बहन मोनिका व उसने पुलिसकर्मियों पर हमला कर दिया और ईंट फेंकना शुरू कर दिया। इससे आरक्षक वीरेंद्र व अविनाश घायल हो गए। कार्तिक के खिलाफ चिमनगंज, पंवासा व आगर के कानड़ में 14 केस दर्ज हैं। कानड़ में हुई लूट के मामले में आरोपित कार्तिक फरार है। उस पर तीन हजार रुपये का भी इनाम घोषित है। पुलिस ने कार्तिक सहित उसकी मां व बहन को गिरफ्तार कर लिया। तीनों के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने का केस दर्ज किया गया है।

## चाचौड़ा से आप प्रत्याशी ममता मीना, पति-पुत्र और भाई सहित 12 पर एफआईआर दर्ज

**राजगढ़।** गुना जिले की चाचौड़ा विधानसभा सीट से आम आदमी पार्टी से चुनाव लड़ रही पूर्व विधायक ममता मीना, उनके पति, पुत्र व देवर और भाई सहित 12 लोगों के खिलाफ राजगढ़ जिले के सुठालिया थाने में एफआइआर दर्ज की है। शिकायत के बाद पुलिस ने 12 पर मामला दर्ज कर लिया है।

फरियादी पहलवान सिंह ने सुठालिया थाने में उपस्थित होकर शिकायत की थी कि वह और भीमा सोलंकी, लखन मीना और सुरेंद्र मीना चार पहिया गाड़ी से चाचौड़ा विधानसभा की भाजपा प्रत्याशी प्रियंका मीना का उकावद-मधुसूदनगढ़ से प्रचार-प्रसार कर वापस लौट रहे थे। इस दौरान पारसना के आगे उनकी कार को एक चार पहिया वाहन ने ओवरटेक किया और ग्राम लालपुरिया गांव के मोड़ पर रोक लिया।

कुछ समय बाद ममता मीना और रघुवीर सिंह मीना कुछ लोगों के साथ आ गए और हमसे कहा कि तुम प्रियंका का प्रचार क्यों कर रहे हो। जिसके बाद उनके साथ मारपीट की गई। मामले की शिकायत पर पुलिस ने आप पार्टी की प्रत्याशी और पूर्व विधायक ममता मीना, पूर्व आईपीएस रघुवीर सिंह मीना, पुत्र आकाश मीना निवासी अजगरी जिला गुना, मनोज बीनागांव, रामू निवासी अजगरी, भारतसिंह अजगरी, रामू शर्मा लाखोरी, नेमी मीना पटोंदी, समंदरसिंह, भाई श्याम मीना बडोदिया, जीतू मीना गादेर व पप्पू मीना दीतलवाड़ा के खिलाफ एफआइआर दर्ज की है।

### प्रशिक्षण में अनुपस्थित कर्मचारियों पर गिरी गाज

**राजगढ़।** प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने पर कलेक्टर एवं जिला निवार्चन अधिकारी ने दो कर्मचारियों को निलंबित कर दिया है। पांच नवंबर को राजगढ़ स्थित आइटीआइ में डयूटी लगने वाले कर्मचारियों का प्रशिक्षण रखा गया था। जहां ब्यावरा कृषि उपज मंडी के सउनि दौलतराम को ट्रेनिंग में शामिल होना था, लेकिन वह नहीं पहुंचे। मोबाइल पर सूचना देने के बाद वह दूसरे सत्र में दोपहर तीन बजे पहुंचे। निरीक्षण करने के लिए जिला पंचायत सीईओ वहां पहुंचे थे। जहां सीईओ को वह प्रशिक्षण कक्ष के बाहर पाए गए और सीईओ से अनुचित व्यवहार किया। ऐसे में यादव को निलंबित कर दिया है। इसके अलावा नरसिंहगढ़ ब्लाक के भीलखेड़ी गांव में पदस्थ माध्यमिक शिक्षक मनोज कुमार सिसोदिया को भी निलंबित कर दिया है।

## नवीन शिक्षक वर्ग को अब तक नहीं मिला सातवें वेतनमान का एरियर

**भोपाल।** सातवें वेतनमान का एरियर की राशि नहीं मिलने से नाराज शिक्षकों ने जिला शिक्षा अधिकारी (डीइओ) के खिलाफ आंदोलन का ऐलान किया है। अध्यापक संवर्ग से नवीन शिक्षक वर्ग में गए शिक्षकों को अब तक एरियर की राशि नहीं मिली है। शिक्षक संगठनों का आरोप है कि द्वारा शासन के आदेशों का पालन नहीं किया जा रहा है। इसे लेकर शिक्षक संगठनों ने प्रमुख सचिव रश्मि अरूण शमी को पत्र लिखकर एरियर भुगतान की मांग की है। शासकीय शिक्षक संगठन के जितेंद्र शाक्य व उपेंद्र कौशल ने बताया कि पत्र में नवीन शिक्षक संवर्ग (अध्यापक संवर्ग) को सातवें वेतनमान के एरियर की चतुर्थ किश्त का भुगतान के लिए लोक शिक्षण संचालनालय की आयुक्त ने सभी संयुक्त संचालक एवं जिला शिक्षा अधिकारियों को 31 मई 2023 तक करने के निर्देश दिए थे।

## भोपाल में कर्मचारी मंच का मतदाता महादान अभियान शुरू

**भोपाल।** मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच के नेतृत्व में कर्मचारियों द्वारा आज मतदान महादान अभियान तुलसी नगर सेकंड स्टाफ कर्मचारी कॉलोनी से शुरू किया गया अभियान की शुरुआत कर्मचारियों द्वारा शादी में कन्यादान और लोकतंत्र में मतदान जरूरी है के नारे के साथ किया गया मतदान महादान अभियान तुलसी नगर शिवाजी नगर 74 बंगला कर्मचारी अधिकारी कॉलोनी में चलाया गया अभियान के दौरान कर्मचारी मंच के पदाधिकारी ने कर्मचारी एवं उनके परिवार से अपील करी की मतदान के दिन सब काम छोड़कर पहले मतदान करें बाद में दूसरा काम करें मतदान करते समय निर्वाचन आयोग की नियमों का ध्यान जरूर रखें ताकि मतदान सही हो निरस्त न हो कर्मचारी साथियों को 100त्न मतदान का संकल्प दिलाया गया मतदान महादान अभियान में अशोक पांडे सुनील पाठक शिव प्रसाद सांगुले सत्येंद्र पांडे गणेश शुक्ला भगवान दास बिल्लोरे श्यामलाल विश्वकर्मा चांद सिंह थावरिया भील हरि सिंह गुर्जर लव प्रकाश पाराशर राकेश वर्मा प्रेम नारायण सिंह परिहार श्याम बिहारी सिंह राजेंद्र शर्मा हरि सिंह सोलंकी प्रीतम मेहर कमलेश गोरे देवराज विश्वकर्मा भूपेंद्र पांडे दिनेश मालवीय आदि सैकड़ो कर्मचारी शामिल थे

## पुलिस हवलदार के घर के ताला तोड़कर चोरी

भोपाल। राजधानी में आचार संहिता की कड़ी सुरक्षा के बीच में लगातार चोरी की घटनाएं सामने आ रही है, बदमाश पुलिस कर्मचारियों के घर में भी चोरी करने से नहीं चूक रहे हैं।ऐसा ही मामला रातीबड़ के लेकब्यू कालोनी में रहने वाले पुलिस हवलदार के यहां सामने आया है। शातिर चोर उनके घर ताला तोड़कर घर में प्रवेश किया और उनके कार की चाबी मिली और उनके घर से कार चोरी करके फरार हो गए।घटना के समय वह घर पर नहीं थे। पुलिस ने शिकायत पर एफआइआर दर्ज कर ली है। रातीबड़ थाने के एसआइ उदय सिसोदे ने बताया कि लेकब्यू कालोनी निवासी राजेश गिरी एसएएफ पुलिस ने में हवलदार है। चार नवंबर को उनके स्वजन बाहर गए हुए थे और वह अपनी ड्यूटी पर चले गए थे।इस दौरान अज्ञात बदमाशों ने उनके मकान के बाहर लगा ताला तोड़कर घर के अंदर प्रवेश किया। जहां पूरे घर की तलाशी ली, इस दौरान बदमाशों को घर में ज्यादा सामान तो नहीं मिला,लेकिन पुलिस हवलदार की कार की चाबी मिल गई और बदमाश कार की चाबी से गेट खोलकर कार लेकर फरार हो गए। जब शाम को राजेश गिरी घर पहुंचे तो तब इस चोरी का पता चला।

## हाईराइज के नियमों में उलझे इंदौर में स्टार्टअप पार्क, चुनाव बाद समाधान संभव



**इंदौर।** इंदौर के युवाओं के स्टार्टअप को ऊंचाई पर पहुंचाने के लिए सुपर कारिडोर पर बहुमंजिला स्टार्टअप पार्क बनाया जाना है, लेकिन इसकी सुविधा प्राप्त करने के लिए युवाओं को इंतजार करना होगा। स्टार्टअप पार्क हाईराइज के नियमों में उलझ गया है।

इंदौर विकास प्राधिकरण (आइडीए) ने 90 मीटर ऊंचाई की इमारत बनाने की योजना के साथ फाइल टीएंडसीपी (टाउन एंड कंट्री प्लानिंग) को भेजी थी। यहां से नियमों का हवाला देकर फाइल वापस आ चकी है। अब आइडीए ने मध्य प्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम संशोधन 2019 की धारा के प्रविधानों में बदलाव कर अनुमति देने के लिए फाइल शासन को भेजी है। चुनाव की अधिसूचना लागू होने से इसका समाधान नहीं हो सका। अब चुनाव बाद ही हल निकल सकता है।

इंदौर और प्रदेश के युवाओं के सपनों को उचित मंच देने के लिए सुपर कारिडोर पर बहुमंजिला स्टार्टअप पार्क बनाने की योजना तैयार की गई है। आइडीए ने 90 मीटर ऊंचाई में बहुमंजिला इमारत बनाने की प्लानिंग तैयार कर फाइल टीएंडसीपी को भेजी थी, लेकिन यहां से 75 मीटर का नियम होने का हवाला देकर फाइल लौटा दी गई। आइडीए के मुख्य कार्यपालिक अधिकारी आरपी अहिरवार का कहना है कि हाईराइज नियमों में बदलाव के लिए शासन को फाइल भेजी है। नगरीय प्रशासन विभाग के अधिकारियों को हाईराइज इमारत का प्रजेंटेशन देना है। अनुमति मिलने के बाद इसका निर्माण शुरू कर दिया जाएगा।

### 50 साल बाद भी रहेगी आधुनिक

स्टार्टअप पार्क की इमारत भविष्य के सभी मापदंड पूरे करेगी। आने वाले 50 साल तक इमारत आधुनिकता के सभी मापदंड पूरे कर सके, इसके लिए मलेशिया की कंपनी से इसकी डिजाइन तैयार करवाई गई है। इमारत की दीवारों पर जहां सूर्य की रोशनी अधिक पड़ेगी, वहां पर सोलर थर्मल स्क्रीन लगाई जाएगी। पारदर्शी स्क्रीन बाहर से देखने में कांच की दीवार की तरह दिखेगी।

### एमओएस के नियमों में करना होगा बदलाव

सुपर कारिडोर पर हाईराइज बिल्डिंग की ऊंचाई का आधा फ्रंट एमओएस छोड़ना होगा। 90 मीटर ऊंचाई की बिल्डिंग बनाने में 45 मीटर का फ्रंट एमओएस छोड़ना होगा। साइड एमओएस भी छोड़ना पड़ेगा। इसमें आधे से ज्यादा प्लाट चला जाएगा। इसके बाद इमारत के लिए उचित स्थान नहीं बचेगा। एमओएस के प्रविधानों में बदलाव करना होगा।

## 1200 से अधिक आशा कार्यकर्ता कर रहीं ग्रामीण मतदाताओं को जागरूक

**भोपाल।** विधानसभा चुनाव को लेकर जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं । जिससे कि इस चुनाव में बीते चुनाव की अपेक्षा मतदान प्रतिशत बढ़ सके । इसी के तहत जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में 1200 आशा कार्यकर्ताओं के द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए तरह-तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। आशा कार्यकर्ताओं के द्वारा ग्रामीणों को संदेश दिया जा रहा है कि मतदान दिवस 17 नवंबर को सभी काम छोड़कर सबसे पहले वह अपने मताधिकार का उपयोग करें। जिले के ग्रामर क्षेत्र में आशा कार्यकर्ताओं के द्वारा दीवार लेखन के माध्यम से मतदान के प्रति प्रेरित करने के लिए दीवार लेखन कर




संदेश दिए जा रहे हैं। जिसमें 18 वर्ष से अधिक उम्र के प्रत्येक नागरिक को 17 नवंबर 2023 को आयोजित मतदाता दिवस पर बढ़-चढ़कर मतदान में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसके साथ ही टीकाकरण के लिए आने वाले अभिभावकों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है ।

### लोकतंत्र की सुनो पुकार मत खोना अपना मत अधिकार

मतदाताओं को जागरूक करने के लिए और मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए शासकीय नवीन कालेज के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत स्वीप गतिविधि के अंतर्गत मल्टीमीडिया वेन का आयोजन शहर के अलग-अलग हिस्सों में अनूठे अंदाज में किया गया। भोपाल रेलवे स्टेशन, पुरानी सब्जीमंडी, भीम नगर ओर न्यू मार्केट में सभी लोगो को मतदान करने के लिए जागरूक किया। अपने अनूठे अंदाज में स्वयं सेवकों ने मोटू,पतलू, टाम एंड जेरी, छोटा भीम जैसे ड्रेसअप पहन कर सभी स्वयं सेवकों ने अपने हाथो में मतदाता जागरूकता के पोस्टर लेकर सभी को मतदान के लिए जागरूक किया। अभियान की आमजन ने भी काफी सराहना की।

## बदला मौसम, ठंड गायब, दिन में बढ़ रहा तापमान



**भोपाल।** मध्य प्रदेश में मौसम अनमना बना हुआ है। प्रदेश के अधिकांश जिलों का अधिकतम तापमान तो बढ़ ही रहा है। न्यूनतम तापमान में भी बढ़त दिख रही है। राजधानी भोपाल, ग्वालियर, इंदौर और जबलपुर के न्यूनतम तापमान में भी पिछले दिनों के मुकाबले वृद्धि हो रही है। मौसम वैज्ञानिक इस बात से हैरान हैं कि आम तौर पर नवंबर के दूसरे हफ्ते में गुलाबी ठंडी दस्तक दे देती है, लेकिन इस बार ऐसा नहीं हो रहा है।

प्रदेश के अधिकांश जिलों का अधिकतम तापमान ज्यादा होने से लोगों को ठंडक का अहसास नहीं हो रहा है। प्रदेश के अधिकतम तापमान में वृद्धिदर रविवार को भी जारी रही। दो जिले मंडला और गुना में तो तापमान 34 डिग्री सेल्सियस पार कर गया। मंडला में 34.4 तो वहीं गुना में 34.2 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ। प्रमुख शहरों के तापमान की बात करें तो भोपाल में भी तापमान बढ़कर 33.9 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। रतलाम में 33.2, उज्जैन में 33.4, जबलपुर में 32.4, रीवा में 32.6, सतना में 33.4, ग्वालियर में 33.1, इंदौर में 31.3, खंडवा में 32.5, खरगोन में 33.2 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान दर्ज हुआ। वहीं, न्यूनतम तापमान की बात की जाये तो प्रदेश के सात जिलों का तापमान 15 डिग्री सेल्सियस की नीचे रिकार्ड हुआ। इसके अलावा अन्य सभी जिलों का तापमान में वृद्धि दर्ज हुई। प्रदेश में सबसे कम तापमान छिंदवाड़ा जिले में 13.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड हुआ।

मंडला में 13.5, बालाघाट के मलाजखंड में 14.1, उमरिया में 14.2 बैतूल में 14.5, खंडवा में 14, रायसेन में 14.6, राजगढ़ में 14 डिग्री सेल्सियस तापमान पहुंच गया। वर्तमान में मौसम को देखते हुए लग रहा है कि प्रदेश में दीपावली यानि की 12 नवंबर तक ठंड दस्तक दे सकती है। 15 नवंबर के बाद से अधिकतम तापमान के साथ ही न्यूनतम पारा में भी गिरावट आने का अनुमान है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि वर्तमान में पश्चिमी डिस्टरबेंस कमजोर हो गया है। प्रदेश के उत्तरी हिस्से में एक प्रति चक्रवात बना हुआ है। यह प्रति चक्रवात प्रदेश में उत्तर भारत से ठंडी हवा आने से रोक रहा है। इस कारण प्रदेश की हवा का रुख पूर्वी हो गया है। इसी के चलते प्रदेश की ज्यादातर हिस्सों में तेज ठंड नहीं पड़ रही है।

